GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-15-09-2024

# हेल्प लाइन पर फोन कर दर्ज करा सकते हैं शिकायत

**गोरखपुर (एसएनबी)**। शनिवार को पुलिस लाइन के व्हाइट हाउस में साइबर सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे गोरखपुर के उद्यमियों और व्यापारियों को साइबर फ्रड के प्रति जागरूक किया गया। साइबर क्राइम से बचने के लिए व्यापारियों को जागरूक किया गया बल्कि हेल्प लाइन 1930 पर फोन कर सूचना देने पर शिकायत भी दर्ज की जा सकती हैं।

बैठक में एसपी क्राइम सुधीर जैसवाल, इंस्पेक्टर संदीप कुमार सिंह, प्रभारी साइबर सेल गोरखपुर, पदेच मो. राशिद खान प्रभारी साइबर थाना, साइबर एक्सपर्ट एसआई दिव्येंदु, शशिकांत जैसवाल, साइबर सुरक्षा सेल सहित साइबर सेल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। साइबर फ्रॉड के लिए हेल्प लाइन नो 1930 पर कोई भी फ्रॉड होने पर कल करके कंप्लेंट दर्ज कर सकते हैं या वेबसाइट पर भी जा कर कंप्लेंट कर सकते है। इसकी जानकारी सहित सुरक्षा के अन्य सावधानियों को बताया गया। इस बैठक में रमेश चंद्र गुप्ता संयोजक संयुक्त व्यापार मंडल, गौरी शंकर शरावगी, प्रखर अग्रवाल, प्रकाश नारायण पाण्डेय, बलराम अग्रवाल, सौरभ सिंह, अरशद समानी, संजय वैश्य, अमित टिबरेवाल, जितेंद्र शुक्ला, सुरेश सुद्रणिया, दिनेश जैसवाल आदि कई व्यापारी उपस्थित रहे।

# कर्ज से परेशान दुकानदार ने दी थी चोरी की झूठी सूचना

**बेलीपार (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के बरईपार सोकहना मोड पर स्थित चौरसिया बूट हाउस एवं जनरल स्टोर की दुकान मालिक सिद्धनाथ चौरसिया के पुत्र अमित चौरसिया द्वारा 13 सितंबर शुक्रवार की रात्रि दुकान में चोरी की दी गई सूचना, पुलिस की जांच में झूठी निकली। दुकान मालिक सिद्धनाथ चौरसिया ने बेलीपार पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था की शुक्रवार की रात 9 बजे दुकान बंद करके घर चला गया। उसके बाद उसकी दुकान में रखा 25000 नगदी सहित करीब तीन से चार लाख रूपए मूल्य का सामान चोरी हो गया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से जब जांच की तो रात्रि करीब एक बजे दुकान का मालिक दुकान में सामानों को इधर-उधर करते दिखा। जिस आधार पर जब पूछताछ की गई तो उसने पुलिस को बताया कि अपने परिचितों तथा बाजार के कई लोगों से काफी धनराशि उधार लिया है। दुकान का किराया भी कई माह का बकाया है। जिस कारण उसके ऊपर काफी कर्ज हो गया था। मकान मालिक तथा अन्य देनदारों द्वारा आए दिन रुपए मांगने से परेशान होकर मैंने चोरी की झूठी सूचना दी थी। पुलिस की जांच में यह भी पता चला कि दुकानदार सिद्धनाथ चौरसिया स्वंय अभ्यस्त अपराधी है तथा पहले चोरी के अपराध में कई बार जेल जा चुका है। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ में उसने अपने मकान के पीछे ले जाकर छिपाए गए सामान को भी बरामद करा दिया। सिद्धनाथ चौरसिया के ऊपर बेलीपार थाने में मुकदमा अपराध संख्या 334/19धारा 323 ,325, 504 भादवी 3(1)(द)(ध)एससी एसटी एक्ट, 2016 में धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट, 2015 में धारा 380, 457 ,411 भादवी तथा थाना बांसगांव में धारा 380,457 भादवी के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत है।

# खोराबार के नये थानेदार बने नीरज राय

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शुक्रवार की देर रात एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने खोराबार थानेदार नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव को मेडिकल अवकाश पर भेज दिया जबकि पुलिस लाइन में तैनात दरोगा नीरज राय को नया खोराबार थानेदार पद की जिम्मेदारी दी है। खोराबार थाने के सनहा में आजाद निषाद नामक युवक की हत्या के बाद पुलिस विभाग में हलचल बढ़ गयी थी। थानेदार की तबियत खराब होने की वजह से वह अवकाश पर थे। घटना को लेकर एसएसपी ने पुलिस लाइन में तैनात दरोगा नीरज राय को खोराबार थानेदार के पद पर तैनात कर दी।

# पति सहित पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस

**बांसगांव (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के मंसुरिया माल्हनपार में व्याही एक विवाहिता की तहरीर पर बांसगांव पुलिस ने उसके पति समेत पांच के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पिपरौली बाजार थाना गीडा निवासी जितेंद्र गुप्ता ने अपनी बेटी लक्ष्मी गुप्ता की शादी बांसगांव थाना क्षेत्र के मंसुरिया माल्हनपार गांव निवासी सोनू गुप्ता पुत्र राजेंद्र गुप्ता से यथा संभव मांग के अनुसार दान दहेज देकर किया था। शादी के एक सप्ताह बाद तक तो ठीक रहा लेकिन उसके बाद दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर लक्ष्मी गुप्ता को उसके पति समेत अन्य लोग प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि उनके द्वारा दो लाख रुपए और नकद तथा एक अच्छी बाइक की मांग की जा रही थी। और दहेज देने से इनकार करने पर पति और अन्य लोग लक्ष्मी गुप्ता को प्रताड़ित करने लगे। बांसगांव पुलिस ने पीड़ित विवाहिता की तहरीर पर उसके पति सोनू गुप्ता, सास सुन्दरावती देवी, ससुर राजेन्द्र गुप्ता, देवर गोलू गुप्ता, ननद खुशबू गुप्ता के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# शशांक राय की हत्या मामले में तीन पर केस

जासं, जानीपुर : तरैना नाले में युवक का शव मिलने के मामले में गोला थाना पुलिस ने तीन युवकों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि पार्टी में बुलाने वाले दोस्तों ने हत्या करने के बाद शव को तरैना नाले में फेंक दिया। बनकटा गांव के रहने वाले धनंजय राय ने गोला थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार की शाम को उनके बेटे शशांक राय को गांव के मनीष राय, विक्की राय व सुरदापार के सुनील शुक्ला ने फोन करके बुलाया था। शराब पिलाने के बाद हत्या करके शव को नाले में फेंक दिया।

# सड़क दुर्घटना में एएनएम की मौत, एक घायल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पिपराइच-गोरखपुर मार्ग पर शनिवार अपराह्न पतरा गांव के फकीराना टोला के निकट ऑटो और बाइक में जोरदार टक्कर हो गयी। घटना में ऑटो सवार एएनएम की मौत हो गयी जबकि बाइक सवार का पैर टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

**पिपराइच कार्यालय** के मुताबिक पीपीगंज थाना क्षेत्र के रसूलपुर चकिया निवासी राजनाथ सिंह की 24 वर्षीया बेटी नीलम सिंह कुशीनगर जिले के सुकरौली ब्लॉक क्षेत्र के एक गांव में स्वास्थ्यकर्मी (एएनएम) के रूप में तैनात थी। शनिवार को ड्यूटी पूरी करने के बाद वह ऑटो से गोरखपुर जा रही थी। पिपराइच-गोरखपुर मार्ग पर शनिवार अपराह्न पतरा गांव के फकीराना टोला के निकट ऑटो और बाइक में जोरदार टक्कर हो गयी। घटना में एएनएम की मौके पर मौत हो गयी।

# किशोर से चोरी करवाए मां के गहने, आरोपित पर केस

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : रामगढ़ताल के बुद्ध विहार पार्ट ए में रहने वाले किशोर ने कालोनी के युवक की बातों में आकर मां के गहने चुराकर उसे दे दिए। एक कार्यक्रम में जाने के लिए महिला ने जब अलमारी खोली तो घटना की जानकारी हुई। खोजबीन करने पर किशोर ने मां को घटना की जानकारी दी तो पिता ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया।

योगेश चंद्र यादव ने तहरीर में लिखा है कि बेटे की कालोनी में रहने वाला संस्कार उनके बेटे से रात तक बात करता था। बहला-फुसलाकर शराब पिलाने के साथ ही नशा कराने लगा। बेटे को बुलाकर वह कई बार पिस्टल और बंदूक भी दिखा चुका है। बेटे ने बताया कि संस्कार उसे बड़े-बड़े फ्लैट में ले जाता था जहां उसकी उम्र के और लड़के आते थे। वहां शराब, सिगरेट, हुक्का और नशे की व्यवस्था रहती थी। उसके कहने पर मां के गहने चुराकर दे दिए। उसने कहा था कि गहने चोरी करके दोगे तो तुम्हें कार और रुपये दूंगा। झांसे में आकर 13 अगस्त को उसने आलमारी से गहने चोरी कर लिए।

# हास्पिटल से फुटेज डिलीट करने वाले दो हिरासत में

जासं. मुंडेरा बाजार : बस स्टेशन स्थित निमिषा हास्पिटल में बच्ची की मौत के बाद बंद हास्पिटल खोलकर कर्मचारी सन्तोष जायसवाल व मैकेनिक ने सीसी कैमरे का फुटेज डिलीट कर दिया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर डीवीआर कब्जे में ले लिया। बुधवार को पुराना बस स्टेशन निवासी सद्दाम की नौ वर्षीय पुत्री सना की उपचार के दौरान मौत हो गयी थी। इसके बाद डॉक्टर ने उसे मेडिकल कालेज के रेफर किया था। स्वजन उसे लेकर एम्स लेकर पहुंचे तो पता चला कि दो घंटे पहले ही उसकी मौत हो चुकी है। इसके बाद परिवार के लोग शव लेकर अस्पताल पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया।

# चोरी के सामानों के साथ पांच गिरफ्तार

**सिकरीगंज (एसएनबी)।** स्थानीय थाना पुलिस ने क्षेत्र के एक्सप्रेस-वे पुल के पास से पांच चोरों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के ट्रांसफार्मर के कॉपर और एल्युमिनियम वायर, आयरन फ्रेम सहित अन्य सामान बरामद किया। पूछताछ में चोरों ने बताया कि वह सामानों को बेचने के लिए कुई बाजार ले जा रहे थे। पूछताछ में चोरों ने अपना नाम चंदन पांडे पुत्र दिलीप पांडे निवासी चांदपार थाना गोला बाजार, सत्येंद्र विश्वकर्मा पुत्र शेषनाथ विश्वकर्मा निवासी भैंसा बाजार थाना बांसगांव, सचिन मौर्य पुत्र राम सिंह मौर्य, उमेश मौर्य पुत्र वीरेंद्र मौर्य व रोशन कुमार पुत्र प्रेमचंद निवासीगण चांदपार थाना गोला बाजार बताया। पुलिस ने इनके कब्जे से 16 किग्रा. कापर वायर, ट्रांसफार्मर के अंदर 26 किग्रा. लगा लोहा पत्ती, एल्यूमीनियम वायर 6 किग्रा, ट्रांसफार्मर आयरन फ्रेम 60 किग्रा. बरामद किये जाने का दावा किया है। पुलिस आरोपितों को मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश की जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपितों द्वारा घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक और स्कूटी को भी कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। गुडवर्क टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना गोला कमलेश कुमार, उप निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह, उपनिरीक्षक आसिफ परवेज,कांस्टेबल चंदन खरवार, कांस्टेबल मिथिलेश यादव व संदीप शामिल रहे।

# युवक की मौत के मामले में दोस्तों पर केस

**गोला बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** गोला इलाके के बनकटा गांव के युवक की मौत के मामले में पुलिस ने दोस्तों पर हत्या कर साक्ष्य छिपाने का केस दर्ज कर लिया। दरअसल, संदिग्ध हाल में शव मिलने के बाद ही पिता ने दोस्तों पर हत्या की आशंका जाहिर करते हुए तहरीर दी थी। पोस्टमार्टम में चोट आने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

बनकटा निवासी पिता धनंजय राय ने गोला थाने में केस दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि बेटा शशांक राय उर्फ निहान गांव के दो दोस्तों के साथ गुरुवार की शाम चार बजे दो बाइक से कौड़ीराम जाने के लिए कह कर घर से गया। लेकिन, रात में घर नहीं आया, जबकि उसके दोनों दोस्त घर आ गए थे। पिता ने रात में ही पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने रात में ही उसे तलाशना शुरू कर दिया। चिलवा पुल के पास शशांक की बाइक लावारिस हाल में मिली।

# नर्सिंग होम का डीवीआर बदलते दो को दबोचा

चौरीचौरा। चौरीचौरा इलाके के नर्सिंग होम में लगे सीसी टीवी कैमरे के डीवीआर बदलते दो लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। दरअसल, इसी नर्सिंग होम में एक 9 साल की बच्ची की मौत हो गई थी। इस मामले में परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था और थाने में तहरीर दी थी। बुधवार को पुराना बस स्टेशन निवासी सद्दाम की 9 वर्षीय पुत्री सना की उपचार के दौरान निमिषा सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में मौत हो गई थी। पुलिस ने अस्पताल कर्मचारी सन्तोष जायसवाल और सीसीटीवी मैकेनिक को पकड़ लिया।

2023 में खोराबार, पिपराइच, शाहपुर, गगहा-गीडा में अवैध धर्मान्तरण पर केस

# सख्ती हुई तो गोरखपुर में बंद हुआ धर्म परिवर्तन का प्रयास

## अवैध धर्मान्तरण

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता । पुलिस की सख्ती से गोरखपुर में धर्म परिवर्तन की घटनाएं करीब-करीब थम गई हैं। पुलिस अफसरों ने सभी थानेदारों को इसको लेकर हिदायत दी थी। वहीं 2023 में सामने आई घटनाओं में पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई की थी। यही वजह थी कि 2024 में कोई नया मामला सामने नहीं आया है।

धर्म परिवर्तन कराने वाले लोगों के शिकार सबसे ज्यादा दलित वर्ग के लोग हो रहे थे। बीमारी ठीक करने के बहाने प्रार्थना सभा में बुलाकर उन्हें लालच दिया जाता था । 2023 में हिन्दू से ईसाई धर्म में परिवर्तिन करने के प्रयास के कई मामले आए। खोराबार, शाहपुर, गीडा, गगहा और पिपराइच इलाके में प्रार्थना सभा के जरिए धर्म परिवर्तन का प्रयास किया गया। पुलिस ने इन सभी मामलों में भी आरोपितों पर कार्रवाई की।

### गीडा इलाके में मकान मालिक ने कराया था केस

28 अगस्त 2023 को गीडा सेक्टर-13 स्थित एक मकान की ऊपरी मंजिल पर कुछ लोगों द्वारा धर्म परिवर्तन कराने की सूचना पर पहुंचे मकान मालिक ने गीडा थाने में तीन लोगों के खिलाफ धर्म परिवर्तन कराने की धारा में केस दर्ज कराया। मकान मालिक सन्तराज सिंह की तहरीर पर रामाधीन शर्मा, राजेश,और रामचन्द्र पर उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध सम्परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम -2021 की धारा 3 और 5 (1) के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### लालच दिखा धर्म परिवर्तन का प्रयास कर रहा था सुभाष राना

2023 में ही गगहा में सुभाष राना नामक युवक पर केस हुआ था। वह लालच और डर को हथियार बनाकर दलित वर्ग के लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए फंसाना शुरू किया था। बिना काम किए ही एसो आराम की सुविधा वाली जिंदगी जीने का सपना दिखाता और कुछ लोगों को नकद रुपये भी देता था। बिना मेडिकल की डिग्री लिए ही वह गंभीर बीमारी जैसे कैंसर,पेट दर्द, कान बहना, घुटने का दर्द आदि का फर्जी तरीके से पानी पिलाकर इलाज करता था।

प्रत्येक मामले में इन लोगों ने दलित वर्ग के लोगों को ही अपने निशाने पर लिया था। ये महिलाओं को इस तरह झांसे में लेते थे कि कार्रवाई होने पर महिलाएं धरना-प्रदर्शन तक करने लगतीं। पिपराइच इलाके में हुई घटना के बाद महिलाओं ने थाने का घेराव किया था। वहीं खोराबार इलाके में हुई घटना में शामिल वाराणसी का युवक कई साल से शहर में रानीडिहा में रहकर देहात के गांवों में दलित वर्ग को निशाना बना रहा था। गगहा इलाके में सुभाष राना नामक युवक दलित वर्ग के लोगों का धर्म परिवर्तन करा रहा था पुलिस ने सभी पर केस दर्ज किया है।

# अब 14 साल से उम्रकैद तक की सजा

## प्रावधान

- दिव्यांग, किशोर, दलित-महिला के धर्मान्तरण पर 14 साल तक कैद
- नोटिफिकेशन के बाद थानेदारों को सर्कुलेट की गई गजट की कापी

"अवैध धर्म परिवर्तन को लेकर नए कानून से सभी थानेदारों को अवगत करा दिया गया है अब इसी कानून के तहत केस दर्ज किया जाएगा।

- जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, एसपी नार्थ

गोरखपुर। वरिष्ठ संवाददाता । अवैध तरीके से धर्म परिवर्तन कराने वालों का बच निकलना अब असान नहीं होगा। प्रदेश सरकार ने अवैध धर्म परिवर्तन को लेकर सख्त कानून लागू कर दिया है। सभी थानेदारों को इस कानून से अवगत कराते हुए अब इसी के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

नए कानून में अवैध धर्म परिवर्तन की फंडिंग करने वालों से लेकर धर्म परिवर्तन कराने वालों पर सजा का प्रावधान है। अलग-अलग कटेगरी में यह सजा 14 साल से लेकर 20 साल या उम्रकैद तक हो सकती है। यही नहीं, मुकदमा दर्ज कराने के लिए परिवार के व्यक्ति का होना अब जरूरी नहीं होगा कोई भी व्यक्ति मुकदमा दर्ज करा सकता है।

नए प्रावधान में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति जो धर्म परिवर्तन कराने के इरादे से किसी व्यक्ति को डराता है, बल का प्रयोग करता है, विवाह का वादा करता है, मानव तस्करी के लिए षड्यंत्र रचता है, उसे कम से कम 20 वर्ष के कठोर कारावास या आजीवन कारावास से दंडित किया जाएगा ।

वहीं, अवैध धर्म परिवर्तन के लिए किसी विदेशी या अवैध संस्था से धन प्राप्त करने पर कम से कम सात वर्ष या 14 वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया जाएगा। न्यूनतम 10 लाख रुपये का जुर्माना भी देना होगा।

# गैंगस्टर ने गढ़ी चोरी की झूठी कहानी

## कैमरे से खुली करतूत, दुकान का किराया बकाया होने पर दी थी चोरी की सूचना

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बेलीपार इलाके के एक गैंगस्टर ने दुकान में चोरी होने की झूठी कहानी रचकर पुलिस को सूचना दे दी। जब पुलिस ने जांच पड़ताल की तो सीसीटीवी कैमरे की मदद से गैंगस्टर की पोल खुल गई।

गैंगस्टर ने बताया कि उसने कई लोगों से कर्ज लिया है और उसकी दुकान का किराया भी कई महीने से बाकी था, इसलिए उसने झूठी सूचना दी। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया।

पुलिस के अनुसार, बेलीपार के सोकहना निवासी सिद्धनाथ चौरसिया ने शनिवार को थाने पर सूचना देकर बताया कि उनके पिता की दुकान चौरसिया बूट हाउस एवं जनरल मर्चेंट डवरपार में है। शुक्रवार की रात अज्ञात लोगों द्वारा दुकान से नकदी और सामान चोरी कर लिया गया है। रात करीब नौ बजे वह दुकान बंद कर चला गया था। सुबह जब मेरा बेटा अमित वहां गया तो उसने दुकान खुली देख मुझे चोरी की सूचना दी। सिद्धनाथ ने बताया कि दुकान से करीब तीन-चार लाख रुपये का सामान और गल्ले में रखा 25 हजार रुपया चोरी हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की।

पुलिस ने गांव में ही आसपास के लोगों से पूछताछ की तो बताया गया कि सिद्धनाथ चौरसिया बदमाश है। पूर्व में कई बार जेल जा चुका है। दुकान जिस मकान में है, उसका किराया भी कई माह से बकाया है।

पुलिस ने दुकान के पास लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखा तो सिद्धनाथ चौरसिया शुक्रवार को रात करीब एक बजे तक अपनी दुकान में मौजूद दिखा।

> दुकानदार ने चोरी की झूठी सूचना दी थी। सीसीटीवी कैमरे से उसकी करतूत पकड़ ली गई। उसपर पहले से गैंगस्टर समेत कई केस भी थाने में दर्ज हैं। उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।
> -जितेंद्र कुमार, एसपी दक्षिणी

# 'त्योहारों में हों सुरक्षा के व्यापक इंतजाम'

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि त्योहारों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम होना चाहिए। इसमें लापरवाही न होने पाए, अभी से इसकी तैयारी कर लें। बाढ़ को लेकर भी सतर्क रहें। लगातार इसकी निगरानी करते रहें। मुख्यमंत्री ने शनिवार को ये निर्देश गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ बैठक में दी। उन्होंने कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा की। कहा कि आगामी दिनों में लगातार त्योहार हैं। सुरक्षा के साथ किसी को खिलवाड़ की इजाजत नहीं है। इसे लेकर खास सतर्कता बरतें। मुख्यमंत्री ने जिले में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी ली और सभी परियोजनाओं को समय से गुणवत्तापूर्वक पूरा कराने का निर्देश दिया। कहा कि संबंधित अधिकारी परियोजनाओं को नियमित रूप से निगरानी करते रहें। ब्यूरो

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-15-09-2024

# प्राण घातक हमला, चार पर मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर में पुरानी रंजिश को लेकर धारदार हथियार से हमला कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया। इस मामले में पीड़ित की मां ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर चार के खिलाफ प्राण घातक हमले का मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में विमला देवी पत्नी रामप्रकाश निषाद ने आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर मेरे पुत्र बिजेन्द्र को लाठी डण्डे व धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया गया है। पुलिस ने पीड़िता के तहरीर पर उक्त गांव निवासी राहुल, शिवम पुत्रगण रमेश निषाद, लक्ष्मीना कुमारी पुत्री रमेश, अमरेन्द्र निषाद पुत्र रामनाथ निषाद के खिलाफ सुसंगत धाराओं के साथ प्राणघातक हमला करने का केस दर्ज किया गया।

# समाधान दिवस में आए पांच मामले, एक का मौके पर निस्तारण

**सलेमपुर(एसएनबी)।** कोतवाली में शनिवार को तहसीलदार अलका सिंह के देखरेख में समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें राजस्व से जुड़े पांच मामले आए। मौके पर ही तहसीलदर ने एक मामले को निस्तारण करा दिया।

सुबह करीब 10 बजे कोतवाल टीजे सिंह समाधान दिवस में बैठ गए। कुछ ही देर में बारी बारी से हल्का लेखपाल, कानूनगो और फिर तहसीलदार अलका सिंह पहुंची। जहां फरियादियों ने अपनी पीड़ा बताई। एक मामला को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार अलका सिंह ने राजस्व कर्मचारियों के सहयोग से दोनों पक्ष से बात कर मौके पर ही निस्तारण कर दिया। इस दौरान कोतवाल टीजे सिंह, एसएसआई रामचंद्र सिंह यादव, एसआई निरंजन यादव लेखपाल रजनीश मिश्र, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

### थाना दिवस के 19 मामलों में 6 का निस्तारण

**भाटपाररानी/ श्रीरामपुर** में शनिवार को आयोजित थाना दिवस के दौरान थाना भाटपाररानी में महज 4 फरियादियों ने शिकायत दर्ज कराया। जिसमें एक मामले का निस्तारण थानाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय द्वारा करा दिया गया।





सलेमपुर : समाधान दिवस में फरियाद सुनते तहसीलदार एवं कोतवाल। लार : फरियाद सुनती एसडीएम दिशा श्रीवास्तव तथा अन्य अधिकारी।

जबकि तीन मामलों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर दिया गया। यहां राजस्वकर्मी आदि मौजूद रहें।

थाना बनकटा में कुल आठ मामले प्रस्तुत हुए, जिसमें तीन मामले का समाधान हुआ। वही श्रीरामपुर में पांच मामले आए जिसमें एक का निस्तारण हो गया इस दौरान एसडीएम रत्नेश तिवारी,सीओ एसपी सिंह बनकटा में लोगों की समस्या सुने प्रभारी निरीक्षक, लेखपाल व पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

खामपार थाना में आयोजित थाना दिवस में कुल दो फरियादी पहुंचे जिसमें एक मामले का निस्तारण हो सका। यहां थानाध्यक्ष महेन्द्र चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहें।

### सरकारी कार्य मे बाधा डालने वालो पर होगी कार्यवाई : एसडीएम

लार थाने में आयोजित थाना दिवस में एसडीएम दिशा श्रीवास्तव ने पीड़ितों की शिकायत सुन उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इस दौरान कुल 12 शिकायतें आयी जिनमे तीन का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। वही थाना दिवस में पहुची नगर पंचायत लार मठ वार्ड निवासी नरेश पाल की पत्नी ने एसडीएम से शिकायत कर बताया कि धारा 24 के अंतर्गत में भूमि की पैमाईश कर पत्थर लगाया गया था।जिसे एक पक्ष ने उखाड़ कर फेंक दिया।इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम दिशा श्रीवास्तव ने सीओ दीपक शुक्ला व थानाध्यक्ष कपिल देव चौधरी को तत्काल मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि सरकारी कार्य मे बाधा डालने वालो को किसी भी हालत में बख्शा नही जाएगा। उनके ऊपर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई होगी। सीओ दीपक शुक्ल ने बताया कि अधिकतर लोगों की शिकायतें जमीनी विवाद व कब्जा की है।उन्होंने राजस्व निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि मौके पर पहुच समस्याओं का निस्तारण करे। इस दौरान मुख्य रूप से एसडीएम दिशा श्रीवास्तव को दीपक शुक्ला थाना अध्यक्ष कपिल देव चौधरी कानूनगो चंद्र प्रकाश लाल श्रीवास्तव, लेखपाल अभिनव मिश्रा, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश, इंदु प्रकाश पाठक आदि मौजूद रहे।

# 27 साल से फर्जी दस्तावेज पर नौकरी कर रहा चपरासी धराया,गया जेल

**गौरी बाजार(एसएनबी)।** गौरीबाजार क्षेत्र स्थित बखरा इंटरमीडिएट कालेज मे 27 वर्ष से नौकरी कर रहे एक चपरासी को जन्मतिथि में फर्जीवाड़ा को लेकर एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को गौरीबाजार पुलिस ने एसटीएफ प्रभारी के तहरीर पर धोखाधड़ी, जालसाजी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया ,वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

एसटीएफ को शिकायत मिला था, कि गौरीबाजार क्षेत्र के बखरा इंटरमीडिएट कालेज में कार्यरत हरीलाल प्रसाद पुत्र पतरु के हाईस्कूल व कक्षा आठ के प्रमाण पत्रों में अलग-अलग जन्मतिथि दर्ज है। एसटीएफ ने शिकायत के आधार पर जांच किया।मानव संपदा पोर्टल पर भी डिटेल खंगाला। जिसमें पाया कि कूटरचित ढंग से एक प्रमाण पत्र में हरी की जन्मतिथि 1 सितंबर 1967 है जबकि दूसरे प्रमाण पत्र में उसकी जन्मतिथि 15 अगस्त 1976 है। पहली जन्मतिथि के अनुसार रिटायरमेंट वर्ष 2027 में जबकि दूसरी जन्मतिथि के अनुसार 2036 में है। छानबीन में दस्तावेज में फर्जीवाड़ा पाए जाने पर एसटीएफ के तहरीर पर गौरीबाजार थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 419,429,467,468,471 के तहत पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। हरिलाल के परिजनों की माने तो विद्यालय में प्रबंधकीय विवाद के पचड़े के कारण शिकायत पर जाँच हुई। विवाद के अंदेशा में कुछ दिन पूर्व जन्मतिथि में सुधार को लेकर हरीलाल ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था और जन्मतिथि में सुधार की गुहार लगाई थी पर उसे राहत नहीं मिला।इस बावत थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि एसटीएफ की जांच में साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# 152 प्रार्थना पत्र हुए प्राप्त, 41 का निस्तारण

## थाना समाधान दिवस

**देवरिया (एसएनबी)।** शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के समस्त थानों पर कुल 152 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 41 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उचित दिशा निर्देश दिये गये।



फरियादियों की समस्याओं को सुनती डीएम, साथ में एसपी।

इसी क्रम में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा तथा अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा थाना कोतवाली में जनसमस्याओं को सुना गया। थाना कोतवाली पर कुल 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसके निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उचित दिशा निर्देश दिये गये। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह द्वारा थाना खुखुन्दू में जनसमस्याओं को सुना गया। थाना खुखुन्दू पर कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 4 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उनके निस्तारण हेतु संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के संबन्धित अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,34,743 वादों का निस्तारण

**देवरिया(एसएनबी)।** शनिवार को दीवानी न्यायालय परिसर में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल मिलाकर 1,34,743 मामलों का निस्तारण किया गया। प्रतिकर, जुर्माना एवं अन्य मामलों में कुल मु-80,37,00277-रूपये की धनराशि का सेटलमेण्ट किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह के द्वारा कुल 2 वाद का निस्तारण किया गया तथा मु-1,000 -रूपये की धनराशि, प्रतिकर के रूप में दिलाया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी मनोज कुमार राय द्वारा कुल 70 मामलो का निस्तारण किया गया तथा मु 6,13,15,000 -रूपये की धनराशि प्रतिकर के रूप में दिलाया गया।

प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बद्री



फीता काटकर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करते जनपद न्यायाधीश।

विशाल पाण्डेय के द्वारा 6 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया गया। अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम ज्ञान प्रकाश द्वारा 8 वाद तथा अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय तृतीय विकास कुमार द्वारा 27 वादों का निस्तारण किया गया। तथा तहसीलों में स्थापित ग्राम न्यायालय में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम न्यायालय सलेमपुर द्वारा कुल 184 वाद का निस्तारण किया गया तथा मु-1,840 -रूपये की धनराशि, प्रतिकर के रूप में दिलाया गया। ग्राम न्यायालय बरहज द्वारा कुल 173 वाद का निस्तारण किया गया तथा मु-1,730 -रूपये की धनराशि, प्रतिकर के रूप में दिलाया गया।

ग्राम न्यायालय भाटपार रानी द्वारा कुल 157 वाद का निस्तारण किया गया तथा मु-1,560 -रूपये की धनराशि, प्रतिकर के रूप में दिलाया गया।

इसके पूर्व जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह,अन्य न्यायाधीशगण तथा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा फीता काटकर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित किए जाने के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन पर नोडल अधिकारी/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ध्अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने सभी प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# लोक अदालत में 1.34 लाख वादों का निस्तारण

देवरिया, निज संवाददाता। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश, न्यायाधीशगण तथा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने फीता काटकर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया। इसमें 134743 वादों का निस्तारण किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह ने 2 वाद का निस्तारण कर 1,000 -रूपये की धनराशि, प्रतिकर दिलाया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी मनोज कुमार राय ने 70 मामलों का निस्तारण कर 6,13,15,000 -रूपये की धनराशि प्रतिकर दिलाया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बद्री विशाल पाण्डेय ने 6 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया। अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम ज्ञान प्रकाश ने 08 वाद तथा अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय तृतीय विकास कुमार ने 27 वादों का निस्तारण किया। तहसीलों में स्थापित ग्राम न्यायालय में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम न्यायालय सलेमपुर में 184 वाद का निस्तारण कर 1,840 -रूपया प्रतिकर, ग्राम न्यायालय बरहज ने 173 वादों का निस्तारण कर 1,730 -रूपये, ग्राम न्यायालय भाटपार रानी द्वारा 157 वादों का निस्तारण कर 1,560 रूपये का प्रतिकर दिलाया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1,34743 मामलों का निस्तारण कर प्रतिकर, जुर्माना एवं अन्य मामलों में कुल 80,37,00277 रूपये की धनराशि का सेटलमेण्ट किया गया।

## शिकायतों के गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए डीएम ने दिया लक्ष्य

# हर महीने शिकायतों का करें स्थलीय सत्यापन

- महीने की 25 तारीख को शिकायतों के निस्तारण का देना होगा ब्योरा
- एडीएम को 5, एसडीएम, तहसीलदार को 10-10 सत्यापन का लक्ष्य

देवरिया, निज संवाददाता। पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का हर महीने अधिकारी स्थलीय सत्यापन करेंगे। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को 5, जनपद स्तरीय अधिकारी, एसडीएम तथा तहसीलदार को सत्यापन को 10- 10 शिकायतों का लक्ष्य दिया है। जिससे पोर्टल पर मिली शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हो सके। हर महीने की 25 तारीख तक शिकायतों के निस्तारण का ब्योरा देना होगा। शिकायतों के निस्तारण की डीएम द्वारा समीक्षा की जायेगी।

मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव ने 2 सितंबर को वीडियो कान्फ्रेंसिंग में निर्देश दिया था कि जनपद स्तरीय अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी तथा समस्त तहसीलदार को उनके पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों में से प्रतिमाह स्थलीय सत्यापन कर आख्या जिलाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे। इस निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अधिकारियों को हर महीने उनके पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों में से स्थलीय सत्यापन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने को अपर जिलाधिकारी 5, जनपद स्तरीय अधिकारी, उप जिलाधिकारी व तहसीलदार 10-10 शिकातयों का हर महीने स्थलीय सत्यापन करेंगे। अधिकारियों को स्थलीय सत्यापन का महीने की 25 तारीख तक डीएम को ब्योरा उपलब्ध कराना होगा।

स्थलीय सत्यापन के समय अधिकारियों को शिकायकर्ता से अनिवार्य रूप से वार्ता की जायेगी। गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ शासन को आख्या भेजी जायेगी। अधिकारियों के शिकायतों के स्थलीय सत्यापन का हर महीने डीएम द्वारा समीक्षा की जायेगी। आदेश का अनुपालन न करने वाले अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा।

# अनियमितता के आरोप में डीपीआरओ शासन से संबद्ध

- लार ब्लॉक प्रमुख ने मुख्यमंत्री से की थी शिकायत
- शिकायत पर डीएम ने कराई थी मामले की जांच
- डीएम की रिपोर्ट पर शासन ने की कार्रवाई

देवरिया, निज संवाददाता। अनियमितता की शिकायत पर शासन से संबद्ध डीपीआरओ सर्वेश कुमार पांडे के मामले की जांच पंचायती राज के संयुक्त सचिव जयप्रकाश पांडे ने संयुक्त निदेशक पंचायती राज एसके सिंह को सौंपी है। जांच अधिकारी से एक महीने में रिपोर्ट मांगा गया है।

लार विकास खंड की ब्लॉक प्रमुख अनुभा सिंह व उनके प्रतिनिधि अमित सिंह बबलू ने अगस्त माह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर डीपीआरओ सर्वेश कुमार पांडेय के खिलाफ भ्रष्टाचार व अनियमितता की शिकायत की थी। इसकी जांच के लिए डीएम ने जांच कमेटी गठित की थी। जांच कमेटी की रिपोर्ट में बताया गया कि डीपीआरओ ने अनियमित रूप से बिना सक्षम अधिकारियों के अनुमोदन के सेक्रेटरी का कलस्टर परिवर्तित करने, क्षेत्र पंचायत प्रमुख की शिकायतों के संबंध में नियमों के विपरीत पत्र निर्गत करने, जिलाधिकारी को बिना बताये अवकाश पर जाने, पंचायत भवन निर्माण में शिथिलता बरतने, प्रशासक के कार्यकाल के दौरान आहरित धनराशि की जांच समय से शासन को उपलब्ध नहीं कराने का मामला पाया गया। इन अनियमितताओं पर सर्वेश कुमार पांडेय को उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक नियमावली के तहत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुए निदेशालय से संबद्ध किया गया है। उनके खिलाफ शिकायतों की जांच पंचायती राज निदेशालय के संयुक्त निदेशक एसके सिंह करेंगे।

# समाधान दिवस में कोतवाली सदर में डीएम व एसपी ने सुनीं समस्याएं

## दिए निर्देश

देवरिया, निज संवाददाता। शनिवार को थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर राजस्व एवं पुलिस के अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुना। राजस्व व पुलिस टीम की संयुक्त टीम भेजकर कई समस्याओं का निस्तारण कराया गया।

डीएम दिव्या मित्तल,एसपी संकल्प शर्मा तथा एएसपी उत्तरी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने सदर कोतवाली में जनसमस्याओं को सुना। कोतवाली में कुल 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसके निस्तारण को राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर निर्देश दिया गया। एएसपी दक्षिणी सुनिल कुमार सिंह ने खुखुन्दू में जनसमस्याओं को सुना। जहां 12 प्रार्थना पत्रों में 4 का निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर सभी थानों पर कुल 152 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 41 का निस्तारण किया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण को राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर निर्देश दिया गया। थाना परिसर में फरियादियों की फरियाद सुनती एसडीएम दिशा श्रीवास्तव व सीओ दीपक शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहें।

## पैमाइश के बाद पत्थर उखाड़ने वालों पर केस दर्ज करने का निर्देश

लार। शनिवार को लार थाने में एसडीएम दिशा श्रीवास्तव व सीओ दीपक शुक्ला ने पीड़ितों की शिकायतें सुनकर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। कुल 12 शिकायतों में तीन का निस्तारण किया गया। नगर पंचायत लार मठ वार्ड निवासी नरेश पाल की पत्नी ने एसडीएम से शिकायत कर बताया कि धारा 24 के अंतर्गत भूमि की पैमाईश कर पत्थर गाड़ा गया था। जिसे एक पक्ष ने उखाड़ कर फेंक दिया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम दिशा श्रीवास्तव ने सीओ दीपक शुक्ला व प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी को तत्काल मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया। बरियारपुर संवाद अनुसार थाने पर एसओ डॉ महेन्द्र कुमार के नेतृत्व में थाना समाधान दिवस पर कुल 6 जमीनी विवाद के मामले आए थे। जिसमें 3 मामलों का निस्तारण किया गया और 3 मामले को राजस्व कर्मियों के साथ टीम बना कर मौके पर निस्तारण को भेजा गया है। इसमें कानूनगो संजय राय, शैलेश, लेखपाल राम मनोहर, रवि प्रकाश, रोली यादव, उमेश यादव, उप निरीक्षक सत्यप्रकाश यादव, उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह, सुरेन्द्र कुमार, अभिषेक कुमार,अमर सिंह अमित यादव आदि मौजूद रहे।

# जन्मतिथि में फर्जीवाड़ा, भेजा जेल

गौरी बाजार। नौकरी के 27 वर्ष बाद जन्मतिथि में फर्जीवाड़ा मामले की शिकायत की जांच एसटीएफ ने की। जांच में दो अलग-अलग प्रमाण पत्रों में जन्मतिथि भिन्न मिलने पर पुलिस ने बखरा इंटरमीडिएट कालेज बखरा के चपरासी को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसटीएफ से शिकायत की गई थी कि बखरा इंटरमीडिएट कालेज में कार्यरत हरी पुत्र पतरु के हाईस्कूल व कक्षा आठ के प्रमाण पत्रों में अलग-अलग जन्मतिथि दर्ज है। जांच में पाया गया कि कूटरचित ढंग से एक प्रमाण पत्र में हरी की जन्मतिथि 1 सितंबर 1967 जबकि दूसरे प्रमाण पत्र में जन्मतिथि 15 अगस्त 1976 है। पहली जन्मतिथि के अनुसार रिटायरमेंट वर्ष 2027 में, जबकि दूसरी जन्मतिथि के अनुसार 2036 में है। छानबीन में पता चला कि आरोपी ने हाईस्कूल की शिक्षा उसी विद्यालय से प्राप्त की।

# पति व सास पर उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। कोतवाली क्षेत्र के अहिरौली लाला गांव निवासी गुडिया देवी पत्नी देवेन्द्र यादव ने पुलिस को तहरीर दिया था कि उसकी शादी 9 वर्ष पहले हुई। उसके दो छोटे-2 बच्चे है। पति से विवाद का मामला न्यायालय में चल रहा है। कोर्ट के द्वारा दो वर्ष पूर्व सुलह समझौता के बाद मुझे पति देवेन्द्र यादव इस शर्त पर लेका आये वह ठीक से रखेंगे एवं उसे खर्चा भी देंगे। लेकिन पति ने लगातार मारपीट करते रहे। 11 सितंबर को पति देवेन्द्र, सास विद्यावती देवी मारा पीटा और मोबाइल भी छिन लिया। पति व सास ने मुझे रात में जान से मारने को बहुत ही मारा पीटा और गला दबाने की कोशिश की। पुलिस ने महिला की तहरीर पति व सास के खिलाफ केस दर्ज किया।

# पुलिस ने किया जागरूक

बरहज। चोरी की बढ़ती घटनाओं और अफ़वाहों पर लगाम लगाने को पुलिस सक्रिय हो गई है। शनिवार को विभिन्न गांवों में पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। ग्रामीणों को सजग रहने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की एवं सन्दिग्ध व्यक्ति मिलने पर उसकी पिटाई करने के बजाय पुलिस को सौंपने को कहा। मेहियवा में प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पर चल रहे अफवाहों से सतर्क रहने की जरूरत है। ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। यदि संदिग्ध परिस्थिति में गांव में घूमता कोई व्यक्ति अथवा चोर दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# पांच गोवंश के साथ तीन तस्कर दबोचे

बनकटा। पुलिस ने थाना क्षेत्र के सोहनपुर एकडंगा मार्ग से पिकअप पर लदी पांच गोवंश पशुओं के साथ तीन तस्कर समेत दो बाल अपचारी को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की है।

प्रभारी निरीक्षक बनकटा संतोष कुमार के अनुसार शनिवार को 11 बजे सोहनपुर एकडंगा मार्ग से संदिग्ध पिकअप को रोक कर जांच किया गया। उसमें पांच गोवंश बरामद हुआ और मौके से तीन तस्कर व दो बाल अपचारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पिकअप समेत दो बाइक भी बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान बनकटा थाना क्षेत्र के खोराबार निवासी संजय यादव पुत्र राजेश यादव, कोठा निवासी मोहर्रम अंसारी पुत्र चांद मोहम्मद व भाटपार रानी थाना क्षेत्र के दुबौली गांव निवासी मनीष पासवान पुत्र रामध्यान के रूप में हुआ है। इसके अलावा दो अन्य बाल अपचारी भी गिरफ्तार हैं। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शेषनाथ कनौजिया, आलोक रंजन, सुशांत पाठक, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र यादव, संतोष पासवान, किसलय कन्नौजिया, शामिल रहे।

# बिहार भेजे जा रहे पांच गोवंश बरामद, पांच गिरफ्तार

जासं, सोहनपुर: पिकअप से बिहार भेजे जा रहे पांच गोवंश बनकटा पुलिस ने एकडंगा के समीप से शनिवार की सुबह बरामद किया। साथ ही दो बाल अपचारी समेत पांच को गिरफ्तार कर लिया।

सोहनपुर एकडंगा मार्ग पर काली मंदिर के समीप भोर में पिकअप के पलटने की सूचना पर बनकटा पुलिस पहुंची और पांच गोवंश को बरामद किया। साथ ही मौके से पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया, जिसमें संजय यादव निवासी खोराबार थाना बनकटा, मोहर्रम अंसारी निवासी कोठा थाना बनकटा, मनीष पासवान निवासी दुबौली थाना भाटपाररानी व दो बाल अपचारी शामिल हैं। लोगों का कहना है कि पिकअप पलटने के बाद लोग पहुंचे और किसी तरह पिकअप से पशुओं को बाहर निकाला। साथ ही आरोपितों को ग्रामीणों ने ही पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। थानाध्यक्ष बनकटा संतोष सिंह ने बताया कि पांच आरोपित गिरफ्तार किए गए हैं।

# 134743 वादों का किया गया निस्तारण

विधि संवाददाता, देवरिया: दीवानी न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें 134743 का निस्तारण किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह समेत अन्य न्यायिक अधिकारियों ने फीता काटकर उद्घाटन किया। जनपद न्यायाधीश ने दो वादों का निस्तारण कर एक हजार की धनराशि प्रतिकर के रूप में दिलाया। मोटर दुर्घटनादावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी मनोज कुमार राय ने 70 मामलों का निस्तारण किया। 61315000 रुपये प्रतिकर दिलाया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री विशाल पाण्डेय ने छह, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम ज्ञान प्रकाश ने आठ, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय तृतीय विकास कुमार ने 27 वादों का निस्तारण किया।

## 29 वर्ष से फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी कर रहे परिचारक को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, देवरिया: फर्जी दस्तावेज पर 29 वर्ष से गौरीबाजार के चखरा इंटर कालेज में नौकरी कर रहे परिचारक को एसटीएफ की गोरखपुर टीम ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। गौरीबाजार थाने में एसटीएफ ने मुकदमा दर्ज कराया है। गिरफ्तार परिचारक को गौरीबाजार पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



गिरफ्तार परिचारक हरि प्रसाद॰ सौ.पुलिस

चखरा इंटर कालेज में हरि प्रसाद पुत्र पतरू ने फर्जी कागजात के आधार पर 1995 में परिचारक के पद पर अपनी नियुक्ति करा ली। किसी ने इसकी शिकायत एसटीएफ से की। एसटीएफ के प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह ने प्रकरण की जांच की। जांच में प्रमाण पत्रों में जन्मतिथि भिन्न पाई गई। इसके बाद एसटीएफ प्रभारी ने उप निरीक्षक यशवंत सिंह, दीवान आशुतोष कुमार तिवारी, महेन्द्र प्रताप सिंह के साथ चखरा इंटर कालेज में छापेमारी की और परिचारक को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में हरि प्रसाद ने बताया उसने अपने टीसी में वास्तविक जन्मतिथि के स्थान पर कूटरचना कर जन्मतिथि कम दिखाते हुए फर्जी प्रमाण पत्र बनवा लिया।

# मारपीट के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

लार। कस्बा में 14 मार्च को हुई मारपीट के मामले में वांछित चल रहा है दो आरोपियों में से एक को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय भेज दिया गया।

कस्बा के बाईपास सड़क पर कुछ लोगों ने 14 मार्च को एक दुकानदार को मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसमें दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों गोपू उर्फ विशाल सिंह व हर्षित सिंह निवासी चौक वार्ड लार के विरुद्ध हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था।

शनिवार को मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, मनोज सिंह यादव, सुनील सिंह व हेड कांस्टेबल रामगमन भारती ने मौके पर पहुंच कर एक आरोपी गोपू उर्फ विशाल सिंह निवासी चौक वार्ड लार को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। दूसरा आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है।

# मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

लार। थाना क्षेत्र के बौली वार्ड पकड़ीतर निवासिनी कौशल्या देवी पत्नी शिवनाथ राजभर की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का केस दर्ज किया है। कौशल्या देवी ने पुलिस को तहरीर दिया कि 4 सितम्बर की रात्रि 8 बजे बच्चों के विवाद को लेकर खरदहा गांव निवासी मुन्ना राजभर, कृष्णा राजभर, बौली वार्ड निवासी सोनू राजभर व मोनू राजभर पुत्रगण ईश्वर राजभर, रामपुकार व राहुल पुत्रगण लाल बहादुर निवासी बौली वार्ड, लाल बहादुर पुत्र सदानन्द व ईश्वर पुत्र लल्लन निवासी बौली वार्ड ने मिलकर उनके घर पहुंच भद्दी-भद्दी गाली दी तथा लाठी, डण्डा से पिटाई किया। इससे उनका बांया हाथ टूट व बेटे लड़के सतेन्द्र को गम्भीर चोटे आयी।

# समाधान दिवस में 111 फरियादियों को मिली निराशा, नहीं हुआ काम

जागरण संवाददाता, देवरिया: जिले के सभी थानों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस पर ऐसे तो 152 फरियादी न्याय की आस में अधिकारियों के सामने पहुंचे, लेकिन 41 को ही त्वरित न्याय मिल पाया। 111 फरियादियों को न्याय दिलाने का आश्वासन मिला। बिना न्याय के ही वह बैरंग वापस लौट गए।

सदर कोतवाली में डीएम दिव्या मित्तल, एसपी संकल्प शर्मा, सीआरओ जलराजन चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने लोगों की फरियाद सुनी। इस दौरान किसी ने कोटेदार की शिकायत की तो किसी ने रुपये लेकर भूमि का आवंटन न करने की शिकायत की। डीएम ने संबंधित विभाग से प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। यहां कुल 21 मामले आए, जिसमें टीम गठित कर समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया गया।

खुखुंदू थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह ने लोगों की फरियाद सुनी। यहां कुल 12 मामले आए, जिसमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य मामलों में टीम गठित कर निस्तारण कराने का निर्देश दिया गया।

सलेमपुर संवाददाता के अनुसार सलेमपुर कोतवाली पुलिस में आयोजित समाधान दिवस में कोतवाल टीजे सिंह व तहसीलदार अलका सिंह ने लोगों की फरियाद सुनी और उसका निस्तारण करने का निर्देश दिया। यहां पांच मामले आए। जिसमें से राजस्व से जुड़े एक मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

# अंडा देने में देरी हुई तो दुकानदार को पीटा, तीन लोगों पर मुकदमा

जासं, देवरिया: बरहज में अंडा देने में विलंब करने पर एक दुकानदार की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। पैना रोड के रहने वाले पवन गुप्ता अंडा की दुकान चलाते हैं। दुकान पर पैना निवासी संदीप यादव, मऊ जनपद के मधुबन थाना क्षेत्र के सूरजपुर के रहने वाले सोनू यादव व एक अज्ञात पहुंचे और अंडा मांगे। अंडा देने में विलंब करने पर आरोपितों ने पिटाई की और अंडा तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने दो नामजद समेत तीन के विरुद्ध मुकदमा किया है।

# मारपीट कर किया घायल, दो पर केस

जासं, देवरिया: बरहज के पैना में रंजिश में कुछ लोगों ने एक युवक की पिटाई कर दी। उसका उपचार सीएचसी में कराया गया। पैना के तेज नारायण तिवारी का आरोप है कि रंजिश में कुछ लोगों ने मारपीट की। बीच-बचाव करने आए बेटे को भी लोगों ने पीट दिया। मामले में पुलिस ने मनोज तिवारी व अभिषेक तिवारी पर मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही गिरफ्तारी को दबिश दे रही है।

# सलेमपुर : पांच में से एक का निस्तारण




फरियाद सुनतीं तहसीलदार अलका सिंह व कोतवाल टीजे सिंह। संवाद

**सलेमपुर।** कोतवाली में शनिवार को समाधान दिवस में राजस्व से जुड़े पांच मामले आए। सुबह करीब 10 बजे कोतवाल टीजे सिंह समाधान दिवस में बैठ गए।

कुछ ही देर में बारी बारी से हल्का लेखपाल, कानूनगो और फिर तहसीलदार अलका सिंह पहुंचीं। जहां फरियादियों ने अपनी पीड़ा बताई। एक मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार अलका सिंह ने राजस्व कर्मचारियों के सहयोग से दोनों पक्ष से बात कर मौके पर ही निस्तारण कर दिया। संवाद

## जमीन विवाद के 6 में तीन मामले निस्तारित

**बरियारपुर।** शनिवार को बरियारपुर थाने पर एसओ डॉ. महेन्द्र कुमार के नेतृत्व में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसओ ने बताया कि कुल 6 जमीन विवाद के मामले आए थे। जिसमें 3 मामलों का निस्तारण किया गया और 3 मामले को राजस्व कर्मियों के साथ टीम बना कर मौके पर निस्तारण के लिए भेजा गया है। इस मौके पर कानूनगो संजय राय, शैलेश, लेखपाल राम मनोहर, रवि प्रकाश, रोली यादव, अभिषेक कुमार, अमर सिंह, अमित यादव और क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। संवाद

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने एक मामले का किया समाधान

**मदनपुर।** समाधान दिवस पर शनिवार को मदनपुर थाने में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, एसडीएम ने फरियाद सुनी। इस दौरान उन्होंने राजस्व और पुलिस टीम को शिकायतों को मौके पर जाकर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित थाना दिवस पर राजस्व और पुलिस के पांच मामले आए। इसमें एक राजस्व का त्वरित निस्तारण हुआ। रुद्रपुर कोतवाली में पांच शिकायतें मिलीं। एक भी मामले का तत्काल निस्तारण नहीं हो पाया। संवाद

# भलुअनी में नोटिस के बाद भी स्कूल संचालित

बरहज/भलुअनी। स्थानीय कस्बा के खंड शिक्षाधिकारी सूरज कुमार ने क्षेत्र के 10 विद्यालयों को बंद करने का नोटिस दिया है। हालांकि बरहज और भलुअनी में पूर्व में हुई कार्रवाई के बाद भी अधिकांश विद्यालय बेखौफ संचालित किए जा रहे हैं। अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई कागजों में सिमट कर रह गई है। एक बार फिर शुरू हुई कार्रवाई से प्राइवेट विद्यालयों के संचालकों में खलबली है। प्राइवेट स्कूलों का निरीक्षण किया। अनियमितता वाले विद्यालयों को बंद कराने के लिए नोटिस जारी किया है। जारी किए गए नोटिस में मां शांति देवी शिक्षण संस्थान सेल्हरापुर, डीएवी पब्लिक स्कूल पिपरा खेमकरन, सरस्वती शिशु मंदिर गड़ेर, आजाद सरस्वती शिशु मंदिर फतेहपुर, आरके पब्लिक स्कूल, मरहवां, शिवाजी शिक्षा निकेतन फतेहपुर, केएलएस एकेडमी पकड़ी बाजार, भागमनि देवी शिक्षण संस्थान बिजलापार, एडी पब्लिक स्कूल दुबौली-पकड़ी बाजार और चंद्रेश्वर शिक्षण संस्थान को बंद करने का निर्देश दिया गया है। अधिकांश विद्यालय बिना मान्यता के संचालित किए जा रहे थे। अधिकारियों ने पूर्व में भी विद्यालयों की जांच कर बंद करने के नोटिस दिए थे इनमें कुछ दिन बाद दोबारा संचालित हो रहे हैं। संवाद

# क्षेत्राधिकारी ने किया थाने का औचक निरीक्षण

रामपुर बुजुर्ग। सीओ शिव प्रताप सिंह ने शुक्रवार की रात में बनकटा थाने का औचक निरीक्षण किया। लंबित विवेचनाओं को पूर्ण करने व वांछित चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी करने व साफ-सफाई के निर्देश दिए। सीओ ने माल खाना अभिलेखों व हवालात का निरीक्षण किया और रजिस्टर चेक किए। इस दौरान पूर्व की लंबित विवेचना को लेकर संबंधित को फटकार भी लगाई। संवाद

# फर्जी जन्म प्रमाणपत्र पर हासिल की नौकरी, एसटीएफ ने दबोचा

संवाद न्यूज एजेंसी

**गौरी बाजार।** नौकरी के 27 वर्ष बाद जन्मतिथि में फर्जीवाड़ा को लेकर की गई शिकायत की जांच एसटीएफ ने की। जांच में दो अलग-अलग प्रमाण पत्रों में जन्मतिथि भिन्न पाए जाने पर पुलिस ने बखरा इंटरमीडिएट कॉलेज बखरा के चपरासी को शनिवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

एसटीएफ से शिकायत की गई कि बखरा इंटरमीडिएट कॉलेज बखरा में कार्यरत हरी पुत्र पतरु के हाईस्कूल व कक्षा आठ के प्रमाण पत्रों में अलग-अलग जन्मतिथि दर्ज है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच की तो पाया गया कि कूटरचित ढंग से एक प्रमाण पत्र में हरी की जन्मतिथि 1 सितंबर 1967 है। जबकि दूसरे प्रमाण पत्र में उनकी जन्मतिथि 15 अगस्त 1976 है। पहली जन्मतिथि के अनुसार रिटायरमेंट वर्ष 2027 में जबकि दूसरी जन्मतिथि के अनुसार 2036 में है। छानबीन में पता चला कि आरोपी ने हाईस्कूल की शिक्षा उसी विद्यालय से प्राप्त की। उसमें जन्म तिथि दूसरी है। जबकि कक्षा आठ का सर्टिफिकेट मदरसन स्थित एक दूसरे विद्यालय का है। जिसमें जन्मतिथि भिन्न है।

## जन्मतिथि सुधार के लिए न्यायालय पहुंचा था आरोपी

पहले जन्मतिथि व प्रमाण पत्रों में सूचनाओं को लेकर लोग लापरवाह रहते थे। कुछ दिन पूर्व जन्मतिथि में सुधार को लेकर आरोपी ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। जन्मतिथि में सुधार की गुहार लगाई थी, राहत नहीं मिली। परिजनों ने बताया कि विद्यालय में प्रबंधकीय विवाद के पचड़े के कारण शिकायत पर जांच हुई। पुलिस को विद्यालय में उन्हीं लोगों द्वारा ही प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया, जो विरोध में हैं।

# बिहार ले जा रहे थे पांच पशु, तीन तस्कर और दो गुर्गे गिरफ्तार

## क्षेत्र के छेरीहा से गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल, दो बाल आपचारी बाल सुधार गृह भेज गए

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**रामपुर बुजुर्ग/सोहनपुर।** पांच पशुओं को पिकअप में लाद कर बिहार ले जा रहे तीन तस्करों को बनकटा थाने की पुलिस ने दबोच लिया। वहीं लाइनर की भूमिका निभा रहे दो बाइक पर सवार लाइनर को भी गिरफ्तार कर लिया।

उनकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के सोहनपुर-एकडंगा मार्ग पर काली माता मंदिर के पास से हुई। तीन तस्करों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया जबकि दो बाल आपचारी को बाल सुधार गृह भेज दिया। बनकटा पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि एक पिकअप पर पशुओं को लाद कर बिहार ले जाया जा रहा है।



पुलिस के हत्थे चढ़े तीन गो तस्कर व जब्त पिकअप के साथ पुलिस। स्रोत पुलिस

इस सूचना के मिलने के बाद उपनिरीक्षक शेषनाथ कन्नौजिया व प्रशिक्षु उप निरीक्षक आलोक रंजन, प्रशिक्षु उप निरीक्षक सुशांत पाठक ने हेड कांस्टेबल वीरेंद्र यादव, संतोष पासवान व किसलय कन्नौजिया के साथ शनिवार को सुबह लगभग 11 बजे सोहनपुर एकडंगा मार्ग पर स्थित काली माता मंदिर के समीप वाहनों की जांच शुरू कर दी।

तभी एक संदिग्ध पिकअप रोक कर जांच पड़ताल की तो क्रूरता पूर्वक पांच गोवंश लदे मिले। वाहन पर तीन तस्कर मिले। साथ ही लाइनर की भूमिका निभाते हुए आगे-आगे चल रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए दो बाइक बरामद कर जब्त कर लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तों की शिनाख्त बनकटा थाने के खोराबार के संजय यादव पुत्र राजेश यादव, कोठा गांव निवासी मुहर्रम अंसारी पुत्र चांद मोहम्मद व भाटपार रानी के दुबौली गांव निवासी मनीष पासवान पुत्र रामध्यान के रूप में हुई। साथ ही दो बाल अपचारियों की भी गिरफ्तार हुई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय के आदेश पर तीन तस्करों को जेल भेज दिया।

# 152 प्रार्थना पत्र आए, 41 का निस्तारण

## थानों पर थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**देवरिया।** जिले के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। समस्त थानों पर कुल 152 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 41 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के लिए राजस्व व पुलिस टीम मौके पर गई और कई समस्याओं का निस्तारण कराया।

शनिवार को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा तथा अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने कोतवाली में जनसमस्याओं को सुना।

थाना कोतवाली पर 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसके निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उचित दिशा निर्देश दिए गए। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह ने खुखुंदू थाने में जनसमस्याओं को सुना।

खुखुंदू थाने पर कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 4 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया। शेष प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस विभाग की टीम का गठन किया गया।

**मईल : समाधान दिवस में दो मामले आए:** समाधान दिवस पर थाना परिसर में बरहज के सीओ आदित्य कुमार ने लोगों की समस्या सुनीं। दो मामले आए, दोनों राजस्व के थे। संबंधित राजस्व कर्मियों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी अमित राय ने आटो रिक्शा से फरियाद लेकर थाने पहुंचे एक दिव्यांग की शिकायत सुनी और निदान का आश्वासन दिया। इस दौरान एसआई अरविंद कुमार, रंजीत सिंह अंकित सिंह, सुमित कान्त, विजय शंकर आदि मौजूद रहे।

# पीड़ित के घर से ही चोरी का सामान बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर। नगर के चौहट्टा वार्ड में बृहस्पतिवार की रात हुई चोरी के सामान को शनिवार की शाम पुलिस ने उसी के घर से बरामद किया। अब घटना को लेकर पुलिस सवाल खड़ा करने लगी है। वहीं पीड़ित परिवार चोरी हुआ माल घर के बगल में खेत से मिलना बता रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

नगर के चौहट्टा वार्ड निवासी गोरख विश्वकर्मा के घर बृहस्पतिवार की रात चोरी हुई। पीड़ित परिवार के अनुसार नकदी, जेवर समेत करीब सात लाख रुपये की चोरी हुई। मामले में पुलिस ने बेईला देवी की तहरीर पर चोरी का केस दर्ज किया। शाम पुलिस को चोरी का सामान गोरख के ही घर में मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से चोरी हुए सामान को बरामद किया। जेवर और नकदी रुपये थे।

पुलिस की पूछताछ में गोरख के घर वालों ने बताया कि घर के पीछे एक खेत में चोरी का सामान उन्हें झाड़ियों में छिपा हुआ मिला, जिसे लेकर वह घर आए। प्रभारी निरीक्षक रतन कुमार पांडेय ने कहा कि चोरी का सामान बरामद कर पुलिस मामले के खुलासे में लगी हुई है। संदिग्धों से भी पुलिस पूछताछ में लगी है।

# हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार, जेल

चनुकी। छह माह पहले जानलेवा हमले के मामले में आरोपी एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। केस दर्ज होने के बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। लार कस्बा के निवासी गोपू सिंह उर्फ विशाल सिंह पुत्र भानुप्रताप सिंह के खिलाफ 17 मार्च 23 को हत्या के प्रयास का केस दर्ज हुआ था। शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में चौकी प्रभारी धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि छह माह से फरार चल रहे आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-15-09-2024

# कानून व्यवस्था को पुलिस व जनता में समन्वय जरूरी

**फाजिलनगर।** स्थानीय पुलिस चौकी पर आगामी त्योहार बारावफात को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें मौजूद लोगों व जुलूस संचालकों से त्योहार को शांतिपूर्वक रूप से मनाने की अपील की गयी।

शनिवार को आयोजित पीस कमेटी की बैठक में चौकी प्रभारी गौरव वर्मा ने कहा कि पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए है। सूचना के आदान प्रदान से बड़ी से बड़ी घटना टाली जा सकती है। अब त्योहारों का समय है और अराजक तत्व माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी अवांछित गतिविधि दिखते ही पुलिस को बतायें। यातायात के तय रुट के अनुसार वाहन चलाएं व पार्किंग करें। गलत ढंग से खड़े वाहन को चालान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जुलूस के रास्ते में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा, जिस रास्ते से पूर्व में जुलूस जाती रही है उसी रास्ते से इस बार भी जुलूस जायेगा। कहीं भी कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो पुलिस को सूचना दें। पुलिस आपकी पहचान गोपनीय रखते हुए उससे पूछताछ कर संभव हुआ तो कार्रवाई करेगी। आसिफ अली ने कहा कि कानून व्यवस्था के लिए पुलिस व जनता में सहयोग जरुरी है। इस दौरान मनोज कुमार श्रीवास्तव, दिलीप जायसवाल, बहादुर गुप्ता, अब्दुल रज्जाक, मोहम्मद फिरोज, सेराज अहमद, मुस्तफा अरमान, संजय यादव, मुलायम यादव, आनंद गुप्ता, राघवेंद्र मिश्रा, कृष्णा पांडेय, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



पडरौना कोतवाली में फरियाद सुनते एसपी संतोष कुमार मिश्र।

# एसपी ने सुनीं फरियादें, 54 में 10 मामलों का किया निस्तारण

**कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम**। जिला स्तरीय समाधान दिवस को पडरौना कोतवाली में आयोजित किया गया। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने लोगों की फरियाद सुनी, जिसमें कुल 54 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसमें से 10 मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया जबकि शेष मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गयी।

पडरौना कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में एसपी ने सुबह 10 बजे ही पहुंच गये तब तक फरियादियों की अच्छी खासी संख्या इकट्ठा हो गयी थी। एसपी ने दोपहर दो बजे तक फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान कुल 54 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें 30 राजस्व, 20 पुलिस एवं चार शिकायतें अन्य विभागों से जुड़ी थी। शिकायतों की सुनवाई करते हुए एसपी ने 10 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम गठित कर मौके पर जाकर शिकायतों को गंभीरता से लेकर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश दिया। एसपी ने समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायतकर्ता थाने पर अपनी शिकातय लेकर आ रहे हैं उन्हें सही तरीके से ब्रीफ करें तथा जनसुनवाई रजिस्ट्रर पर शिकायतकर्ता का नाम व मोबाइल नंबर अंकित करते हुये उनका निस्तारण आख्या भी रजिस्ट्रर पर अंकित करें। बीट प्रभारी राजस्व टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण करेंगे। जहां पर भी समझौता व बातचीत से मामले का निस्तारण होना हो तत्काल उसमें एक हफ्ते के अन्दर दोनों पक्षों को बुलाकर मामले का त्वरित निस्तारण किया जाये।

**पटहेरवा संवाद** के अनुसार पटहेरवा थाने पर समाधान दिवस पर आए एसडीएम तमकुही विकास चंद के समक्ष राजस्व से जुड़े कुल तीन मामले आये मगर किसी भी मामले का समाधान नहीं हो पाया। पहले के समाधान दिवस के दो मामले का निस्तारण किया गया।

**वांछित दबोचा**

कुशीनगर। वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में शनिवार को रामकोला थाने की पुलिस ने प्रतिबंधित पशु के वध के मुकदमे में वांछित अभियुक्त भोला यादव पुत्र विश्वनाथ यादव निवासी भुस्की वार्ड नंबर नौ थाना मटियरवा जिला पश्चिमी चंपारण बिहार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ आनंद गुप्ता, एसआई शिवम द्विवेदी, कां. प्रदीप यादव, राजकुमार यादव एवं कृष्ण कुमार शामिल रहे।

# महिला समूह के 30 लाख लेकर भागने वाले युवक पर केस

**जटहां बाजार।** जटहां बाजार थाना क्षेत्र के गांव हिरनही के एक व्यक्ति द्वारा समूह की महिलाओं के बैंक पासबुक व एटीएम कार्ड लेकर धोखे से तीस लाख रुपये निकाल कर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। पैसा मांगने उसके घर गई समूह की महिलाओं के साथ आरोपी के परिजनों द्वारा गाली-गुप्ता व धमकी देकर दरवाज़े से भगा दिया गया। पीड़ित महिला की तहरीर पर शुक्रवार को देर शाम तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली-गुप्ता एवं धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# महुअवा कारखाना में चोरों का तांडव

तुर्कपट्टी, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार की रात चोरों का अगला निशाना महुअवा कारखाना गांव रहा जहां सात छतों को फांद कर आये चोरों ने दूसरी मंजिल पर लोहे का लगा फाटक खोल कर चोरी करने में कामयाब हो गए।

महुअवा कारखाना के हुल्ली टोला निवासी सलाउद्दीन व सोनू पुत्रगण स्व. अनवर अली रोज का भांति खाना खाकर सो रहे थे। रात करीब 11 बजे सलाउद्दीन जब दूसरी मंजिल की छत की तरफ किसी कार्य से गया तो सीढ़ियों पर खुली अटैची, फेंका गया सिलाई मशीन देखकर चौंक गया। छत की तरफ गया तो लोहे का फाटक खुला मिला तथा कुंडी को तोड़ने का प्रयास किया गया था। उसके शोर मचाने पर घर वाले तथा पड़ोसी पहुंचे। देखा तो आलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखा गया सोने का एक मंगलसूत्र, एक झुमका, एक कंगन, एक नथिया, एक पायजेब, बिछुआ, एक चांदी की चोटी सहित दस हजार रुपये गायब थे। दो बक्सा तथा एक अटैची का ताला टूटा मिला तथा कपड़े सहित अन्य सामान फर्श पर बिखरा पड़ा था। बगल में रखा दीवान बेड तक को खंगाल दिया गया था। सूचना पर पहुंची तुर्कपट्टी पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## खुद करो सामान की रक्षा, सब पुलिस ही करेगी क्या ...

चोरी की घटना की सूचना पर एसओ तुर्कपट्टी खुद ही भारी फोर्स के साथ पहुंचे तथा घटना स्थल का निरीक्षण कर गृहस्वामी तथा महिलाओं का बयान लेने लगे। इसी बीच मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मी परिवार के अन्य सदस्यों से पूछताछ करने लगे। इसी बीच एक पुलिसकर्मी का कथन कि अपने सामान की रक्षा नहीं कर सकते सब कुछ पुलिस के भरोसे ही छोड़ रखा है? क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया।

> पुलिस की कई टीमों को लगाकर तफ्तीश की जा रही है। मैं स्वयं घटनाओं को लेकर सक्रिय हूं। पीआरवी को भी और अधिक सक्रिय किया गया है। शीघ्र ही अपेक्षित परिणाम दिखेगा।
>
> **अभिषेक प्रताप अजेय,** सीओ सदर

### तुर्कपट्टी के लाला गुरवलिया का मामला, दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी

# छेड़खानी कर रहे दो युवकों को पेड़ में बांधा, पुलिस को सौंप दिया

**संवेदनहीनता**

जोकवा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के लाला गुरवालिया चौराहे पर एक छात्रा से छेड़खानी कर रहे दो युवकों को चौराहे के लोगों ने पकड़ कर बंधक बना लिया। उन्हें पेड़ में बांधकर पुलिस को सूचना दी और पुलिस के आने पर दोनों युवकों को उन्हें सौंप दिया। पुलिस युवकों को हिरासत में लेकर थाने चली गयी और अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गयी।

शनिवार को दिन में करीब तीन बजे सोहंग स्थित एक इंटर कॉलेज में पढ़ रही दो छात्राएं विद्यालय से पढ़कर गौराखोर गांव के बगीचे के रास्ते अपने घर वापस जा रहीं थी। छात्राओं के अनुसार स्कूल से ही दो युवक साहिल अंसारी पुत्र असरफ अंसारी व इमरान अंसारी पुत्र सुलेमान अंसारी निवासी ग्राम सोहंग थाना तुर्कपट्टी पीछा कर रहे थे। वह कभी मोबाइल नंबर मांग रहे थे तो कभी नाम पूछ रहे थे। एक युवती के पिता द्वारा दिए गए तहरीर के अनुसार दोनों युवक करीब एक सप्ताह से छात्राओं का पीछा कर रहे थे तथा छींटाकशी कर रहे थे। शनिवार को युवक छात्राओं की साइकिल के आगे बाइक लगा दिए तब डरी छात्राओं ने राहगीरों को रो रोकर अपनी आपबीती बताने लगी। राहगीर तथा गुरवालिया चौराहे के लोगों ने दोनों युवकों को पकड़ कर ऐसा करने से मना किया तो दोनों युवक लोगों पर ही उग्र हो गये।

धीरे धीरे भीड़ बढ़ती देख युवक खिसकने के चक्कर में थे लेकिन लोगों ने दोनों को पकड़ कर एक पेड़ में बांध दिया। इसके बाद मधुरिया चौकी इंचार्ज तथा पीआरवी को फोन कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों युवकों को लेकर तुर्कपट्टी थाने चली गयी। इस संबंध में एसओ संजय कुमार ने बताया कि मौके पर पुलिस गयी है दोनों आरोपी हिरासत में हैं। विधिक कार्रवाई की जा रही है।



पेड़ में बांधे गए छेड़खानी करने के आरोपी।

# छात्राओं को दी सुरक्षा की जानकारी

जासं, कप्तानगंज: गणेश चौक स्थित लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें एंटी रोमियो टीम की प्रभारी उपासना चतुर्वेदी ने बालिकाओं को सरकार की ओर से सुरक्षा को लेकर उठाए जा रहे कदम की जानकारी दी। महिला उप निरीक्षक ने वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चिकित्सीय सहायता के लिए 108, पुलिस कंट्रोल नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि के बारे में बताया।

कहा कि शिकायत करने वालों का नाम-पता गोपनीय रखा जाता है। दर्ज शिकायतों का सौ प्रतिशत निस्तारण किया जाता है। प्रबंधक विजय श्रीवास्तव, एसआइ प्रदीप कुमार, शिक्षक राजकुमार भट्ट, पूर्णपाल, बसंत प्रजापति, गौरीशंकर सिंह, अजीत सिंह, शिव बालक आदि मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस पर आए मामलों का कराएं त्वरित निस्तारण

जागरण संवाददाता,पडरौना:सदर कोतवाली में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस पर एसपी सख्त नजर आए। मातहतों को दो टूक कहा कि जन समस्याओं के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी।



पडरौना कोतवाली में फरियाद सुनते एसपी संतोष कुमार मिश्रा बाएं से दूसरे● जागरण

सुबह 11 बजे पहुंचे एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि संपूर्ण समाधान तथा थाना समाधान दिवस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। इन आयोजनों पर प्राप्त शिकायतों का समय से व गुणवत्तापूर्ण समाधान कराएं। मामला उच्चाधिकारियों से जुड़ा हो तो तत्काल अवगत कराएं। इसमें शिथिलता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई होगी। आयोजन के दौरान राजस्व के 20, पुलिस के 20 तथा अन्य से जुड़े 14 समेत कुल 54 मामले आए। इसमें पुलिस के 11 सहित कुल 20 मामले निस्तारित कर दिए गए। एसपी ने कहा कि शेष मामलों में अधिकारी-कर्मचारी मौके पर जाकर मामलों का हल कराएं। सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय, नायब तहसीलदार कोटवा विशालदत्त त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह सहित पुलिस व राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

# चोरी की डर से रात को रखवाली कर रहे ग्रामीण

जासं, पडरौनाः रामकोला बड़हरा लक्ष्मीपुर चोरों को लेकर ग्रामीण दहशत में हैं। दहशत भी ऐसी की वे रात में जागकर पहरेदारी कर रहें हैं। दिन में सो रहे हैं। कामकाजी लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। शुक्रवार की रात ग्रामीणों एक संदिग्ध को पकड़ा, जो एक डीसीएम से आया था। वाहन पर नंबर बिहार का था। रामकोला थाना पुलिस संदिग्ध को थाने ले गई और पूछताछ की। ग्रामीणों का कहना है कि ये बदमाश पशुओं और पंपिंग सेट के इंजन चोरी करते हैं। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण रात भर जागकर घर की रखवाली कर रहे हैं। दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जाए, पुलिस गश्त बढ़ाई जाए।

# समउर बाजार डोल मेला आज, रहेगी कड़ी चौकसी

जासं, बाजार : यूपी-बिहार की सीमा पर स्थित तमकुहीराज थाना के समउर बाजार डोल मेले का आयोजन रविवार की रात और सोमवार को दिन में होगा। मेला सकुशल कराने के लिए जगह-जगह पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों पर लगे सीसी कैमरों को मेले के दौरान सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं।

एसएचओ अमित शर्मा ने बताया कि डोल मेला सकुशल कराने के लिए पूरी चौकसी बरती जाएगी। मेले में स्थानीय पुलिस के अलावा आठ थानाध्यक्ष, 30 दरोगा, एक प्लाटून पीएसी, चार महिला एसआइ, 20 महिला कांस्टेबल, 150 हेड कांस्टेबल व सिपाही, अग्निशमन दस्ता के अलावा सादे कपड़ों में भी पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं।

## अफवाहों पर न दें ध्यान

फाजिलनगर : फाजिलनगर पुलिस चौकी पर शनिवार को बारावफात को लेकर बैठक हुई। इसमें इसको सकुशल कराने व बाजार में यातायात व्यवस्था सुदृढ करने को लेकर चर्चा की गई। चौकी प्रभारी गौरव वर्मा ने कहा कि त्योहार के दिन किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। अगर कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधि करता दिखे तो इसकी सूचना पुलिस को दें।

# दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कुशीनगर। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित अभियुक्त रामप्रवेश प्रजापति पुत्र भग्गू प्रजापति निवासी खोड्डा थाना अहिरौली बाजार को गिरफ्तार किया। पुलिस उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# पिता-पुत्र समेत तीन लोगों पर धोखाधड़ी का केस

## जटहा क्षेत्र के समूह की महिलाओं के 30 लाख रुपये लेकर भागने का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**मंसाछापर।** जटहा बाजार थाना क्षेत्र के हिरनही गांव में समूह के नाम पर धोखाधड़ी कर विभिन्न बैंकों से आठ महिलाओं के नाम 30 लाख रुपये निकाल कर फरार पिता-पुत्र समेत तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। महिलाओं का आरोप है कि रुपये मांगने पर युवक व उसके परिजनों ने उनके साथ विवाद भी किया था।

हिरनही गांव निवासी रमावती देवी ने तहरीर देकर बताया कि गांव की प्रमिला देवी, खदेरनी, तैरुन, सबिना, बसिरुन, उर्मिला, देवंती व अंगीरा समेत आठ महिलाओं का एक समूह है। गांव निवासी सरोज आलम ने ऋण दिलाने के नाम पर भारत बैंक, एलएनटी बैंक, उत्कर्ष बैंक व बंधन बैंक में खाता खोलवाया और पासबुक तथा एटीएम कार्ड अपने पास रख लिया।

### महिलाओं की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

ऋण लेने के लिए बैंक में आवश्यक दस्तावेज पर हस्ताक्षर करा लिया। आरोप है कि सरोज आलम महिलाओं के नाम से 30 लाख रुपये निकाल घर से फरार हो गया। रुपये मांगने जब उसके दरवाजे पर सभी महिलाएं पहुंचीं तो उसके पिता, भाई व घर के अन्य लोग मारने-पीटने पर उतारु हो गये। आरोपी काफी दिनों से पत्नी और बच्चों को लेकर कहीं फरार हो गया है। पीड़ित महिलाएं लगातार उसके दरवाजे पर जाती रही, लेकिन कहीं उसका पता नहीं चल सका। आरोपी के परिवार के लोग विवाद करने पर आमादा हैं।

महिलाओं की तहरीर पर पुलिस ने शुक्रवार की रात आरोपी सरोज आलम, उसके पिता हकीम मियां और भाई सद्दाम के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि पिता, पुत्र समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए उनकी तलाश की जा रही है।

# सेवरही पुलिस ने मारपीट के वारंटी को दबोचा

कुशीनगर। जिले में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में शनिवार को सेवरही थाने की पुलिस ने मारपीट के मुकदमे में वारंटी अभियुक्त विश्वनाथ पुत्र भान निवासी गौरी जगदीश टोला सिसवनिया थाना सेवरही को गिरफ्तार किया। टीम में एसओ श्रीप्रकाश राय, एसआई पंकज कुमार आदि रहे।

# रात भर लूट की चर्चा से सिहरन, निकली मारपीट

कसया : थाना गेट से चंद कदम की दूरी पर शुक्रवार की रात 10 बजे घटित घटना को लेकर पूरी रात लूट की चर्चा को लेकर सिहरन बनी रही। सुबह मामला मारपीट का निकला। दिन भर थाने से लेकर नगर के एक मकान तक आवाजाही लगी रही। शाम को अनुज्ञापी ने समझौते का पत्र सौंप मामले का पटाक्षेप कर दिया। नगर में बिजली घर के सामने अंग्रेजी शराब की दुकान है। इसका संचालन संदीप गुप्ता करते हैं। रात लगभग 10 बजे वह बिक्री का बिक्री का पैसा लेकर दुकान बंद कर ही रहे थे कि नौ, दस की संख्या में कुछ युवक पहुंचे। किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। मामले को लेकर मारपीट हुई। दुकान संचालक की स्कार्पियो भी क्षतिग्रस्त हो गई। संचालक ने आरोप लगाया कि बिक्री का एक लाख 60 हजार रुपया लूट लिया गया है। वह सूचना देने थाने पहुंचे तो पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक सभी आरोपित फरार हो चुके थे। शनिवार की सुबह से लेकर दोपहर बाद तक मामले को लेकर गहमा-गहमी बनी रही।

# मनबढ़ ने तोड़ी मां काली की मूर्ति, ग्रामीणों में आक्रोश

रगड़गंज: रामकोला थाना के सिधावें के टोला छोटी विजयपुर में स्थित काली मां की मूर्ति किसी मनबढ़ ने शुक्रवार की रात तोड़ दिया। शनिवार की सुबह लोग नित्यक्रिया के लिए निकले तो देखा कि मूर्ति क्षतिग्रस्त है। ग्रामीण इस घटना को लेकर नाराज हैं। रामकोला एसएचओ आनंद कुमार गुप्ता बताया कि इसकी कोई जानकारी मुझे नहीं है।यदि ऐसी कोई बात है तो, जानकारी कर कार्रवाई की जाएगी ।

# पिकअप से चार गोवंश बरामद, तस्कर गिरफ्तार

## तमकुहीराज से गोवंश की खेप मुजफ्फरपुर ले जा रहा था, पशु क्रूरता अधिनियम का मुकदमा

**जासं, सलेमगढ़ :** तरयासुजान पुलिस ने क्षेत्र के बहादुरपुर के पास फोरलेन पर पिकअप से चार गोवंश बरामद कर तस्कर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान गौरव कुमार निवासी बरोदा थाना बुढ़ाना जिला मुजफ्फरपुर बिहार के रूप में हुई। पुलिस उसे जेल भेज दी।

बहादुरपुर चौकी प्रभारी शनि जावला टीम संग चौकी के सामने सुबह वाहनों की जांच पड़ताल कर रहे थे। इस बीच तमकुहीराज की ओर से आए पिकअप को रोक तलाशी ली तो चार गोवंश मिले। पुलिसकर्मियों ने चालक को दौड़ाकर पकड़ लिया। उसकी पहचान बिहार निवासी के रूप में हुई। उसने बताया कि तमकुहीराज से गोवंश की खेप लेकर बिहार के मुजफ्फरपुर ले जा रहा था। पुलिस पिकअप को कब्जे में ले थाने ले गई। चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले में गोवध तथा पशु क्रूरता अधिनियम का मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# चोरों का आतंक... शहर से गांव तक पहरेदारी

## कुबेरस्थान क्षेत्र में रिश्तेदारी में आए युवक को चोर समझकर पीटा

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** चोर दिन में रेकी कर रात में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। गांव से लेकर शहरी इलाकों में चोर गिरोह के आने की आशंका में लोग भयभीत हैं। लोग लाठी-डंडा लेकर रात में पहरा दे रहे हैं।

कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के एक गांव में देर रात रिश्तेदारी में आए युवक को लोगों ने चोर समझ लिया और उसकी पिटाई कर दी। लोगों का कहना है कि दिन के वक्त रेकी करने के बाद रात के समय चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। वहीं, पुलिस चोर गिरोह आने की आशंका से इन्कार कर रही है। पुलिस का कहना है कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। यदि कहीं संदिग्ध दिखें तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।



सुकरौली में चोरी के डर से रात में निगरानी करते ग्रामीण। स्रोत-ग्रामीण

शहर से लेकर गांव तक लोगों में चोरों का खौफ है। जिले के कई थानों क्षेत्रों में इन दिनों चोरी की घटनाएं भी हुई हैं। इन घटनाओं के बाद लोग चोर गिरोह के सक्रिय होने की आशंका जताते हुए पहरा देना शुरू कर दिया है। शहर के सहस्त्रबाहु अर्जुननगर में एक सप्ताह पूर्व चार-पांच अज्ञात व्यक्ति पहुंचे। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि सुबह आए संदिग्धों ने कुछ लोगों से बातचीत की और एक मंदिर के निर्माण में सहयोग की मांग की। स्वेच्छा से कुछ लोगों ने उन्हें चंदा के नाम पर सहयोग भी किया।

सुबह वे लोग सहयोग राशि लेने के बाद चले गए, लेकिन रात में मोहल्ले के एक डॉक्टर के घर से इन्वर्टर की बैटरी चोरी हो गई।

लोगों ने आशंका जताई कि जो लोग सुबह उनके घर सहयोग मांगने आए थे, उन लोगों में से एक व्यक्ति घर के बरामदे तक गया था। इसके अलावा शहर के कई अन्य मोहल्लों में भी इन दिनों संदिग्ध देखे जा रहे हैं। संदिग्धों को देखते ही लोग पता लगाने में जुट जा रहे हैं। इसके बाद चकमा देकर वे फरार हो जा रहे हैं।

*पुलिस की कई टीमों का गठन करके तफ्तीश की जा रही है। मैं स्वयं घटनाओं को लेकर सक्रिय हूं। पीआरवी को भी और अधिक सक्रिय किया गया है। शीघ्र ही अपेक्षित परिणाम दिखेगा। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी गांव में कोई संदिग्ध नजर आता है तो पहले उससे पूछताछ करें और उचित जवाब नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दें।* - **अभिषेक प्रताप अजेय**, सीओ सदर

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

जासं,अहिरौली बाजार: क्षेत्र के खोट्ठा चौराहे के समीप नहर की पुलिया से अहिरौली बाजार पुलिस ने शनिवार को दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस उसे न्यायालय ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय टीम संग गश्त पर थे। खोट्ठा चौराहे के समीप नहर पुलिया के पास मौजूद अधेड़ पुलिस का वाहन देख तेजी से भागा। पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित व फरार चल रहे रामप्रवेश प्रजापति निवासी खोट्ठा अहिरौली बाजार के रूप में हुई। टीम में दारोगा राजनरायन यादव आदि शामिल रहे।

# चोरी का सिलसिला जारी, फिर एक घर को बनाया निशाना

जासं, तुर्कपट्टीः क्षेत्र के महुंअवा कारखाना में शुक्रवार की रात एक घर को चोरों ने निशाना बनाया। दूसरी मंजिल पर छत के रास्ते घुसकर घर में रखे आभूषण व नकदी चुरा लिए। रात में ही जानकारी होने पर पीड़ित परिवार शोर मचाया तो ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। दूसरी ओर तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में एक पखवाड़ा में तीसरी चोरी की घटना को लेकर लोग दहशत में हैं।

गांव के हुल्ला टोला के सलाउद्दीन का परिवार प्रतिदिन की भांति भोजन कर सो गए। रात 11 बजे गर्मी के कारण सलाउद्दीन छत पर सोने के लिए दूसरी मंजिल पर गए तो दरवाजा खुला था। अटैची व सिलाई मशीन बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो आलमारी का लाकर टूटा था और उसमें रखे जेवरात व नकदी गायब थ। बाक्स व अटैची का भी ताला टूटा था।

# महिलाओं से 30 लाख की धोखाधड़ी के मामले में तीन लोगों पर मुकदमा

जासं, मैरोगंज: जटहां बाजार थाने के हिरनही गांव के समूह की नौ महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर गांव के ही एक व्यक्ति पर फर्जी तरीके से बैंक से 30 लाख का ऋण निकालकर फरार होने का आरोप लगा कार्रवाई की मांग की थी। वहां से लौटकर पीड़ित महिलाओं ने थाने में तहरीर सौंपी। उस आधार पर शुक्रवार की देर शाम पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी, अपशब्दों का प्रयोग व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। रमावती देवी, प्रमिला, खदेरनी देवी, तैरुन, समीना, वसीरुन, उर्मिला देवी, अंगीरा देवी समेत नौ महिलाओं ने तहरीर सौंपकर बताया कि गांव के सरोज आलम लगभग छह माह पहले समूह के माध्यम से विभिन्न बैंकों में हम लोगों का खाता खोलवाया था। सभी महिलाओं का बैंक पासबुक और एटीएम कार्ड अपने पास रख लिया। कहा कि जब ऋण स्वीकृत हो जाएगा तो पैसा निकालने के लिए सबको पासबुक व एटीएम दे देंगे। हम लोगों के खाते से 30 लाख रुपये निकाल 29 अप्रैल 2024 को वह घर छोड़ कर फरार हो गया। बैंक के कर्मचारी ऋण की वसूली करने सभी के घर आए तो सच्चाई की जानकारी हुई। समूह की सभी महिलाएं आरोपित के घर पैसा मांगने गईं तो उसके पिता हकीम व भाई सद्दाम धमकी देने लगे।

# ड्रोन कैमरे से होगी मेले की निगरानी

**गंगुआ बाजार।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के समउर बाजार में रविवार की रात से दो दिवसीय डोल मेला लगेगा। सीओ जितेंद्र सिंह कालरा की अध्यक्षता में समउर बाजार पुलिस चौकी पर बैठक की गई। इसमें ड्रोन कैमरे से मेले की निगरानी के लिए सीओ ने निर्देश दिया।

सीओ ने बताया कि रविवार की रात व सोमवार को दिन में लगने वाले मेले को लेकर कड़ी चौकसी बरती जा रही है। मेले की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे का भी इस्तेमाल किया जाएगा। तमकुहीराज एसएचओ अमित शर्मा ने बताया कि डोल मेले को लेकर समउर बाजार समेत अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में खास चौकसी बरती जा रही है।

मेले में स्थानीय पुलिस के अलावा आठ थानाध्यक्ष, 30 दरोगा, एक प्लाटून पीएसी, चार महिला एसआई, 20 महिला कांस्टेबल, 150 हेड कांस्टेबल व सिपाही, अग्निशमन दल के अलावा सादे ड्रेस में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। संवाद

# गोवध मामले का वांछित गिरफ्तार

**रामकोला।** पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर दर्ज जेल भिजवा दिया। लक्ष्मीगंज चौकी प्रभारी शिवम द्विवेदी ने बताया कि वांछित पश्चिमी चंपारण मटिहिनिया थाना क्षेत्र भुस्की वार्ड निवासी भोला कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। संवाद

# एसपी की मौजूदगी में 54 मामले आए, सिर्फ 10 का निस्तारण

पडरौना। पडरौना कोतवाली में शनिवार को जिला स्तरीय थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी संतोष कुमार मिश्र ने फरियादियों की फरियाद सुनी। यहां एसपी की मौजूदगी में कुल 54 मामले आये, जिसमें से सिर्फ 10 मामलों का ही निस्तारण हो सका। शेष मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई।

दिन के 10 बजे से लेकर दोपहर बाद दो बजे तक एसपी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 54 शिकायतें आईं। इसमें राजस्व के 30, पुलिस के 20 व अन्य विभागों से संबंधित चार शिकायतें आईं। मौके पर एसपी ने 10 मामलों का निस्तारण कर दिया। संवाद

# पुलिस ने पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार किया

कुशीनगर। जिले की कसया थाने की पुलिस ने शनिवार को वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित अभियुक्त नागेन्द्र पांडेय पुत्र रामायन पांडेय निवासी झुंगवा थाना कसया को गिरफ्तार किया।

# प्रेमजाल में फंसाकर बनाया संबंध, केस दर्ज

## वीडियो वायरल करने की भी दी धमकी, युवती की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**रामकोला।** रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव की 20 वर्षीय युवती को बगल के युवक ने प्रेमजाल में फंसा लिया। युवती का आरोप है कि युवक ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया और चुपके से वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगा।

इस मामले में युवती ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। युवती को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया है।

तहरीर में युवती ने बताया है कि जब वह अपने गांव से निकलती थी तो रास्ते में बगल गांव का निवासी एक युवक उसका पीछा करता था। उसने झांसे में लेकर पहले मोबाइल नंबर ले लिया और इसके बाद बातचीत करने लगा।

युवती भी उसके प्रेमजाल में फंस गई। इसके बाद जब दोनों की नजदीकियां बढ़ी तो युवक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा। युवती का आरोप है कि इस दौरान चुपके से उसका वीडियो भी बना लिया और बाद में वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करने लगा। शर्त नहीं मानने पर युवक आये दिन सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने की धमकी भी देता था।

युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म व धमकी देने समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता को महिला कांस्टेबल के साथ चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया है।

# बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में केस

उजारनाथ। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र की 15 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया है।

किशोरी की मां ने तहरीर देकर बताया है कि उसकी नाबालिग बेटी को उसके ही गांव का युवक 30 जुलाई की भोर में भगा ले गया। काफी खोजबीन के दौरान पता चला कि गांव के कुछ लोगों ने आरोपी की मदद की थी। एसओ संजय कुमार ने बताया कि किशोरी के मां की तहरीर पर मामले में केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-15-09-2024

## जिला जज ने किया राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ, वादों के निस्तारण को उमड़ी भीड़

# 57371 वादों का सुलह-समझौते के आधार पर किया गया निस्तारण

**राष्ट्रीय लोक अदालत**



शनिवार को दीवानी न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जिला जज नीरज कुमार ने किया। ● हिन्दुस्तान

**महराजगंज, निज संवाददाता।** जिले के दीवानी कोर्ट में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जिला जज नीरज कुमार ने किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते से 57371 वादों का निस्तारण किए गए। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए विभिन्न बैंकों के स्टॉल लगाए गए थे। शनिवार की सुबह सुलह समझौते से अपने वादों के निस्तारण के लिए वादकारी उमड़ पड़े। बैंकों के स्टालों पर कर्ज अदायगी को लेकर दिन भर भीड़ लगी रही।

राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला जज ने 56 वादों का निस्तारण किया गया। पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर न्यायाधीकरण द्वारा 48 वादों का निस्तारण कर 3,06,55000 रूपये का क्षतिपूर्ति दिलवाया। प्रधान न्यायाधीश, परिवार कोर्ट द्वारा 26 वैवाहिक वादों का निस्तारण किया गया। अध्यक्ष, स्थाई लोक अदालत द्वारा चार वादों का निस्तारण कर 29,964 रूपये का क्षतिपूर्ति दिलवाया। इसी प्रकार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्या एक द्वारा 9 वादों का निस्तारण किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट सं.3 द्वारा 79 विद्युत तथा 18 अन्य वादों का निस्तारण किया। विशेष न्यायाधीश, अनन्य न्यायालय द्वारा 13 वादों का निस्तारण किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, त्वरित न्यायालय द्वारा 11 वादों का निस्तारण किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, त्वरित न्यायालय, कोर्ट सं.-2 द्वारा भी 11 वादों का निस्तारण कर 20,000 रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 1300 वादों का निस्तारण कर 26,600 रूपये अर्थदण्ड वसूल किया गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महराजगंज द्वारा 1576 वादों का निस्तारण कर 75,400 रूपये अर्थदण्ड वसूल तथा 11,01,419 रूपये का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र भी जारी किया गया। सिविल जज, जूडि द्वारा 1079 वादों का निस्तारण किया गया। वहीं उन्होंने 24,650 रूपये अर्थदण्ड वसूल किया गया। डीएम अनुनय झा, एसपी सोमेन्द्र मीणा, प्रधान न्यायाधीश रवि नाथ, प्रभारी पीठासीन अधिकारी संजय मिश्रा, अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत राघवेन्द्र मणि त्रिपाठी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष पवन कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### पीड़ित पिता को मिला मुआवजा

जिले के दीवानी न्यायालय में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को श्यामदेऊरवा थानाक्षेत्र के ग्राम सेमरा चंद्रौली निवासी पीड़ित पिता जितेन्द्र कुमार को अधिवक्ता अजय वर्मा द्वारा पैरवी कर 4 लाख 80 हजार रूपये मुआवजा इंश्योरेंस कंपनी से दिलवाया। जितेन्द्र कुमार की नौ वर्षीय पुत्री की मौत तीन माह पहले सड़क दुर्घटना में हो गई थी।

# जवानों से भिड़े तस्कर, जब्त सामान छीनने की कोशिश

## कस्टम विभाग के सुपुर्द करने निचलौल लेकर जा रही थी एसएसबी की टीम, 6 नामजद सहित 16 लोगों पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी टीम को तस्करों ने धमकी देकर तस्करी का बरामद सामान छीनने का प्रयास किया। मकसद में असफल तस्कर एसएसबी टीम के साथ दुर्व्यवहार कर भाग निकले।

इस मामले में पुलिस ने एसएसबी जवान के तहरीर पर शनिवार को 6 नामजद सहित कुल 16 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर किया है। झुलनीपुर बीओपी के उपनिरीक्षक खईजामांग ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 सितंबर को भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी का अवैध सामान बरामद किया गया था। शाम करीब साढ़े चार बजे बरामद सामान लेकर टीम सरकारी वाहन से निचलौल कस्टम को सुपुर्द करने जा रही थी। रेंगहिया गांव के पास एक युवक वाहन के सामने खड़ा हो गया। फिर वाहन चालक आरक्षी देवासुर मीणा ने किसी तरह वाहन को नियंत्रित कर रोक दिया। इसी बीच कुछ लोग और आ गए। अभी वह लोग कुछ समझ पाते की उन्हें धमकी देने लगे।

इस दौरान आरोपियों ने वाहन में लदा सामान लूटने का भी प्रयास करने लगे। गनीमत रहा कि किसी तरह आरोपियों के चंगुल से बचते हुए वाहन चालक आरक्षी देवासुर मीणा वाहन लेकर उक्त जगह से आगे बढ़ने लगे। उस दौरान आरोपियों ने वाहन पर पत्थरबाजी करते हुए अमड़ी पुल के आगे तक पीछा किया, लेकिन मकसद में असफल रहने पर उन्हें धमकी देते हुए भाग निकले।

बताया जा रहा है कि तस्करों की ओर से अवैध सामान की तस्करी कर भारत लाया जा रहा था, जिसे एसएसबी टीम ने बरामद कर लिया था। जिसे छुड़ाने के लिए तस्कर आक्रोशित थे।

### पहले भी तस्कर एसएसबी टीम पर कर चुके है हमला

■ 7 अगस्त 2020 को भारत नेपाल सीमा से सटे बरगदवा थाना क्षेत्र के चकरार गांव के पास गश्त कर रहे एसएसबी जवान 37 वर्षीय अमरेंद्र पांडेय पर खाद लेकर नेपाल जा रहे तस्करों ने हमला कर लहूलुहान कर दिया था। इतना ही नहीं घायल जवान को तस्कर खींचकर नेपाल ले जा रहे थे। ■ 16 जुलाई 2024 की रात में निचलौल थाना क्षेत्र के भारत नेपाल सरहद पर शीतलापुर बीओपी के एसएसबी टीम बाइक से गश्त पर निकली थी। इसी बीच तस्करों ने मौका पाकर सुरक्षा टीम की एक बाइक चुरा ली। ■ 3 दिसंबर 2023 को इंडो-नेपाल सीमा की निगरानी व तस्करी पर रोकथाम के लिए एसएसबी की ओर से पिलर संख्या 506/11 के पास अस्थायी निगरानी पोस्ट बनाया गया था। रात दो बजे के बाद चेकपोस्ट सुनसान देख तस्करों ने आग लगा दिया था।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल गया

**भिटौली।** थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती से घुघली थाना क्षेत्र के एक युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगा। पुलिस ने सेमरा राजा टोल प्लाजा से उक्त आरोपी युवक का लोकेशन मिलने पर दबोच लिया। भिटौली थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार वैश्य, उपनिरीक्षक अखिलेश यादव, चंद्रपाल यादव, विद्यासागर, राजमोहन यादव, रामप्रवेश यादव, परमहंस गौड़ एवं रवि प्रताप सिंह गिरफ्तार करने वाली टीम में शामिल रहे।

# समाधान दिवस में आए 75 मामले, 20 को सुलझाया

- एसपी सोमेन्द्र मीना ने कोतवाली में फरियादियों की समस्याओं को सुना
- पुलिस व राजस्व को संयुक्त रूप से निस्तारण करने का दिया निर्देश

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** जिले के समस्त थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस पर एसपी सोमेन्द्र मीना ने थाना कोतवाली में फरियादियों की समस्याओं को सुना। मौके पर पहुंचे फरियादी की समस्याएं सुन उसकी तत्काल निस्तारण किया गया। जबकि अन्य फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित जिम्मेदारों को निर्देशित किया गया।

जनपद के सभी थानों में आयोजित समाधान दिवस में कुल 75 मामले आए, जिनमें 20 का निस्तारण किया गया। एसपी सोमेंद्र मीना ने जमीन सम्बंधित सभी मामलों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से प्रकरण के निस्तारण के निर्देश दिए। कोल्हुई थाने पर एसओ सतेंद्र रॉय के नेतृत्व में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान राजस्व संबंधित कुल चार मामले आये। इस अवसर पर लेखपाल गौरव सिंह, शांत विजय सिंह, बलराम, राजेन्द्र कुमार समेत पुलिस टीम मौजूद रही। पुरंदरपुर संवाद के अनुसार पुरंदरपुर थाने में आयोजित थाना दिवस में थाना प्रभारी पुरुषोत्तम राव के नेतृत्व में सुनवाई हुई। समाधान दिवस में 6 मामले आये थे, जिसमें दो मामलो का निस्तारण मौके पर कर दिया गया है। बाकी मामलों के निस्तारण के लिये टीम बनाकर भेजी गई। निचलौल थाना परिसर में शनिवार को एसडीएम मुकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 10 मामले आए। इनमें राजस्व विभाग के छह और पुलिस विभाग के चार मामले रहे। इनमें पुलिस विभाग के चार मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान एसओ देवेन्द्र कुमार सिंह, एसआई प्रधान यादव, राजस्व निरीक्षक अवधेश सिंह आदि मौजूद रहे।

भिटौली संवाद के अनुसार भिटौली थाने पर सामाधान दिवस में एसडीएम सदर रमेश कुमार व सीओ सदर आभा सिंह ने जनसुनवाई की। दो मामले आए। जिसमें एसडीएम राजस्व और पुलिस टीम गठित कर निस्तारण के लिए निर्देशित किया। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार वैश्य, चौकी प्रभारी सिसवा मुंशी अखिलेश यादव, कानूनगो विजय तिवारी, अनिल मिश्रा, अंजनी श्रीवास्तव, शीला चौधरी व तृप्ति पाण्डेय मौजूद रहे।

# चार महिलाओं समेत पांच पर केस दर्ज

**सिन्दुरिया।** सिन्दुरिया क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गांव की चार महिलाओं समेत पांच लोगों पर मारने-पीटने व उसके कपड़े फाड़ देने का आरोप लगा एसपी को शिकायती पत्र दिया। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। एसओ अखिलेश वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांचों आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# युवती को भगाने के मामले में छह पर मुकदमा दर्ज

**सिन्दुरिया।** क्षेत्र के एक गांव से 20 वर्षीया युवती को उसी गांव का एक युवक घर के पांच सदस्यों के सहयोग से शादी का झांसा देकर भगा ले गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने युवक सहित छह लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। एसओ अखिलेश वर्मा ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# नाबालिग को अगवा करने का मुकदमा दर्ज

**सिन्दुरिया।** क्षेत्र के एक गांव में कक्षा दस में पढ़ने वाली नाबालिग बालिका को भगाने के मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज किया है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आरोपित नेपाल राष्ट्र के जिला नवल परासी के एक गांव का निवासी है। एसओ अखिलेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध नाबालिग बालिका के अपहरण का केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# चंदन कारोबारी तक पहुंची कस्टम की टीम

फॉलोअप

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** नौतनवा कस्बे के बाईपास पर स्थित एक गोदाम से रक्त चंदन की खेप मिलने के बाद कस्टम विभाग चौकन्ना हो गया है। ऐसे कई गोदाम को चिह्नित कर कस्टम विभाग पता लगाने में जुटा है कि रक्त चंदन और कहां-कहां छिपाया गया है? ढाई टन रक्त चंदन की बरामदगी के बाद गोदाम संचालन की जांच में जुटी कस्टम विभाग की टीम कारोबारी के ठिकाने तक पहुंचती दिख रही है। कस्टम विभाग ने गोदाम संचालक को उसके दिल्ली के पते पर सम्मन भी जारी कर दिया है।

नौतनवा कस्बे के एक व्यक्ति से किराए पर लेकर यह गोदाम दिल्ली का रहने वाला कारोबारी बनाया था। बताया जा रहा है कि दक्षिण भारत से रक्त चंदन की लकड़ियां मंगाकर नेपाली ट्रक के जरिए नेपाल की सीमा में पहुंचाया जा रहा था। वहां से रक्त चंदन चीन पहुंच रही थी। बताया जा रहा है कि वह पिछले एक वर्ष से उक्त गोदाम को किराए पर ले रखा था, जहां से रक्त चंदन के अवैध कारोबार को अंजाम दे रहा था। इंडो-नेपाल सीमा से नेपाली ट्रक में चंदन की लकड़ी बरामद होने के बाद चंदन कारोबारी गोदाम के शटर व गेट पर ताला बंद कर फरार हो चुका है। लेकिन जांच एजेंसियां कुछ ही घंटे में पता लगा लीं कि किस गोदाम से चंदन की लड़कियां नेपाली ट्रक पर लोड की गई थीं। कस्टम की छापेमारी में गोदाम में ही बेडरूम बना मिला, जहां चंदन की लड़कियों को छिपाकर रखा गया था। कस्टम विभाग ने इस गोदाम से करीब एक टन रक्त चंदन बरामद भी किया था।



इंडो-नेपाल बॉर्डर की सोनौली सीमा।

- **नौतनवा गोदाम से बरामद रक्त चंदन के कारोबारी का दिल्ली में बताया जा रहा ठिकाना**

## अवैध कारोबार को लेकर सुर्खियों में रहती है सीमा

नेपाल सीमा अवैध कारोबार को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती है। कभी नशीली दवाएं, मादक पदार्थ या फिर अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी हो, बड़ी बरामदगी के बाद सुरक्षा एजेंसियां चौकस होती हैं। लेकिन बेखौफ कारोबारी अपने काम को अंजाम देने में जुटे ही रहते हैं। इन दिनों नेपाल सीमा पर लहसुन, प्याज, टमाटर, चावल, चीनी की भी तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है। कुछ वस्तु भारत से नेपाल जा रहे हैं तो कुछ नेपाल से भारत की सीमा में लाई जा रही है।

# 10 बोरी गेहूं बरामद, आरोपी मौके से हुआ फरार

**खनुआ।** एसएसबी 66 वीं वाहिनी के बीओपी हरदीडाली के जवानों ने गश्त के दौरान भारत-नेपाल सीमा के पिलर संख्या 524 के पास से गेहूं बरामद किया है। हरदीडाली बीओपी के इंस्पेक्टर खुशी लाल राय ने बताया कि भारतीय सीमा क्षेत्र की तरफ से कुछ लोग सिर पर बोरा लेकर नेपाल जाने के फिराक में दिखे। जवानों को देखते ही सामान छोड़कर नेपाल सीमा में प्रवेश कर गए। सामानों की तलाशी ली गई तो 10 बोरी गेहूं बरामद हुआ।

# कोल्हुई में आयोजित शिविर में 70 की हुई जांच

**कोल्हुई।** कोल्हुई में डॉ. देव वी. पांडेय ने आयोजित शिविर में 70 लोगों के आंखों की जांच की। शिविर आयोजक डॉ. विवेक मिश्र ने अपनी मां की स्मृति में शिविर लगवाया। शिवकुमार यादव, दीपक गुप्ता और दीपक राजभर इसमें सक्रिय भूमिका में रहे।

# 55 फरियादी लौटे निराश, 20 को मिला न्याय

**थाना समाधान दिवस**




सदर कोतवाली में थाना समाधान दिवस में समस्याएं सुनते एसपी सोमेन्द्र मीना ● जागरण

जागरण संवाददाता, महराजगंजः जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों की भीड़ उमड़ी रही। थाना दिवस में कुल 75 मामले सामने आए, जिसमें से 20 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। 55 फरियादियों आश्वासनों की घुट्टी पिला कर वापस लौटा दिया गया। सदर कोतवाली में पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में एक मामला आया, जिसे उन्होंने मौके पर ही निस्तारित कर दिया। उन्होंने कहा कि भूमि सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े और प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने जमीन सम्बंधित थाना स्तर, आइजीआरएस या अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को थाना समाधान दिवस रजिस्टर में अंकित करने एवं समाधान दिवस पर दोनों पक्षों को बुलवाकर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा निस्तारित किए जाने के लिए निर्देशित किया। भिटौली संवाददाता के अनुसार थाने पर समाधान दिवस में एसडीएम सदर रमेश कुमार व सीओ सदर आभा सिंह ने जनसुनवाई की। दो मामले आए। जिसमें एसडीएम ने राजस्व और पुलिस टीम गठित कर निस्तारण के लिए निर्देशित किया। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार वैश्य, चौकी प्रभारी सिसवा मुंशी अखिलेश यादव, कानूनगो विजय तिवारी, अनिल मिश्रा मौजूद रहे। श्यामदेउरवा संवाददाता के अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। सुनवाई के दौरान कुल सात मामले आये। जिसमें पांच मामले पुलिस के एवं दो मामले राजस्व से संबंधित आए। इसमें तीन मामलों का निस्तारण किया गया। उपनिरीक्षक, कानूनगो एवं हल्का लेखपाल मौजूद रहे। नौतनवा थाना सभागार में प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने जनसुनवाई की। राजस्व से संबंधित कुल दो मामले आए, जिनके निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर भेजी गईं। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाता है।

# बारावफात को लेकर एसडीएम व सीओ ने किया फ्लैग मार्च

जासं, हरपुर तिवारीः सदर एसडीएम रमेश कुमार व सीओ सदर आभा सिंह के नेतृत्व में शनिवार को बारावफात को लेकर बड़हरा बरईपार में श्यामदेउरवा पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। एसडीएम ने कहा कि शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं। कोई नई परंपरा की शुरुआत नहीं होगी। सौहार्द बिगाड़ने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। सीओ ने बताया कि सोमवार को रूट डायवर्जन होगा। महराजगंज से आने वाली सभी वाहन छातीराम नहर होते हुए कप्तानगंज रोड पर स्थित सांई मंदिर होते हुए अमवा चौराहे पर जाकर गोरखपुर जाएंगे और गोरखपुर से आने वाले वाहन पिपरिया मदरसा के बगल से नहर होते हुए छपिया मोड़ तक जाकर महराजगंज जाएंगे। फ्लैग मार्च में श्यामदेउरवा थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह सहित स्थानीय पुलिस मौजूद रही।

# 57371 वादों का निस्तारण कर बनाया नया रिकार्ड

- राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला जज ने स्वयं भी 56 वादों का किया निस्तारण
- विभिन्न बैंकों के 13.63 करोड़ रुपये की हुई नकद वसूली, तीन करोड़ का दिलाया गया प्रतिकर

जागरण संवाददाता, महराजगंजः दीवानी न्यायालय में शनिवार को जिला जज नीरज कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें कुल 57371 वादों का निस्तारण करते हुए न्यायाधीशों ने एक नया रिकार्ड कायम किया। जिले में अबतक के लोक अदालतों में सर्वाधिक 52 हजार वादों का ही निस्तारण हुआ था। इस उपलब्धि पर जिला जज ने सभी न्यायिक अधिकारियों की सराहना की।

दीवानी न्यायालय में शनिवार की सुबह राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जिला जज के साथ पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना और न्यायिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करते हुए किया। इसके बाद शुरु हुई सुनवाई शाम तक चलता रहा।

जिला जज ने स्वयं 57 वादों का निस्तारण किया। इसी क्रम में मोटर दुर्घटना प्रतिकर पीठासीन अधिकारी ने 48 वादों का निस्तारण किया। इसी क्रम में परिवार न्यायालय की ओर से 26, अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत की ओर से चार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक द्वारा नौ, कोर्ट संख्या तीन द्वारा 79, एससी-एसटी न्यायालय द्वारा 13, त्वरित



राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करते जिला जज नीरज कुमार व उपस्थित अन्य न्यायिक अधिकारी ● जागरण

न्यायालय प्रथम व द्वितीय द्वारा 11-11 मामलों का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 1300, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 1576 वादों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में चार करोड़ 94 लाख 22 हजार 198 रुपये जहां ऋणधारकों को बैंकों से छूट दिलाया गया, वहीं तीन करोड़ छह लाख रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में वादकारियों को दिलवाया गया। एक लाख 22 हजार 130 रुपये अर्थदंड वसूले गए। इसी क्रम में दो लाख चार हजार 579 रुपये का उत्तराधिकार प्रमाणपत्र जारी किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार जाटव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार की सुबह जिला जज नीरज कुमार ने विभिन्न विभागों द्वारा लगे सहायता पटल का निरीक्षण किया गया। समस्त राजस्व, बैंक एवं चकबंदी न्यायालयों द्वारा कुल 57371 वादों का निस्तारण किया गया। बैंकों के कुल 1214 ऋण की वसूली से संबंधित मामलों का निस्तारण करते हुए 13 करोड़, 63 लाख, 45 हजार 58 रुपये वसूल किए गए। इस तरह से कुल आठ करोड़ 23 लाख, 72 हजार 984 रुपये के लोन का सेटलमेंट किया गया। न्यायिक अधिकारियों में रविनाथ, संजय मिश्रा, राघवेंद्र मणि त्रिपाठी, पवन कुमार श्रीवास्तव, विनय कुमार सिंह, फूलचंद्र कुशवाहा, अभय प्रताप सिंह, मुकेश कुमार यादव, असगर अली, सुनील नागर, आसिफ नवाज खान, प्रिया नागर, सोनल सिंह मौजूद रहे।

**यह और अन्य खबरें देखे-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# कमहरिया में पुलिस बल तैनात, आरोपित फरार

जागरण संवाददाता, भिटौली: कमहरिया खुर्द में पांच सितंबर को धारदार हथियार से बरगदही निवासी इरफान की हत्या कर दी गई। वह अपने बहन के वहां से दावत खाकर अपने घर जा रहा था। उसके भाई इबरार की तहरीर पर भिटौली पुलिस ने आठ नामजद व अन्य के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छह आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए भिटौली पुलिस लागातार दबिश दे रही है।

कमहरिया खुर्द में पांच सितंबर से ही दिन रात पुलिस तैनात हैं। आरोपित घर में ताला मार फरार है। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार वैश्य ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें लगी हुई है। गांव में पुलिस बल तैनात है। शीघ्र ही अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी होगी।

# महिला अपराध के प्रति कस्तूरबा की छात्राओं को किया जागरूक

जासं, कोठीभार: एंटी रोमियो की टीम ने सिसवा कस्बे के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान शनिवार को स्कूली बच्चियों को जागरूक किया। एंटी रोमियो टीम की उपनिरीक्षक पूजा यादव ने बताया कि की उनकी टीम पुरी तरह सक्रिय है यदि कोई भी मनचला या अराजक तत्व किसी भी लड़की के साथ अभद्र व्यवहार करते पाया गया या किसी की कोई शिकायत मिलती तो पुलिस उनके साथ सख्ती से पेश आएगी।

उन्होंने बच्चियों से कहा कि किसी से उनको डरने की जरूरत नही है किसी भी समस्या होने पर वह उनसे कभी भी संपर्क कर सकती है। उप निरीक्षक संदीप कुमार ने पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 व महिला हेल्प 1090 साइबर क्राइम 1930 व चाइल्ड हेल्प 1098 के बारे में जानकारी दी।

# उप निरीक्षक समेत 32 पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण

महराजगंज : कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने उप निरीक्षक और पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में फेर बदल किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उप निरीक्षक, हेड कांस्टेबल सहित 32 कर्मियों को एक थाने से दूसरे थाने के लिए स्थानांतरित किया गया है।

# जीजा पर नाबालिग साली के अपहरण का मुकदमा

जासं, खनुआ : सोनौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति द्वारा अपनी नाबालिग साली को भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपित व अपहृत किशोरी की तलाश में जुट गई है। पीड़ित सुधीराम ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उसके बड़ी पुत्री का विवाह 20 फरवरी 2022 को सिद्धार्थनगर जिला के एक गांव में हुआ था।

बीते 24 अगस्त को दामाद उसकी 15 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसला कर भगा ले गया। आरोप है कि अपहरण के साजिश में दामाद के अलावा उसके समधी समेत उसी परिवार की महिला सदस्य भी शामिल हैं। काफी खोजबीन बाद यह पता चला है कि बहला फुसला कर भगाई गई किशोरी दिल्ली में है। सोनौली थानाध्यक्ष अंकित सिंह ने बताया कि मामले में नाबालिग को अपहरण करने व साजिश में एक से अधिक लोगों के शामिल होने की भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# न्यायालय के आदेश पर छह के विरुद्ध दर्ज किया केस

सिंदुरिया। जगरनाथ पुर उर्फ जौरहर निवासी अवधेश चौरसिया ने छह लोगों के विरूद्ध मारपीट, लूट तथा सामान क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया। इस मामले में न्यायालय ने पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया। छह आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है। जगरनाथपुर उर्फ जौरहर निवासी अवधेश चौरसिया ने न्यायालय में 156 तीन के तहत वाद दाखिल कर बताया कि अपनी जमीन पर शौचालय बनवाया था। अपनी सुविधा अनुसार उपयोग करता था। चहारदीवारी कर लोहे का गेट पश्चिम तरफ लगा दिया था। 13जून को सुबह पांच बजे जब शौच के लिए गया तो गेट पर ताला बंद है। विरोध करने पर लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर छह लोगों पर केस दर्ज हुआ है। संवाद

# किशोरी को भगाने के आरोप में केस दर्ज

सिंदुरिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने 15 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। सिंदुरिया थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उनकी नाबालिग बेटी 11 सितंबर सुबह दस बजे स्कूल जा रही थी। जो कक्षा-10 की छात्रा है। नेपाल का एक युवक बहला-फुसला कर उसे भगा ले गया है। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# सात के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

सिंदुरिया। थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नारायणपुर की एक युवती की शादी वर्ष 2020 में कोतवाली थाना क्षेत्र के लखिमा थरुआ में प्रदीप गुप्ता से हुई थी। पिता ने दहेज व सामान देकर लड़की का विदाई किया। कुछ दिनों तक सब सही रहा लेकिन कुछ दिनों बाद ससुराल पक्ष के दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-15-09-2024

# सुलह समझौते से मामलों का निपटारा

**बस्ती (एसएनबी)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बस्ती के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना के कुशल मार्गदर्शन में तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अपर जिला जज अनिल कुमार के प्रभार में जनपद न्यायालय परिसर, सभी ग्राम न्यायालय, सभी तहसील, राजस्व न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी रवीश गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी एवं अन्य विभाग का सराहनीय सहयोग रहा।



**राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ करते न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना ।**

राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के कुल 76417 वादों का निस्तारण किया गया जिसमें बैंक ऋण व अन्य प्रकार से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन स्तर पर 52628 मामलों को एवं न्यायालयों के 23789 वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर कराया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा कुल 95 मामलों निस्तारित किए गए जिसमें 15705500 की धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान की गई एवं आपराधिक वादों के निस्तारण के फलस्वरूप कुल 309460 की धनराशि अर्थदण्ड एवं अन्य मामलों में कुल 21986545 इस प्रकार कुल 22296005 की धनराशि वसूल की गई। इसके अतिरिक्त बैंक ऋण के मामलों को निस्तारित कराकर बैंकों द्वारा 30910914 की धनराशि पर समझौता किया गया। परिवार न्यायालय से कुल 82 मामलें निस्तारित हुए। उक्त लोक अदालत में पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अखिलेश दूबे, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कुमारी आराधना रानी, अपर जिला जज प्रथम शिव चन्द, अपर जिला जज/ विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट) राम करन यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष कुमार राय, सिविल जज (सीडी) अमित मिश्रा समेत न्यायिक अधिकारीगण ने प्रतिभाग लिया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला कारागार, बस्ती में निरुद्ध बन्दियों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प कला की प्रदर्शिनी भी लगाई गई, जो आम जन के क्रय हेतु भी उपलब्ध थी ।

# वाल्टरगंज में आयुक्त व आईजी ने सुनी फरियाद



फरियादियों की समस्या सुनते आयुक्त अखिलेश सिंह व आईजी आरके भारद्वाज।

■ वाल्टरगंज।

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

समाधान दिवस के मौके पर फरियादियों की फरियाद सुनने मंडल आयुक्त और पुलिस महानिदेशक बस्ती थाना परिसर मे पहुंच कर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित कर्मचारियों को मामले के निस्तारण करने का आदेश दिया इस दौरान थाना अध्यक्ष दिनेश चंद चौधरी भी मौजूद रहे।

मिली जानकारी के अनुसार सितंबर माह के द्वितीय शनिवार को थाना वाल्टरगंज में पुलिस सभागार में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जमीन से जुड़े मामले को लेकर थाना अध्यक्ष दिनेश चंद्र और राजस्व कर्मी समस्याओं का समाधान कर रहे थे की इसी दौरान मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह तथा पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज पहुचे और थाना वाल्टरगंज में समाधान दिवस पर आये फरियादियों की समस्याओं को एक-एक कर सुना। समाधान दिवस में फरियादियों से कुल 9 राजस्व सम्बन्धित/ पुलिस संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 1 प्रार्थना पत्र का निस्तारण मौके पर कराते हुए शेष को निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी/ कर्मचारीगण को निर्देश दिये गये। इस दौरान नायब तहसीलदार भानपुर पूजा वर्मा पहुंच गई और उन्होंने भी आए हुए प्रार्थना पत्रों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की बात कही। समाधान दिवस पर प्रभारी निरीक्षक वाल्टरगंज दिनेश चन्द चौधरी व समस्त हल्का उप निरीक्षक, बीट पुलिस अधिकारी व हल्का लेखपालगण मौजूद रहें।

# मार्ग दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** सड़क पार करते समय एक व्यक्ति तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। जिसकी इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थानान्तर्गत खझौला चौकी के पास वाहन चालक रमेश अपनी गाड़ी संख्या यूपी 14 एवी 3186 को खड़ी कर सड़क पार कर रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने उसे जोरदार ठोकर मारते हुए फरार हो गया। ठोकर लगने से रमेश गिरकर गम्भीर रूप से जख्मी हो गया और इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गयी। मामले में मृतक के पिता रामकुमार पुत्र श्याम लाल ग्राम खझौला थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध धारा 281, 106(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पैसे की लेनदेन में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** सोनहा थानान्तर्गत भानपुर स्थित पैसे की लेनदेन के विवाद को लेकर बदरी गौड़ व अनिल कुमार के बीच कहासुनी हो गयी। जिसके बाद अनिल कुमार व उसके परिवार वालो ने मिलकर बदरी को गालियां देते हुए लाठी डण्डे से जमकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित बदरी गौंड़ पुत्र रामदास ग्राम भानपुर थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार, अजय कुमार, रवि कुमार गौंड़ पुत्र मुराली, सुशीला देवी पत्नी मुराली गौड़ निवासीगण भानपुर थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 115(2), 351(2), 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बाइक भैंस से टकरायी महिला की मौत

**रूधौली (एसएनबी)।** विक्की सिंह अपनी पत्नी ज्योति के साथ ग्राम घनश्यामपुर थाना खोडारे जनपद गोंडा से निजी कार्य हेतु बाइक से रुधौली आ रहे थे कि अचानक रास्ते में भैंस की चपेट में आ गए जिससे ज्योति सिंह व विक्की सिंह गिरकर घायल हो गये। उन्हें स्थानीय लोगो द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुधौली ले जाया गया। जहां पर मौजूद डाक्टर ने ज्योति सिंह को मृत घोषित कर दिया। वही भैंस भी घायल हो गई। प्रभारी निरीक्षक रुधौली चंदन कुमार ने बताया कि गिधार गांव के पास बाइक और भैंस की टक्कर हो गई है मौके पर पुलिस बल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया जिसमे ज्योति सिंह की मृत्यु हो गई अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## जनपद में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ मुकदमों का निपटारा

# छह साल चला केस, वाहन स्वामी को मिला अब न्याय

**आयोजन**

बस्ती, निज संवाददाता। राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बस्ती में लगभग छह साल तक चले मुकदमें के बाद वाहन स्वामी को शनिवार को



आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में न्याय मिला। आयोग के मध्यस्थ महादेव प्रसाद दूबे की मध्यस्थता के बाद फाइनेंस कम्पनी वादी को छह लाख रुपये अदा करने पर राजी हो गई। महादेव प्रसाद दूबे ने बताया कि लोक अदालत में कुल पांच मामले मध्यस्थता के आधार पर निपटाए गए।

संतकबीरनगर जिले के ग्राम भानपुर, पोस्ट भगौसा निवासी बहरैची यादव ने शहर के मुरलीजोत की एक फाइनेंस कम्पनी से छह सितम्बर 2012 को वाहन खरीदने के लिए लोन कराया था। नियमित रूप से किस्त जमा कर रहा था। 10 नवम्बर 2016 को कम्पनी के लोगों ने उसका वाहन सेमरियावां स्थित सर्विस सेंटर से उठवा लिया तथा कुछ दिन बाद उसे बेच भी दिया। मामला उपभोक्ता फोरम में आया और 28 मई 2018 को बहरैची के पक्ष में फोरम ने फैसला सुनाया। कम्पनी की ओर से फोरम के निर्णय पर अमल नहीं करने पर मामला लटका था। लोक अदालत में सुलह के आधार पर छह लाख रुपये अदा करने पर कम्पनी राजी हो गई।

**उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में निपटे 83 मामले :** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में कुल 83 मामले सुलह-समझौते के आधार पर निपटाए गए। 14 पक्षकारों को कुल 20.60 लाख रुपये प्राप्त कराया गया। आयोग के अध्यक्ष अमरजीत वर्मा, सदस्य अजय प्रकाश सिंह, मध्यस्थ महादेव प्रसाद दूबे के साथ ही आयोग के स्टॉफ सत्येंद्र कुमार, तेज बहादुर सिंह, आशीष मिश्र, अनूप पांडेय, रामचंदर, सुनील, बृजलाल ने सहयोग प्रदान किया।

**तलाक लेने पर आमादा दादी-दादी फिर एक हुए :** परिवार न्यायालय में एक बुजुर्ग दम्पति के बीच चल रहे तलाक के मुकदमें में लोक अदालत में सुलह-समझौता कराकर दोनों को उनके घर भेज दिया गया। दादी-दादी बन चुके पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पठान टोला निवासी बुजुर्ग पति-पत्नी के बीच उम्र के आखिरी पड़ाव में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। शनिवार को हुए समझौते के बाद दोनों एक बार फिर साथ रहने को तैयार हो गए।



शनिवार को लोक अदालत का उद्घाटन करते जिला जज। • हिन्दुस्तान

## लोक अदालत में 76417 मामले निस्तारित

बस्ती। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बस्ती के तत्वाधान में शनिवार को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना के कुशल मार्गदर्शन में तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बस्ती अपर जिला जज अनिल कुमार की देख-रेख में जनपद न्यायालय परिसर, ग्राम न्यायालय, तहसील, राजस्व न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। डीएम रवीश गुप्ता एवं एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी एवं अन्य विभाग का सहयोग रहा। लोक अदालत में कुल 76417 वादों का निस्तारण हुआ, जिसमें बैंक ऋण व अन्य प्रकार से सम्बंधित प्री-लिटिगेशन स्तर पर 52628 मामलों को एवं न्यायालयों के 23789 वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर कराया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में 95 मामले निस्तारित किए गए, जिसमें 15705500 की धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान कराई गई।

# नशीला पदार्थ सुंघाकर जेवर उड़ाने वालों पर केस

बस्ती। परसरामपुर पुलिस ने मिश्रौलियाधीश गांव में शुक्रवार को हुई घटना में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिश्रौलियाधीश निवासी कृष्णावती ने तहरीर में बताया है कि शुक्रवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह कपड़ा धो रही थीं। तभी दो अज्ञात लोग वहां आए और नशीला पदार्थ सुंघा दिया। जिससे वह अचेत हो गए। इसके बाद उसका मंगलसूत्र, कान का झाला आदि जेवरात चुरा लिया और भाग गए।

# कोर्ट के आदेश पर छह के खिलाफ केस दर्ज

बस्ती। कलवारी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बैड़ारी मुस्तहकम निवासी परमात्मा ने तहरीर में बताया है कि 18 अक्टूबर 2023 को विपक्षियों ने एक राय होकर अपशब्द कहते हुए ईंट फेंका। विपक्षी रामसागर ने लाठी से उनके सीने पर वार किया, जिसे वह बेहोश होकर गिर गए। इसके बाद घर मारपीट कर मड़ई को उजाड़ दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रामसागर, निर्मला देवी, दुर्गेश, उमेश, संगीता व मंगीता के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# कोर्ट के आदेश पर छह के विरुद्ध हत्या का मुकदमा

जासं, पैकोलिया: पैकोलिया थाना क्षेत्र के चांदा बुजुर्ग गांव में करीब एक वर्ष पूर्व हुए हत्या के मामले में पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर छह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सरिता देवी उर्फ नीलम ने न्यायालय में वाद दायर कर आरोप लगाया था कि उसके पति चन्द्रेश वर्मा का एक महिला से से था। उसी ने अपने सहयोगी राजेश कुमार सिंह उर्फ रिंकू, दूधनाथ, अनिल तिवारी और सचिन कनौजिया से मिल कर उसके पति की हत्या की थी। पुलिस महिला समेत छह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अतिक्रमण हटाने के लिए पीडब्ल्यूडी ने दिया नोटिस

जासं, बस्ती: पीडब्ल्यूडी ने सड़क किनारे अतिक्रमण किए एक व्यक्ति को नोटिस दी है। विभाग से जारी नोटिस में बताया गया कि कटरा निवासी भोलानाथ बड़ेवन–कंपनीबाग मार्ग के किनारे कटरा प्राइमरी स्कूल के सामने अतिक्रमण किए है। उन्हें तीन दिन में अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। न्यायालय में इनके द्वारा अपील की गई थी, जो अब खारिज हो गई है।

# थाना समाधान दिवस पर छाए रहे भूमि विवाद के मामले

- कमिश्नर-आइजी ने वाल्टरगंज थाने पर की सुनवाई
- डीएम-एसपी ने दुबौलिया थाने पर सुनी फरियाद



वाल्टरगंज थाने पर सुनवाई करते कमिश्नर-आइजी • जागरण





दुबौलिया थाने पर समाधान दिवस में फरियाद सुनते जिलाधिकारी रवीश कुमार गुप्ता, पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी • जागरण

जागरण टीम, बस्ती: माह के दूसरे शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायतों से थाने पर आए फरियादियों के ज्यादातर मामले भूमि विवाद से जुड़े रहे। जिले के वाल्टरगंज थाने पर मंडलायुक्त अखिलेश सिंह व आइजी रामकृष्ण भारद्वाज ने सुनवाई की। थाना दिवस पर भूमि संबंधी, पारिवारिक, छोटे-छोटे विवाद समेत 10 मामलों की सुनवाई हुई। प्रभारी निरीक्षक दिनेश चन्द्र चौधरी ने बताया कि 10 मामलों में से एक का मौके पर आपसी समझौते के आधार पर सुलझा दिया है। उच्चाधिकारियों ने कहा कि छोटे-छोटे विवाद के समाधान के लिए थाना स्तर पर कर लेने चाहिए। पुरानी बस्ती थाने पर सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने समाधान दिवस पर सुनवाई की। कोतवाली में सीओ यामीन आहमद व नायब तहसीलदार स्वाती सिंह ने सुनवाई की। रुधौली, सोनहा, लालगंज, नगर व मुंडेरवा थाने पर भूमि विवाद से संबंधित मामलों की भरमार रही।

दुबौलिया प्रतिनिधि के अनुसार शनिवार को जिलाधिकारी रवीश गुप्ता और पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने थाना समाधान दिवस पर सुनवाई की और मामले को गुणवत्ता निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को संदर्भित कर दिया। इसके बाद डीएम-एसपी ने बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण किया। मातहतों को सरयू के बढ़ते जलस्तर पर हर पल नजर रखने की हिदायत दी। इस दौरान एसडीएम हर्रैया विनोद पांडेय, सीओ कलवारी प्रदीप त्रिपाठी, एसएचओ मोतीचन्द्र राजभर व राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

कलवारी थानाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ। कुल नौ मामले राजस्व से संबंधित आए। एक मामले का मौके पर निस्तारण हो पाया। शेष मामलों के समाधान के लिए टीम गठित कर मौके पर भेजा गया। हर्रैया प्रतिनिधि के अनुसार यहां पर अधिकारियों ने फरियादियों को हर बार की तरह इस बार भी समाधान किए जाने के आश्वासन की घुट्टी पिलाकर घर भेज दिया। मौके पर आए 10 मामलों में से एक का भी निस्तारण नहीं किया जा सका। छावनी थाने पर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे की अध्यक्षता में समाधान दिवस पर कुल 10 मामले सुने गए। इनमें किसी का भी निस्तारण नहीं हो पाया।

परशुरामपुर थाने पर नायब तहसीलदार ऋषभ सिंह की अध्यक्षता में सुनवाई हुई। कुल 15 मामले आए। एक का निस्तारण मौके पर किया गया। कप्तानगंज थाने पर नायब तहसीलदार कमलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सुनवाई हुई। कुल पांच मामले आए। मौके पर तीन का निस्तारण किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक दीपक दूबे सहित लेखपाल आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

यह और अन्य खबरें देखें-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# अपराध रोकने के लिए ग्रामीणों के साथ सीओ ने की बैठक




वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के परसालालशाही गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक करते सीओ सत्येंद्र भूषण तिवारी ● जागरण

जागरण संवाददाता, रुधौलीः वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसा लालशाही के पंचायत भवन में अपराध एवं इसके नियंत्रण को लेकर प्रधानों व ग्रामीणों के साथ वाल्टरगंज पुलिस ने बैठक की। सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण तिवारी ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि गांव में अंजान व्यक्तियों को न आने दें। अगर आते हैं तो इनके आधार कार्ड, इनका फोटो मोबाइल में अवश्य लें। अगर बाजार में मां-बहनें जा रहीं हैं तो गले व कान में सोने के जेवर को लेकर सतर्क रहें। गांव में सीसी कैमरा अवश्य लगवाएं।

सीओ ने ग्राम प्रधानों को कहा कि सभी ग्राम प्रधान अपने ग्राम पंचायत में सीटी अवश्य बटवां दें। रात में हर कोई सीटी बजाकर एक-दूसरे को सतर्क करे। उन्होंने 1090, 112 समेत अन्य हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में पंचायत भवन पर सीओ, प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र व ग्राम प्रधान अरविंद कुमार ने पौधारोपण किया। इस मौके पर सुभाष चंद्र, बब्बू चौधरी, सजाउद्दीन मुख्तार अहमद, हरेंद्र कुमार, विश्वनाथ, प्रमोद कुमार, फैयाज अहमद, गुडिया, पूजा, रेखा समेत लोग मौजूद रहे।

# संवेदनशील स्थलों पर निगरानी टीम व बाढ़ चौकियां रहें सक्रिय : डीएम

जागरण संवाददाता, दुबौलिया, बस्ती: सरयू नदी के बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का शनिवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ चौकियों को 24 घंटे सक्रिय रहने तथा हर घंटे रिपोर्ट भेजने के लिए निर्देशित किया।

जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी अतिसंवेदनशील कटरिया-चांदपुर तटबंध पर कटरिया गांव के निकट बंधे पर पहुंचे। वहां उन्होंने पानी से घिरे सुविकाबाबू गांव के बारे में क्षेत्रीय लेखपाल अशोक पटेल व अजीत सिंह से जानकारी ली।

अशोक पटेल ने बताया शनिवार की दोपहर से सुविकाबाबू गांव के ग्रामीणों के लिए दो मोटर बोट लगा दी गई है। बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार से तटबंध के बारे में जानकारी ली। इसके बाद तटबंध से होते हुए बिसुन्दासपुर अनुसूचित बस्ती पहुंचे, जहां ग्रामीणों से बात की।



बिसुन्दासपुर अनुसूचित बस्ती में ग्रामीणों से बात करते डीएम रवीश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी • जागरण

- 24 घंटे सक्रिय रहने तथा हर घंटे रिपोर्ट भेजने के लिए अधिकारियों को किया निर्देशित
- डीएम व एसपी ने अतिसंवेदनशील कटरिया-चांदपुर तटबंध का लिया जायजा

उन्होंने ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा। वहां से खलवां गांव के निकट बाढ़ चौकी पर वह पहुंचे, जहां नदी की भौगोलिक स्थिति को समझते हुए संवेदनशील जगहों पर निगरानी टीम व बाढ़ चौकियों को 24 घंटे सक्रिय रहने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान एसडीएम हर्रैया विनोद पांडेय व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में उमड़े फरियादी, 76,417 मुकदमे निस्तारित

## जिला जज ने किया राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ, निस्तारित मुकदमों के जरिए की 2.22 करोड़ रुपये की गई वसूली

जागरण संवाददाता, बस्ती: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बस्ती के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 76 हजार 417 मुकदमों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया गया। इस दौरान बैंक ऋण व अन्य प्रकार से संबंधित प्री-लिटिगेशन स्तर पर 52,628 मामलों को निपटारा कराया गया। न्यायालयों के 23,789 वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर कराया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के न्यायाधीश अखिलेश दुबे द्वारा सुलह-समझौते के आधार पर कुल 95 मामलों का निस्तारण किया गया। एक करोड़ 57 लाख पांच हजार पांच सौ की धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान की गई। आपराधिक वादों के निस्तारण के फलस्वरूप कुल 3,09,460 रुपये की धनराशि अर्थदंड स्वरूप वसूली गई। अन्य मामलों में कुल 2,19,86,545 रुपये दिए गए। इस प्रकार कुल 2,22,96,005 रुपये की धनराशि वसूल की गई। इसके अतिरिक्त बैंक ऋण के मामलों को निस्तारित कराकर बैंकों द्वारा 3,09,10,914 रुपये की धनराशि पर समझौता किया गया।



राष्ट्रीय लोक अदालत में विवाद निस्तारित करतीं प्रधान न्यायाधीश आराधना रानी, अपर न्यायाधीश तारकेश्वरी सिंह व अन्य • सौ. स्वयं

राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जिला जज कुलदीप सक्सेना, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व अपर जिला जज अनिल कुमार, न्यायाधीश शिवचन्द, रामकरन यादव, प्रमोद कुमार गिरि, आशीष कुमार राय, अमित मिश्र, सोनाली मिश्र, सिद्धार्थ बरगोटी, अभिनव दीपेश शुक्ल समेत न्यायिक अधिकारीगण ने किया।

कैदियों की ओर से बनाए सामान की लगी प्रदर्शनी: राष्ट्रीय लोक अदालत के मौके पर जिला जज ने जिला कारागार के कैदियों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। आए हुए लोगों ने इन वस्तुओं की खरीदारी भी की। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



जिला कारागार के बन्दियों द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी का उद्घाटन करते जिला जज कुलदीप सक्सेना • जागरण

### परिवार न्यायालय ने 35 परिवारों को मिलाया

परिवार न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश आराधना रानी व अपर प्रधान न्यायाधीश तारकेश्वरी सिंह के प्रयास से 35 परिवारों ने घर वापसी की है। 82 पारिवारिक विवादों को संधि के आधार पर निपटाया गया। दोनों न्यायाधीशों ने परिवारों को जोड़ने का पूरा प्रयास किया। छह मुकदमे तलाक के थे। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे से अलग होने की तैयारी की थी। न्यायाधीशों के सफल प्रयास से उनके मन की दूरी मिट गई।

जिला उपभोक्ता आयोग में 83 मुकदमे निस्तारित: जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश अमरजीत वर्मा सदस्य अजय प्रकाश सिंह के प्रयास से 83 मुकदमों का निस्तारण किया गया। उपभोक्ताओं में 20 लाख 60 हजार 471 रुपये का चेक वितरित किया गया।

जिला आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश वर्मा द्वारा उपभोक्ताओं से संधि के आधार पर मुकदमों के निस्तारण की अपील की गई थी, जिसका सार्थक परिणाम सामने आया। 93 मुकदमे संधि के लिए सूचीबद्ध किए गए थे, जिसमें से 83 मामले में लोगों ने अपने मामले को संधि के आधार पर निपटा लिया। 12 उपभोक्ताओं में 20 लाख 60 हजार 471 रुपये का चेक भी वितरित किया गया।

हर्रैया में हुआ 303 वादों का निस्तारण

जासं, हर्रैया: ग्राम न्यायालय हर्रैया में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। शुभारंभ न्यायाधिकारी अखिल कुमार ने किया। कुल 303 मुकदमे निस्तारित किए गए। इस दौरान कुल 2,710 रुपये का जुर्माना वसूला गया, जिसमें एमवी एक्ट के सात चालान व 136 चालान बीएनएस की धारा 290 व 292 का जुर्माने से निस्तारित किया गया है। वर्ष 2021 से पूर्व के कुल 160 एमवी एक्ट चालान को मिला कर 303 मामले निस्तारित हुए।

# 26 को अटेवा निकालेगा पेंशन आक्रोश मार्च

जागरण संवाददाता, बस्ती: अटेवा जिला कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को जिला संयोजक तौआब अली की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय मड़वानगर में हुई। जिला संयोजक ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर अटेवा 26 सितंबर को एनपीएस तथा यूपीएस के विरोध में पेंशन आक्रोश मार्च निकालेगा। उसके बाद प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा जाएगा। मंडलीय महामंत्री दीपक सिंह प्रेमी तथा मंडलीय आय व्यय निरीक्षक डा. कमलेश चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाई गई यूपीएस व्यवस्था एनपीएस से भी ज्यादा खराब है, जिसे संगठन कत्तई स्वीकार नहीं करेगा।

जिला संरक्षक बृजेश वर्मा उपाध्यक्ष सुनील मौर्या व अमरनाथ ने संयुक्त रूप से कहा कि अटेवा का संघर्ष केवल पुरानी पेंशन बहाली के लिए है, इससे इतर हमें कोई भी पेंशन योजना स्वीकार नही है। माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के प्रदेश कोषाध्यक्ष बिजेंद्र वर्मा तथा जिलाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा ने कहा कि उनका संघ जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती, तब तक हर संघर्ष अटेवा के साथ मिलकर लड़ेगा।

# बढ़ती चोरियों को रोकने को चलाया अभियान

- सदर सर्किल के कोतवाली, पुरानी बस्ती, वाल्टरगंज में रात भर हुई तलाशी
- फेरीवाले, घुमंतु, डेरे में रहने वाले व रात में संदिग्ध गतिविधियों पर रहेगी विशेष चौकसी
- थानावार प्रत्येक घंटे में गश्त की लोकेशन कंट्रोल रूम को कराना होगा नोट

जागरण संवाददाता, बस्तीः चोरी की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए जनपद पुलिस फिक्रमंद नजर आ रही है। सदर सर्किल के कोतवाली, पुरानी बस्ती और वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के धार्मिक स्थल, बैंक, एटीएम, जेल से रिहा चोरी के आरोपितों, वारंटियों की सूची को लेकर पुलिस ने शुक्रवार की पूरी रात अभियान चलाया गया।। इस दौरान फेरीवाले, घुमंतु, डेरे में रहने वाले, रात में संदिग्ध रूप से विचरण करने वालों की तलाशी ली गई।

गश्त के दौरान रात एक बजे से चार बजे के मध्य दो पहिया वाहन चालकों को रोक कर उनकी जांच की गई। मुंह बांधकर अपनी पहचान छुपाने वाले व्यक्तियों को थाने पर लाकर उनसे पूछताछ की गई। चोरी व नकबजनी संभावित क्षेत्र में लगातार यह अभियान रात में चलाने का दावा पुलिस की ओर से किया गया है।

**संदिग्धों की जांच का थानावार दिया गया लक्ष्य** : पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने बताया कि पुलिस कप्तान गोपाल कृष्ण चौधरी के निर्देशन में रात्रि गश्त सर्किल भर में एक से लेकर सुबह चार बजे चलाया जा रहा है। समस्त गश्त अधिकारी, थानो के प्रभारी अपनी टीम को क्षेत्र में लेकर जाएंगे। प्रत्येक घंटे में गश्त की लोकेशन कंट्रोल रूम को नोट कराएंगे। गश्त के एक से चार बजे के मध्य प्रत्येक थानों के गश्त अधिकारी को 15-15 संदिग्धों की चेकिंग व पूछताछ का लक्ष्य दिया गया है। गश्त के दौरान रिहायशी इलाकों में मिलने वाले संदिग्धों से आवश्यक रूप पूछताछ कर उनके मोबाइल, आधार नंबर अवश्य जांचेंगे। सीओ ने कहा कि गश्त वापसी पर प्रतिदिन पूछताछ किए गए संदिग्धों के नाम इन्द्राज करें, साथ ही थाने पर चेकिंग किए गए संदिग्धों की दिनांक वार एक्सएल शीट पर नाम, आधार नंबर, मोबाइल नंबर फोटो आदि जानकारी साझा करना होगा।

**ये भी दिए गए मातहतों को निर्देश** : थानाक्षेत्र के अंतर्गत निर्माणाधीन भवनों मे कार्यरत मजदूरों के संबंध में ठीकेदारों से चर्चा कर उन्हें हिदायत दे कि आपके अधिनस्थ यदि कोई वारदात करते है तो उनके विरुद्ध भी कार्रवाई होगी। साथ ही उनके अधिनस्थ मजदूरों के संबंध में आधार नंबर, मोबाइल नंबर एवं अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त करें तथा गश्त के दौरान उन्हें रेन्डमली चेक करते रहें।

मकान के शटरिंग व होटल के केटरिंग के कार्य के लिए बाहर से बुलाए गए मजदूरों की पूर्ण जानकारी संबंधित थाने पर देने के लिए हिदायत दी जाए। रात्रि एक से सुबह चार बजे के मध्य रेलवे स्टेशन से आने-जाने वाली समस्त ट्रेनों एवं बस स्टैंड पर आने-जाने वाली बसों की जानकारी भी अपडेट रखें।

थाना क्षेत्र मे छेडछाड की रोकथाम हेतु स्कूल, कालेज, कोचिंग क्लासेस के छूटते समय आवश्यक रूप से थाने के वाहन से लगातार पेट्रोलिंग की जाए।

सूचना तंत्र मजबूत करें, जिससे वहां की प्रत्येक घटना व व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त होती रहे।

# महिला को बेहोश कर लूटपाट की दो टीमों ने शुरू की छानबीन

परशुरामपुर। मिश्रौलियाधीश गांव में शुक्रवार को दिनदहाड़े महिला को बेहोश कर जेवर आदि लूट ले जाने की वारदात में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। महिला के बयान के आधार पर पुलिस हाथ-पैर चला रही है। एसएचओ ने बताया कि एक टीम थाने व दूसरी जिले से बनाई गई है।

पुलिस के अनुसार, महिला कृष्णावती पत्नी शैलेश कुमार ने बताया कि घर के पिछले हिस्से में जब वह कपड़े धो रही थी, तभी दो नकाबपोश बदमाशों ने पीछे से उसका मुंह दबा दिया। बेहोशी की दवा सुंघा दी। छीनाझपटी में बदमाशों ने उसे जमीन पर गिरा दिया। घटना स्थल पर महिला की टूटी चूडियां मिली हैं।

**मिश्रौलियाधीश गांव में शुक्रवार दोपहर हुई थी वारदात**

शनिवार को परशुरामपुर के एसएचओ तहसीलदार सिंह जांच-पड़ताल में लगे रहे। घर के पीछे के हिस्से में स्थित जिस खेत की तरफ से बदमाशों के आने की बात बताई जा रही है, उधर आसपास के लोगों से संदिग्धों के बारे में पूछताछ की गई। संवाद

# कब्जा हटाने के निर्देश

बस्ती। पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड- 1 के अधिशासी अभियंता ने बड़ेवन से कंपनी बाग चौराहा मार्ग पर कटरा प्राइमरी स्कूल के सामने अतिक्रमण को हटाने के निर्देश भोलानाथ को दिए हैं। जारी नोटिस में अधिशासी अभियंता ने कहा है कि सरकारी भूमि में अस्थायी निर्माण करते हुए अतिक्रमण किया गया है। नोटिस के तीन दिन के अंदर कब्जा न हटाने पर पुलिस व प्रशासन की मदद से जमीन खाली कराई जाएगी। संवाद

# महिला को प्रताड़ित करने पर चार पर केस

कलवारी। अगौना गांव में विवाहिता को प्रताड़ित करने के चार आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में रीमा देवी ने लिखा है कि उसकी शादी करीब पांच साल पहले गणेश निवासी अगौना के साथ हुई है।

आरोप लगाया है कि शादी के बाद से पति गणेश, महेश, रामजीत व रमेश बात-बात पर मारपीट कर प्रताड़ित करते आ रहे हैं। 10 सितंबर को सभी लोग एकराय होकर रात करीब 11 बजे उसे मारपीट कर घायल कर दिया। किसी तरह उसने पति के मोबाइल से भाई के पास फोन किया।

11 सितंबर को भाई पंकज कुमार, अंगद, शिवशंकर तथा मां शीला देवी उसके घर आकर सबको समझाने-बुझाने लगीं। तब सभी लोग भाई व मां की लाठी-डंडे से पिटाई करने लगे। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि म केस दर्ज जांच उपनिरीक्षक चंद्रकेश राय को सौंपी गई है। संवाद

# चौकड़ी प्लाजा पर ड्यूटी कर रहे गार्ड की हादसे में मौत

## सब्जी लदे ऑटो की चपेट में आने से गई जान, पुलिस के कब्जे में ऑटो

संवाद न्यूज एजेंसी

कप्तानगंज (छावनी)। चौकड़ी टोल पर ड्यूटी कर रहे गार्ड को सब्जी लदे ऑटो ने टक्कर मार दिया। गंभीर रूप से घायल टोल गार्ड को सहयोगी साथियों ने सीएचसी पहुंचाया। वहां से रेफर होकर जिला अस्पताल ले जाते समय गार्ड की मौत हो गई।



शैलेंद्र सिंह
फाइल फोटो

हर्रैया थाना क्षेत्र के कासियापुर के रहने वाले शैलेंद्र सिंह कई सालों से चौकड़ी टोल पर गार्ड पद पर तैनात थे। शनिवार की सुबह वह चौकड़ी टोल पर ड्यूटी कर रहे थे। सुबह करीब 6:30 बजे छावनी की तरफ से आ रही बेकाबू ऑटो ने गार्ड को चपेट में ले लिया। इससे वह गंभीर रूप से से घायल हो गए। टोल पर तैनात अरविंद पांडेय, संपदी सिंह, हरि नरायन सहित कई कर्मचारियों ने घायल गार्ड को एंबुलेंस से सीएचसी हरैया पहुंचाया।

डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में शैलेंद्र सिंह की मौत हो गई। खबर सुनते ही परिवार सहित तमाम लोग पहुंच गये। शैलेंद्र सिंह तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। पिता राज बहादुर सिंह खेती-बाड़ी करते हैं। माता बिंद्रावती सिंह गृहिणी हैं। दूसरे भाई विक्रम सिंह अहमदाबाद मे रहते हैं।



छावनी थाने पर पहुंचे गार्ड के परिजन। स्रोत परिजन

### गार्ड का शव लेकर टोल और थाने पहुंचे परिजन

हर्रैया। चौकड़ी टोल पर ऑटो की चपेट में आकर मृत गार्ड शैलेंद्र सिंह का शव लेकर उनके परिजन क्षेत्रीय लोगों के साथ चौकड़ी टोल प्लाजा पर पहुंच गए। भीड़ देखकर टोल प्लाजा पर अफरातफरी का माहौल हो गया। उनका आक्रोश देख टोल प्रबंधन सकते में आ गया। परिजनों के समर्थन में टोल कर्मी भी आ गए। परिजनों ने परिवार के सदस्य को नौकरी और आर्थिक सहयोग की मांग करने लगे। टोल मैनेजर संदीप सिंह ने परिजनों को समझा-बुझाकर हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इसके बाद परिजन शव लेकर थाने पर चले गए। वहां पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कराने की कार्रवाई में जुट गई। टोल प्लाजा के मैनेजर संपदी सिंह ने बताया कि गार्ड के परिवार के एक सदस्य को नौकरी और पत्नी को पेंशन सहित अन्य दुर्घटना की सहयोग राशि दी जाएगी। संवाद

# हत्या कर साक्ष्य मिटाने के आरोप में छह पर केस

## कोर्ट के आदेश पर पैकोलिया पुलिस ने दर्ज किया केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**पैकोलिया।** चांदा बुजुर्ग गांव के एक व्यक्ति की हत्या कर साक्ष्य मिटाने के आरोप में एक वर्ष बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने छह आरोपियों पर केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, चांदा बुजुर्ग गांव निवासी चंद्रेश वर्मा की पत्नी सरिता देवी ने कोर्ट में वाद दाखिल किया।आरोप लगाया कि गांव के बसंत की पत्नी अनीता से उसके पति के संबंध थे। कुछ दिन बाद उनसे मनमुटाव हो गया। इससे वह नाराज रहती थी।

अदालत से

22 जुलाई 2023 को दोपहर पति ने कहा कि अभी आता हूं, तब साथ में भोजन करेंगे। यह कहकर वह अनीता के घर पहुंच गए। कुछ देर बाद सरिता ने पति के पास फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठा।

थोड़ी देर बाद सूचना मिली कि अनीता और उनके सहयोगी सतिराम ने उसके पति को जान से मार डाला और बचाव के लिए दोनों ने लाश को बाहर बरामदे में लोहे की पाइप से लटका दिया।

वहां जाकर देखा तो अनीता और सतिराम के सहयोगी राजेश कुमार सिंह उर्फ रिंकू, दूधनाथ, अनिल तिवारी और सचिन कनौजिया साक्ष्य मिटाने की नियत से शव को उतार कर श्मशान घाट ले जाने की तैयारी में थे।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। एसीजेएम द्वितीय कोर्ट ने मामले में केस दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया था। थानाध्यक्ष संजू यादव ने बताया है कि कोर्ट के निर्देश पर हत्या कर साक्ष्य मिटाने की धारा में केस दर्ज किया गया है।

### कोर्ट के आदेश पर छह पर केस दर्ज

**बस्ती।** कलवारी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छह लोगों पर केस दर्ज किया है। बैड़ारी मुस्तहकम निवासी परमात्मा ने तहरीर में बताया है कि 18 अक्तूबर 2023 को विपक्षियों ने एक राय होकर अपशब्द कहते हुए ईंट फेंका। विपक्षी रामसागर ने लाठी से उनके सीने पर वार किया। इससे वह बेहोश होकर गिर गए। इसके बाद घर में घुसकर मारपीट कर मड़ई को उजाड़ दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने गांव के रामसागर, निर्मला देवी, दुर्गेश, उमेश, संगीता व मंगीता पर केस दर्ज किया है। संवाद

# फिर बाढ़ का खतरा, जायजा लेने पहुंचे डीएम और एसपी

## दुबौलिया, विक्रमजोत और कुदरहा के दर्जनों गांवों में दहशत

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** सरयू नदी के जलस्तर में लगातार इजाफा होने से तटवर्ती गांवों में बाढ़ का खतरा फिर बढ़ गया है। दुबौलिया, विक्रमजोत और कुदरहा विकास खंड के दो दर्जन से अधिक गांवों में दहशत फैल गई है। कुछ गांव पानी से घिर गए हैं। डीएम- एसपी शनिवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेने भी पहुंचे।

दुबौलिया संवाद के अनुसार डीएम रवीश गुप्ता, एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी शनिवार को अति संवेदनशील तटबंध कटरिया-चांदपुर पर पहुंचे। उन्होंने पानी से घिरे सुबिका बाबू गांव के बारे में राजस्वकर्मियों से जानकारी ली। हल्का लेखपाल ने सुबिका बाबू गांव के लोगों के आवागमन के लिए दो मोटर बोट लगाने की जानकारी दी। डीएम ने बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार से तटबंध की सुरक्षा को लेकर सवाल-जवाब किए।

इसके बाद तटबंध से होते हुए वह बिसुनदासपुर अनुसूचित बस्ती पहुंचे। यहां डीएम ने ग्रामीणों से बात की। उन्होंने ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा। उन्होंने खलवा गांव के पास बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया। संवेदनशील जगहों पर निगरानी के बाढ़ चौकियों को 24 घंटे सक्रिय रहने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम हर्रैया विनोद पांडेय, लेखपाल अजीत सिंह व अशोक पटेल मौजूद रहे।

**पानी से घिर गया सुबिका बाबू गांव :** दुबौलिया संवाद के अनुसार, सरयू का जलस्तर बढ़ने से सुबिका बाबू गांव एक बार फिर से बाढ़ के पानी से घिर चुका है। तटबंध और नदी के पास बसे इस गांव के अलावा आंशिक टेढ़वा भी बाढ़ के पानी से घिर गया है। यहां के लोगों में दहशत हैं। जलस्तर बढ़ने से कटरिया-चांदपुर तटबंध पर खजांचीपुर गांव से लेकर खलवा गांव तक पानी का दबाव बढ़ गया है। गौरा-सैफाबाद तटबंध पर 500 मीटर में दबाव बना हुआ है।



बाढ़ से घिरा सुबिका बाबू गांव। संवाद



मदरहवा पुरवा में कटान से सरयू में विलीन होता मकान। संवाद

### मदरहवा में कटान, बह गया मकान

**गायघाट।** दो दिन की राहत के बाद विकास खंड कुदरहा के बैराड़ी एहतमाली के मदरहवा गांव में फिर तबाही शुरू हो गई है। शनिवार को नदी तेजी से कटान करने लगी। जिससे राज बिहारी का मकान धारा में विलीन हो गया। ग्रामीण दहशत में आ गए हैं। कटान से प्रभावित लोग अपने सामान लेकर रिश्तेदारों के घर या किराए के मकान में पहुंच रहे हैं। कटान के मुहाने पर पहुंच चुके अन्य घरों में भी भगदड़ की स्थिति बन गई है। लोग अपने गृहस्थी के सामान निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा रहे हैं। पुष्पा देवी ने बताया कि घर का सारा सामान अपने मायके गोरखपुर पहुंचा दी हूं। भगवान दास, तेरस, राम भवन, बंसीलाल ने कटान की डर से अपने घर को खाली कर दिया हैं। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-15-09-2024

# नशीली दवाओं के साथ एक गिरफ्तार

**सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)** ।सदर थाने की पुलिस ने नशीली दवाओं के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने का दावा किया है ।पकड़े गए अभियुक्त का नाम मजहरूद्दीन पुत्र अब्दुल अजीज है,जो मोहाना थाना क्षेत्र के हरदास पुर के टोला फागू जोत का रहने वाला है ।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने नशीली दवा बरामद किया है ।पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध ने पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है ।अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार, उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह यादव,उप निरीक्षक अनूप कुमार मिश्र,मुख्य आरक्षी विवेक कुमार गुप्ता,कांस्टेबल ष्णा नंद सिंह,काशशि कुमार राम शामिल रहे।

# करेंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**पथरा बाजार (एस एन बी)** पथरा कस्बे के पथरा डीह निवासी एक किशोर का इन्वर्टर की चपेट में आने से मौत हो गया घटना शनिवार सांय 5 बजे की बताई जा रही है। पथरा डीह निवासी रिशु (22) पुत्र हरिप्रसाद रविवार को घर के दुसरे मंजिल पर घर के प्लास्टर का काम चल रहा था । कमरे में अंधेरा होने के कारण बल्ब लगाते समय करंट की चपेट आ गया जिससे वह अचेत हो कर गिर गये । परिजन आनन फानन में उन्हें उपचार के लिए पीएचसी बांसी ले गये जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय ने बताया कि सूचना नहीं थी । मौके पर जाकर देखती हूं।

# डीएम ने सुनी समस्या, पहुंचे 130 फरियादी पहुंचे

**थाना समाधान दिवस**

- कई मामले में जांच एवं निस्तारण के लिए मौके पर भेजी टीम
- सड़क की शिकायत पर डीएम ने खुद ही पहुंचकर किया निरीक्षण



मिश्रौलिया थाने पर समाधान दिवस पर शिकायत सुनते डीएम राजा गणपति आर • जागरण

जागरण टीम, सिद्धार्थनगर : मिश्रौलिया थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। डीएम के आने की सूचना पर फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी। 130 लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। भीड़ अधिक होने पर डीएम ने तीन बजे तक लोगों की समस्याओं को सुना। कुछ मामलों में जांच एवं निस्तारण के लिए तुरंत मौके पर टीम भेजी। एक शिकायत पर वे खुद बढ़या चौराहे पर पहुंचे और मौके का स्थलीय निरीक्षण किया।

थाना दिवस में गौरडीह निवासी घनश्याम गुप्ता ने सड़क समस्या की शिकायत किया। जिलाधिकारी शिकायत स्थल पर पहुंचे और मौके की स्थिति देखी। उन्होंने पीडब्लूडी अधिशासी अभियंता को फोन करके सड़क पर जल-जमाव को हटवाने व स्थायी समाधान के लिए सड़क किनारे जल निकासी के लिए नाली निर्माण का निर्देश दिया। पानी संस्थान की आलिया, सुमन, अंशिका, रिचा ने किशोरी सशक्तीकरण परियोजना के बारे में अवगत कराया। खुनियांव ब्लाक में किशोरियों से जुड़े संसाधन केंद्र के स्थायित्व तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम को नियमित चलाने के के लिए स्थान दिलाने की मांग की। डीएम ने उचित कार्यवाही हेतु सभी को आश्वस्त किया। अंत में डीएम ने कहा कि आज और कल टीमें मौके पर जाकर ज्यादा से ज्यादा मामले निस्तारण करें। इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट इटवा मनोज कुमार, मिश्रौलिया निरीक्षक अरुण कुमार, चेतिया चौकी इंचार्ज संजीव शुक्ला, सुनील कुमार श्रीवास्तव समेत अन्य उपस्थित रहे।

डुमरियागंज प्रतिनिधि के अनुसार, डुमरियागंज थाना परिसर में आयोजित दिवस में मात्र एक फरियादी शिकायत लेकर थाने पहुंचा। तहसीलदार रवि कुमार यादव ने मामले का निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर नायब तहसीलदार महबूब आलम, प्रभारी निरीक्षक रमेश यादव, उपनिरीक्षक शिवकुमार यादव, लेखपाल रमेश चंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

# रेलवे का बैरियर तोड़ने वाले पर मुकदमा दर्ज

सिद्धार्थनगर। नगर के रेलवे क्रासिंग का बैरियर तोड़ने के मामले में स्टेशन अधीक्षक की तहरीर पर शनिवार को जीआरपी ने आरोपी पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी चिल्हिया कस्बे का निवासी बताया जा रहा है।

गोरखपुर-गोंडा रेलवे खंड पर सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन के शहर के क्रासिंग पर शुक्रवार को ट्रेन आने के दौरान बैरियर बंद किया गया था। बैरियर उठ पाता तबतक एक पिकअप उसे टक्कर मारकर गिराते हुए सिद्धार्थ तिराहा तक पहुंच गई। कोई ट्रेन बीच में न आ जाए, इसे देखते हुए आवागमन रोक दिया गया। इससे आधे घन्टे तक आवागमन पूरी तरह से ठप रहा। शनिवार को स्टेशन अधीक्षक डीके उपाध्याय की तहरीर पर जीआरपी ने चिल्हिया थाना क्षेत्र के गौरी बाजार निवासी बहादुर पर सरकारी धन के क्षति सहित कई धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मिश्रौलिया थाने में थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन, भवानीगंज थाने पर नहीं आया एक भी मामला

# डीएम ने सुनीं 130 फरियादियों की समस्याएं

**समाधान दिवस**

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। मिश्रौलिया थाने में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में डीएम डॉ.राजागणपति आर ने फरियादियों की फरियाद सुनीं। यहां डीएम के सामने 130 फरियादियों ने अपनी फरियाद रखी। मौके पर सिर्फ एक मामले का ही निस्तारण हो सका। बाकी बचे मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की टीमें गठित कर तय समय में निस्तारण के निर्देश दिए गए।

शनिवार को थाना समाधान दिवस में पहुंचे डीएम ने एक-एक कर सभी फरियादियों के फरियाद को गंभीरता पूर्वक सुनीं। डीएम ने अफसरों को निर्देश देते हुए कहा कि थाना समाधान दिवस के दौरान प्राप्त होने वाले सभी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक लें और प्राथमिकता के आधार पर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। इस मौके पर न्यायिक मजिस्ट्रेट इटवा मनोज कुमार, थानाध्यक्ष अरुण कुमार, कानूनगो सुनील कुमार श्रीवास्तव, एसआई प्रेमशंकर शुक्ल, शिवदास गौतम, श्याम कन्हैया दुबे, दीप नारायण यादव रहे।



मिश्रौलिया थाने में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम डॉ.राजागणपति आर। • हिन्दुस्तान

**मौके पर जाकर डीएम ने देखी समस्या:** थाना समाधान दिवस में गौरडीह निवासी घनश्याम गुप्त ने डीएम के सामने पीडब्ल्यूडी सड़क पर जलभराव की समस्या रखी। समस्या को गंभीरता से लेते हुए मौके पर पहुंचकर मुआयाना किया। समस्या जटिल देखकर डीएम ने मोबाइल के जरिए पीडब्ल्यूडी एक्सईएन को फोन कर समस्या का त्वरित निदान करने के लिए निर्देशित किया।

**डुमरियागंज में थाना समाधान दिवस में पहुंचा मात्र एक फरियादी:** डुमरियागंज थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। महज एक फरियादी शिकायत लेकर थाने पर पहुंचा। शिकायत का जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश अधीनस्थों को दिया गया। तहसीलदार रवि कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व से जुड़ा एक मामला पहुंचा। तहसीलदार ने संबंधित को समय से निपटाने के लिए सौंप दिया। भवानीगंज थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस पर एक भी मामला पेश नहीं हुआ। थानाध्यक्ष रामदेव के अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में पूरे टाइम वह अकेले की बैठे रह गए।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज विरजेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

## लोक अदाल में 73655 मुकदमों का निस्तारण

सिद्धार्थनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज विरजेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को सिविल कोर्ट, बाह्य स्थित न्यायालय बांसी, डुमरियागंज, जिला कारागार, सभी राजस्व, चकबंदी न्यायालयों व बैंकों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें 73655 मुकदमों का निस्तारण किया गया। साथ ही अर्थदंड व सेटलमेंट धनराशि के रूप में 13.74 करोड़ रुपये वसूले व दिलाए गए।

राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला जज ने 14 वाद व पीठासीन अधिकारी परिवार न्यायालय रमेश चन्द-प्रथम ने 52 वाद निस्तारित किए और समझौता राशि के रूप में 3408000 दिलवाया। वहीं सुलह समझौते के माध्यम से चार जोड़ों को न्यायालय से विदा कराया। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना प्रतिकर दावा अभिकरण अरविन्द राव ने 87 वादों को निस्तारित करते हुए पीड़ित पक्ष को 56321012 रुपये क्षतिपूर्ति दिलवाया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या एक मो. रफी ने 158 वाद निस्तारित किए।

# धरने पर डटे विधायक...आईजी ने भेजी जांच रिपोर्ट

## शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने पांचवें दिन दिया धरना, विधायक के समर्थन में उतरे कई व्यापारिक संगठन

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** अपना दल (एस) के नेता एवं शोहरतगढ़ क्षेत्र के विधायक विनय वर्मा ने शनिवार को पांचवें दिन भी धरना दिया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह को हटाने की मांग को लेकर वह नगर पालिका परिषद कार्यालय के सामने धरना दे रहे हैं।

वहीं विधायक के शिकायती पत्र के मामले में विधान सभा सचिवालय के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे के निर्देश पर आईजी बस्ती आरके भारद्वाज ने जांच की है और उन्होंने एडीजी के माध्यम से शासन को रिपोर्ट भेज दी है। हालांकि, जांच रिपोर्ट भेजने की पुष्टि करने से अधिकारी बच रहे हैं।

जांच रिपोर्ट में पुलिस के खिलाफ आरोप साबित हुए हैं या क्लीन चीट मिली है? पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी इसके बारे में कयास लगा रहे हैं। विधायक ने पुलिस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए विशेषाधिकार हनन की भी शिकायत है। विधायक के पांचवें दिन धरना पर बैठे होने पर जिले के लोग भी जानने की कोशिश करते रहे कि धरना का परिणाम क्या हुआ?

विधायक विनय वर्मा ने बताया कि प्रदेश के नौ विधायकों ने उनसे फोन पर बात की है और अपने सुझाव भी दिया। वह जनता का उत्पीड़न रोकने एवं न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, इसलिए लोगों को समर्थन मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष कन्हैया लाल मित्तल, ऑल इंडिया इंडस्ट्रीज एंड बिजनेश वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष किराना प्रकोष्ठ संजय मित्तल एवं नगर पंचायत बढ़नी के सभासद मनोज यादव, निसार अहमद, आसमां खातून, रजीउद्दीन, दीप माला ने समर्थन दिया।

पार्टी छोड़ने वाले अधिवक्ता पहुंचे धरना स्थल परअपना दल (एस) विधि मंच के पूर्व प्रदेश सचिव एवं प्रजापति महासभा के जिलाध्यक्ष शेषमणि प्रजापति शनिवार को विधायक के धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों से असंतुष्ट होकर मैंने दूरी बना ली थी, लेकिन विधायक को जनहित के मुद्दे पर धरना के मामले में उन्होंने समर्थन दिया है। शोहरतगढ़ विधान सभा क्षेत्र में ही छेड़छाड़ के दो मामले में कार्रवाई नहीं के दस्तावेज उन्होंने विधायक को दिया है, इसकी जांच की मांग करेंगे।



समर्थकों के साथ धरनास्थल पर भोजन करते विधायक विनय वर्मा। संवाद

### थानाध्यक्ष पर कार्यकर्ता को धमकी देने का आरोप

विधायक ने आरोप लगाया कि शोहरतगढ़ थानाध्यक्ष ने धरना में शामिल होने वाले नगर पंचायत क्षेत्र शोहरतगढ़ के विष्णु सिंह के मोबाइल नंबर पर फोन करके धमकी दी है। थानाध्यक्ष ने उन्हें नतीजा भुगतने की धमकी दी गई है। इस मामले में उन्होंने जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर से शिकायत की है।

# महिला ने लगाई न्याय की गुहार

भवानीगंज। भवानीगंज थाना क्षेत्र के जंगलीपुर गांव निवासी एक महिला ने थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि प्रधान उसकी अपनी जमीन को कब्ज़ा कर के रास्ता बना रहे हैं। इसका विरोध करने पर मुझसे अपशब्दों का प्रयोग करते हैं।

# नशीली दवाओं के साथ एक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। थानाध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि कठौवा पुल के पास से चेकिंग के दौरान मजहरुद्दीन पुत्र अब्दुल अजीज निवासी हरदासपुर टोला फागूजोत थाना मोहाना को रोक कर तलाशी ली गई तो उसके पास से नशीली दवाएं बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई केस दर्ज हैं।

# गेट बनाने को लेकर दो पक्ष आमने सामने, पुलिस ने कराया शांत

शोहरतगढ़। शोहरतगढ़ कस्बा के रघुनाथ नगर वार्ड सुरैहिया मोहल्ला में शनिवार को बारावफात त्योहार को लेकर गेट बनाने की बात को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया।

कस्बे के सुरैहिया मोहल्ले में शनिवार को एक पक्ष खंभा गाड़ने के लिए खुदाई कर रहा था। यह देख दूसरे पक्ष ने मना किया। उसने कहा कि पूर्व में यहां गेट नहीं बनता था। दोनों पक्षों के बीच बढ़ती तकरार को देख विवादित स्थान पर भीड़ जुट गई। किसी ने मामले की जानकारी पुलिस को दे दी।

# शांति पूर्ण त्योहार मनाने की कही बात

जासं, शोहरतगढ़ : पुलिस चौकी खुनुवा परिसर में शनिवार को गणेश चतुर्दशी व बारह वफात त्योहार पर चौकी प्रभारी जगत नारायन यादव के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक हुई। चौकी प्रभारी ने बताया कि बारह वफात के जुलूस में गांव के जिम्मेदार लोग मौजूद रहेंगे। कोई नई परंपरा नहीं अपनाई जाएगी। इस दौरान प्रधान खुनुवां संजय कुमार, करहिया करम हुसैन, भादमुस्तहकम सद्दाम, दीन मोहम्मद, दिवाकर यादव, मोहम्मद लतीफ, हबीब अहमद, हरिश्चन्द्र यादव, जय प्रकाश कुशवाहा, अंगद सिंह बघेल, विशाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। चिल्हिया थाना की पुलिस ने रेप के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। केस दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था। गिरफ्तार करने वाले एसबाई रामसुरेश यादव ने बताया कि मो. इरफान निवासी सिरवत डीह थाना चिल्हिया पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज था।उसे शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।



जोगिया क्षेत्र के देवरा बाजार में बिजली विभाग की कारवाई से नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को थाने पर पहुंच कर नारेबाजी की। ● हिन्दुस्तान

# बिजली विभाग की कार्रवाई से नाराज लोगों ने थाना घेरा

## नाराजगी

- बकाया बिजली बिल वसूली के लिए उपभोक्ताओं की काटी जा रही थी लाइन
- ग्रामीणों ने जेई, एसडीओ व लाइनमैन को कहा भला-बुरा, दी धमकी

**जोगिया।** जोगिया क्षेत्र के देवरा बाजार में बिजली विभाग की कारवाई से नाराज ग्रामीणों ने थाने पर पहुंची बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर थाने का घेराव किया।

दरअसल देवरा बाजार में बिजली विभाग की ओर से बकाया बिल वसूली के लिए उपभोक्ताओं का लाइन काटी जा रही थी। इससे ग्रामीण नाराज हो गए। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के जेई, एसडीओ व लाइनमैन को अपशब्द कहने लगे। भीड़ बढ़ता देख बिजलीकर्मियों ने जोगिया इंस्पेक्टर राम कृपाल शुक्ल को फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस बिजली विभाग के कर्मचारियों को थाने ले आई। इसके बाद थाने के बाहर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और उन्होंने थाने का घेराव किया। सूचना पर मौके पर पहुंचे सीओ मयंक द्विवेदी और एससी अजय कुमार ने पहुंचकर लोगों को समझाबुझा कर शांत कराया।

## दोनों दुकानदारों को शनिवार की सुबह हुई घटना की जानकारी

# दुकानों से नकदी व 2.75 लाख कीमत के सामान चोरी

- कठेला समय माता थाने के कठेला कोठी चौराहे पर हुई घटना
- पीड़ित दुकानदारों ने दी तहरीर, घटना की जांच में जुटी पुलिस

मिश्रौलिया, हिन्दुस्तान संवाद। कठेला समय माता थाना क्षेत्र के कठेला कोठी चौराहे पर ज्वेलरी की दुकान व मेडिकल स्टोर में घुसकर चोरों ने नगदी समेत 2.75 लाख रुपये के माल को उड़ा लिया है। चोर दोनों दुकानों के पीछे लगे दरवाजे को तोड़कर अंदर घुसे हैं। घटना की जानकारी दोनों दुकानदारों को शनिवार सुबह दुकान खोलने पहुंचने पर हुई। पीड़ित दुकानदारों ने पुलिस को तहरीर देकर चोरों का सुराग लगाने की मांग की है। वहीं सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

कठेला कोठी निवासी अभिषेक सोनी की कठेला कोठी चौराहे पर ज्वेलरी की दुकान है। शुक्रवार देर शाम वह दुकान बंद कर घर चले गए। शनिवार सुबह जब वह दुकान पहुंचकर शटर खोले तो अंदर का दृश्य देखकर दंग रह गए। दुकान के अंदर रखा आलमारी व लॉकर टूटा होने के साथ पीछे लगा दरवाजा भी टूटा हुआ था। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे पर नजर दौड़ाई तो उसका डीवीआर भी गायब मिला। दुकान के अन्दर रखे सामानों का मिलान किया तो 70 हजार नगद व लगभग डेढ़ लाख रुपये के आभूषण भी गायब मिले। इस तरह चोरों ने कठेला कोठी चौराहे पर स्थित जुबेर के मेडिकल स्टोर में भी पीछे का दरवाजा तोड़कर 40 हजार नगद व 15-15 हजार रुपये के दवा को उड़ा लिया है।





कठेला कोठी चौराहे पर ज्वेलरी की दुकान के पीछे का टूटा दरवाजा (बाएं)। ज्वेलरी की दुकान में टूटी पड़ी आलमारी। • हिन्दुस्तान

दोनों पीड़ित दुकानदारों ने पुलिस को तहरीर देकर चोरों के सुराग लगाने की मांग की है। थानाध्यक्ष कठेला समय माता रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि चोरी के घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# बैरियर तोड़ने के मामले में पिकअप चालक पर मुकदमा

सिद्धार्थनगर : रेलवे समपार का बैरियर तोड़ने के मामले में जीआरपी ने शनिवार को पिकअप चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित चिल्हिया थाना क्षेत्र का निवासी बताया जाता है। शहर के रेलवे क्रासिंग पर शुक्रवार दोपहर में ट्रेन आने के दौरान बैरियर को बंद किया गया था। बैरियर उठता तक एक पिकअप उसे टक्कर मारकर उसे खींचते हुए सिद्धार्थ तिराहा तक पहुंच गई। इस दौरान आवागमन रोक दिया गया। स्टेशन अधीक्षक डीके उपाध्याय की तहरीर पर जीआरपी ने गौरी बाजार निवासी बहादुर पर सरकारी धन के क्षति सहित कई धारा में मुकदमा दर्ज कराया।

# धरने पर बैठे समर्थकों को परेशान कर रही पुलिस : विनय वर्मा



सिद्धार्थनगर के सदर नगरपालिका के गांधी प्रतिमा के पास धरने पर समर्थकों के साथ दोपहर का भोजन करते शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा मध्य में ● जागरण

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण की मांग को लेकर अपना दल एस के विधायक विनय वर्मा का धरना पांचवें दिन भी जारी रहा। उन्होंने कहा कि पुलिस धरने पर बैठने वाले समर्थकों को भी अब परेशान करने लगी है। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के सेमरा गांव के विष्णु सिंह के घर पर पुलिस वाले जा चुके हैं। उन्हें थानाध्यक्ष के सीयूजी नंबर से वाट्सएप से काल अंजाम भुगतने की चेतावनी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि उनके विरुद्ध अभी तक शांतिभंग तक का कोई मुकदमा नहीं हैं। नगर पालिका के गांधी प्रतिमा के पास धरना देते हुए विधायक ने कहा कि वह नहीं माने तो उनके समर्थकों व

**अपना दल एस के शोहरतगढ़ से विधायक का धरना-प्रदर्शन पांचवें दिन भी जारी, बढ़नी व्यापार मंडल और सभासदों ने भी विधायक को दिया समर्थन**

कार्यकर्ताओं को परेशान किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि उन्हें अथवा उनके समर्थकों को आगे कुछ होता है तो उसकी जिम्मेदारी पुलिस की होगी। विधायक ने बताया कि उनके धरने को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल बढ़नी के व्यापारियों, नगर पंचायत बढ़नी के आठ सभासदों ने आल इंडिया इंस्ट्रीज बिजनेस वेलफेयर एसोसिएशन के किराना प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संजय मित्तल समर्थन दिया है।

# दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर : चिल्हिया थाने की पुलिस ने शनिवार को दुष्कर्म के आरोप में वांछित आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित थाना क्षेत्र के सिरवत निवासी मो. इरफान पुत्र वसीउल्लाह है। पुलिस ने बताया कि इरफान कई दिनों से फरार चल रहा था। आरोपित इरफान को उपनिरीक्षक राम सुरेश यादव व आरक्षी सुनील यादव ने गिरफ्तार किया।

# नशीली दवा के साथ एक आरोपित गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर : सदर थाने की पुलिस ने शनिवार को नशीली दवा के साथ मोहाना थाना क्षेत्र के हरिदासपुर के टोला फागूजोत निवासी मजहरुदीन को मादक द्रव्य अधिनियम में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपित के पास से 100 नशीली दवाओं को बरामद किया है। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी, उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह यादव व अनूप कुमार मिश्र समेत आरक्षी विवेक कुमार गुप्ता, कृष्णानंद सिंह व शशि कुमार राम शामिल रहे।

# बिना बिल दिए कनेक्शन काटने पर कर्मचारियों को बनाया बंधक

## ग्रामीणों का आरोप-तीन दिन से अवैध वसूली कर रहे थे कर्मचारी

जागरण संवाददाता, जोगिया : जोगिया उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता सुभाष गुप्ता और कुछ कर्मचारियों की मनमानी से नाराज देवरा गांव के ग्रामीण शनिवार को भड़क गए। विभाग ने तीन दिन पूर्व गांव के 80 लोगों का कनेक्शन बिल बकाया होने पर काट दिया। कई लोगों ने कनेक्शन काटने आए जेई और संविदा पर तैनात लाइनमैन को बकाया बिल दे दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि इन लोगों ने सुबह रसीद देने और कनेक्शन जोड़ने का आश्वासन दिया। पर वह न तो कनेक्शन जोड़ने आए और न ही रसीद दिया। इससे आक्रोशित ग्रामीण गांव में दोबारा कनेक्शन काटने आए तो ग्रामीण भड़क गए। इससे नाराज कर्मियों ने ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार करने की कोशिश किया तो नाराज ग्रामीणों ने उन्हें बंधक बना लिया। पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से थाने पर आने को कहा तो सैकड़ों की संख्या में लोग ट्रैक्टर- ट्राली पर सवार होकर थाने पर पहुंच गए। सीओ बांसी और बिजली विभाग के आला अधिकारी भी थाने पर पहुंच गए। घंटों तक मान मनौव्वल का दौर चला। ग्रामीण जेई को हटाने की मांग पर अड़े रहे। अधिकारियों के आश्वासन पर ग्रामीण वापस अपने घर लौट गए।

देवरा गांव निवासी सुनील गुप्ता ने बताया कि उनका बिजली का बिल बकाया था। कनेक्शन काटे जाते ही उन्होंने संविदा पर तैनात कर्मी मनोज कुमार को बकाया राशि दे दिया। उसने आश्वासन दिया कि रसीद कटने के बाद कनेक्शन जोड़ देगा। उसने दो दिन बाद भी न तो रसीद दिया और न ही कनेक्शन ही जोड़ा। रामपाल मौर्या ने जेई को बिल जमा करने के लिए 25 हजार दिया। उन्होंने भी बिना रसीद दिये पैसा रख लिया। यहीं हाल बलराम मिश्रा व सुधीर सिंह का रहा। इनसे पैसा लेने के बाद न तो कनेक्शन जोड़ा और न ही रसीद दी। विभाग के इस कृत्य से ग्रामीणों में गुस्सा बढ़ा और वह कर्मचारियों को बंधक बना लिया।

- पुलिस के बीच-बचाव से शांत हुआ मामला, थाने पर पहुंचे ग्रामीण
- जेई ने दी सफाई-समय से दिया जाता है बिल, हुआ हंगामा




जोगिया के देवरा गांव में बिजली कर्मचारियों के साथ बवाल के बाद थाने पहुँचे ग्रामीण●

### पुलिस के साथ पहुंची टीम तो भड़के ग्रामीण

ग्रामीणों का आरोप है कि उपकेंद्र के जेई गांव में कई दिनों से पुलिसकर्मियों को लेकर कनेक्शन काटने आते थे। पैसा पाने के बाद ही वह वापस जाते थे। इसका विरोध गांव के पूर्व प्रधान रहे रत्नेश सिंह ने किया तो जेई उनके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज करने की बात कहने लगे। इससे ग्रामीणों में गुस्सा बढ़ा और विवाद शुरू हो गया।

**किसी का बिल गड़बड़, किसी को नहीं मिल रहा बिल :** ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग की मनमानी की वजह से उन्हें बिल समय से नहीं मिल रहा है। यदि मिल भी रहा है तो वह गलत आ रहा है। इसे ठीक कराने जाने पर कर्मचारी पैसा मांगते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि विभाग ने आदत नहीं सुधारी तो वृहद आंदोलन किया जाएगा।

**बोले जेई आरोप निराधार :** उपकेंद्र के अवर अभियंता सुभाष गुप्ता का कहना है कि उपभोक्ताओं को समय से बिल मिलता है। हां इतना जरूर है कि कभी कभार- यह हर माह न मिलकर दो माह पर मिलता है। जांच में जिन लोगों का कनेक्शन काटा गया था, इसमें कुछ लोगों ने जबरन जोड़ लिया था। इसकी जानकारी पर गांव में जाने पर लोगों ने विवाद शुरू कर दिया।

# ग्रामीणों ने मोबाइल चुराते चोर को पकड़ा

जागरण संवाददाता, इटवा : इटवा थानांतर्गत कमदा लालपुर में एक युवक को मोबाइल चुराते हुए ग्रामीणों ने पकड़ लिया। कुछ लोगों ने उसकी धुनाई कर दी। इसके बाद 112 नंबर पर फोन करके पुलिस बुलाई। लोगों ने आरोपित को पुलिस के हवाले कर दिया। शनिवार को कमदालालपुर में एक युवक को पकड़कर लोग उसकी पिटाई कर रहे थे। पता चला कि आरोपित मोबाइल चुरा रहा था कि तभी रंगे हाथ पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपित को पकड़ कर थाने पर लाई। तलाशी के दौरान उसके पास से सात महंगे मोबाइल बरामद किए गए, बताया जाता है कि सभी मोबाइल को उसने विभिन्न स्थानों से चुराया था। पूछताछ में उसने अपना नाम शहबाज उर्फ मोथे बताया, जो ग्राम मूसा का रहना वाला है। प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि मोबाइल चोर पकड़ा गया है। विधिक कार्यवाही के बाद उसे न्यायालय के लिए रवाना किया गया है।

# मिशन शक्ति के तहत ग्रामीण महिलाओं को किया जागरूक

जागरण संवाददाता, खेसरहा : मिशन शक्ति के तहत शनिवार को गोल्हौरा थाना क्षेत्र के भिटिया चौराहे पर महिला आरक्षी चांदनी मिश्रा द्वारा महिलाओं को उनके सम्मान एवं स्वालंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान एवं महिला सुरक्षा संबंधी योजनाओं, सुरक्षा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महिला संबंधी अधिकारों के बारे जानकारी दी गयी। शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन 112, 181, 1076,1090,1098,102,108 आदि के बारे मे भी बताया गया। 1930 साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई। उपनिरीक्षक विरेन्द्र राय ने कहा कि



भिटिया चौराहे पर महिलाओं को जागरूक करती महिला आरक्षी • जागरण

किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस को सूचना अवश्य दें। पीड़िता द्वारा चुप्पी साधने से ही घटनाओं को बढ़ावा मिलता है।

# 104 गोली नशीली दवा के साथ एक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। सदर पुलिस ने शनिवार को 104 गोली नशीली दवा के साथ एक संदिग्ध को कठौवा पुल के पास से गिरफ्तार लिया। पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से जेल भेज दिया गया। यह जानकारी शहर कोतवाल संतोष कुमार तिवारी ने दी है। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। चिल्हिया पुलिस ने शनिवार को दुष्कर्म का आरोपी मो. इरफान निवासी सिरवतडीह थाना चिल्हिया को गिरफ्तार कर लिया। थाने पर लाकर पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से जेल भेज दिया गया। यह जानकारी एसओ दुर्गा प्रसाद ने दी है। संवाद

# रेलवे का बैरियर तोड़ने वाले पर केस दर्ज

सिद्धार्थनगर। नगर के रेलवे क्रॉसिंग का बैरियर तोड़ने के मामले में स्टेशन की अधीक्षक की तहरीर पर शनिवार को जीआरपी ने आरोपी पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

आरोपी चिल्हिया कस्बे का निवासी बताया जा रहा है। गोरखपुर-गोंडा रेलवे खंड पर सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन के शहर के क्रासिंग शुक्रवार दोपहर में ट्रेन आने के दौरान बैरियर को बंद किया गया था। बैरियर उठ पाता तब तक एक पिकअप उसे टक्कर मारकर गिराते हुए सिद्धार्थ तिराहा तक पहुंच गई। कोई ट्रेन बीच में न आ जाए, इसे देखते हुए आवागमन रोक दिया गया। संवाद

# फरार कैशियर बदल रहा ठिकाना..तलाश में भटक रही पुलिस

## बड़ौदा यूपी बैंक की ठोठरी बाजार शाखा के कैशियर पर दर्ज हुआ था पौने 11 लाख के गबन का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** बैंक से पौने 11 लाख रुपये लेकर 20 दिन पहले फरार हुआ कैशियर पुलिस की गिरफ्तार से दूर है। पुलिस की तीन टीमें उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार हाथ पांव मार रही हैं, लेकिन वह चकमा देकर ठिकाना बदल रहा है। पुलिस अभी तक उसके सहयोगी को ही दबोच पाई है। मुख्य आरोपी गिरफ्त में आता तो मामले की सच्चाई बाहर आती। पर पुलिस को चकमा देने में वह कामयाब है।

लोटन कोतवाली क्षेत्र के बड़ौदा यूपी बैंक ठोठरी बाजार से सावन कुमार सिंह पुत्र शशिरंजन सिंह कैशियर ने बैंक से 10,71,019 रुपये लेकर फरार हो गया था। इस मामले शाखा प्रबंधक ने सरकारी धन के गबन का केस दर्ज कराया था। जांच में जुटी एसओजी और लोटन कोतवाली की पुलिस टीम ने सीसी कैमरे के जरिए कैशियर के एक सहयोगी को घटना के दूसरे या तीसरे दिन दबोच लिया था। उसके कब्जे से न तो कोई रकम मिली थी और नही बहुत ठोस जानकारी।

लेकिन पुलिस की टीम ने पड़ताल शुरू की और सीसी कैमरे को खंगाला, कड़ी से कड़ी को जोड़ा और आरोपी के घर तक पहुंच गई। लेकिन वहां भी उसके हाथ निराशा लगी है। इसके बाद पुलिस बिहार स्थित कई संभावित ठिकानों पर छापा मारा, लेकिन ठिकाना बदलने के कारण वह पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया। अगर वह गिरफ्त में आता तो सच्चाई सामने आती और जांच आगे बढ़ती।

इस संबंध में सीओ सदर अरुणकांत सिंह ने बताया कि पुलिस टीम उसकी गिरफ्तारी के लिए लगी हुई है। उसके संभावित ठिकानों पर टीम गई थी, लेकिन सफलता नहीं मिली है।

### यह है पूरा मामला

**लोटन** कोतवाली क्षेत्र के कोठारी में स्थित बडौदा अप बैंक के शाखा प्रबंधक पर पौने 11 लाख रुपये लेकर फरार होने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई शाखा प्रबंधक की तहरीर पर की है। क्षेत्र के हरिवंशपुर चौकी अंतर्गत बड़ौदा यूपी बैंक ठोठरी बाजार से सावन कुमार सिंह कैशियर ने बैंक से लगभग 10,71,019 रुपया लेकर फरार हो गया। घटना 23 अगस्त को केस दर्ज हुआ था। जानकारी होने पर शाखा प्रबंधक विकास कुमार सिंह द्वारा बताया कि बड़ौदा यूपी बैंक शाखा ठोठरी बाजार में कैशियर के पद पर रोहित सिंह चौधरी नियुक्त थे, जो किसी काम वश अवकाश ले लिए थे। उनके स्थान पर क्षेत्रीय कार्यालय सिद्धार्थनगर के आदेश पर सावन कुमार सिंह को कार्य करने के लिए शाखा ठोठरी बाजार पर भेजा गया था। जहां काम कर रहे थे कि शाम तीन बजे अचानक चुपके से बैंक में रखे लगभग दस लाख एकहत्तर हजार रुपया लेकर फरार हो गया। जब जानकारी हुई तो तो शुक्रवार को कोतवाली लोटन में तहरीर दे दी। तहरीर मिलने के बाद लोटन पुलिस ने रुपये हड़पने सहित अन्य धारा में केस दर्ज कर लिया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार मौर्या का कहना है कि यूपी बड़ौदा बैंक ठोठरी बाजार के मैनेजर द्वारा तहरीर मिली है।

# एंबुलेंस में दरिंदगी की शिकार महिला की सेहत में सुधार

संवाद न्यूज एजेंसी

## बीमार पति को लखनऊ से लेकर लौट रही पीड़िता से हुई थी दुष्कर्म की कोशिश

**सकारपार।** 29 अगस्त को अपने पति का इलाज करवा के लखनऊ से घर लौट रही महिला के साथ एंबुलेंस में दुष्कर्म की कोशिश के बाद पीड़िता के पति की मौत हो गई थी। जिसके बाद से पीड़िता की सेहत बिगड़ने लगी थी। चार दिन पहले पीड़िता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बासी में भर्ती हुई थी।

जहां चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद पीड़िता को घर भेज दिया था। बीच-बीच में पीड़िता की तबीयत फिर खराब हो जा रही थी। इसके बाद घर के समीप पीएचसी गोनहा डीह के स्वास्थ्य कर्मी पीड़िता के घर पहुंचकर लगातार इलाज कर रहे हैं। अब पीड़िता की सेहत में पहले की अपेक्षा सुधार हो रहा है। मुख्य आरोपी के जेल जाने के बाद पीड़िता से किसी राजनीतिक दल के लोग या किसी अधिकारी ने इस विषय पर वार्तालाप नहीं किया है।

पीड़िता ने कहा दोषियों को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए। जिससे फिर वह किसी के साथ दुष्कर्म करने के लायक ना रहे। वहीं पीड़िता का भाई ने कहा उनको उम्र कैद की सजा मिलनी चाहिए ताकि वह फिर कभी बाहर न निकल सके। और फिर किसी के साथ दरिंदगी करने की कोशिश न करें। रविवार को पीड़िता के पति की ब्रह्मभोज है।

# पीस कमेटी की हुई बैठक

खुनुवां। शोहरतगढ़ क्षेत्र की सीमावर्ती पुलिस चौकी परिसर में शनिवार को गणेश चतुर्दशी व बारह रबी उल-अव्वल त्योहार पर चौकी इंचार्ज जगत नरायन यादव के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक हुई। चौकी इंचार्ज ने बताया कि रबी उल-अव्वल के त्यौहार के जुलूस में गांव के जिम्मेदार लोग मौजूद रहेंगे। कोई नई परम्परा नहीं अपनाई जाएगी। इस दौरान प्रधान खुनुवां संजय कुमार, करहिया करम हुसैन, भादमुस्तहकम सद्दाम, दीन मोहम्मद, दिवाकर यादव, मोहम्मद लतीफ, हबीब अहमद, आदि मौजूद रहे। संवाद

# घर में घुसकर मोबाइल चोरी करते पकड़ा गया

इटवा। इटवा थाने की पुलिस चौकी जिगिना धाम के मुडिलिया गांव में घर में घुसकर मोबाइल चोरी कर रहे चोर को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। क्षेत्र के मुडिलिया गांव में एक युवक शनिवार भोर में घर में घुसकर मोबाइल फोन चुरा रहा था। तभी घरवालों की नजर पड़ गई और वह चोर-चोर चिल्लाने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने भाग रहे चोर को पकड़कर इटवा पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़ा गया चोर शहबाज खान उर्फ मोथे इसी थाने के ग्राम मुसा का निवासी है। इस संबंध में एसओ श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि शहबाज पेशेवर मोबाइल चोर है। उसे शनिवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया है। संवाद

# समाधान दिवस में पहुंचा मात्र एक फरियादी

डुमरियागंज। डुमरियागंज थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसीलदार रवि कुमार यादव की अध्यक्षता और प्रभारी निरीक्षक रमेश यादव के मौजूदगी में मात्र एक व्यक्ति फरियाद लेकर पहुंचा। मामला राजस्व से जुड़ा था, निस्तारण के लिए संबंधित लेखपाल को दिया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार महबूब आलम, एसआई शिवकुमार यादव, रमेश चंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-15-09-2024

# कोर्ट के आदेश पर मां-बेटी के विरूद्ध मारपीट का केस

**नाथनगर ।** महुली थानान्तर्गत भैंसही उर्फ भैंसवरिया गांव में बीते 10 जुलाई को बारिश के बीच गिरे नीम के पेड़ के बटवारे को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने शनिवार को कोर्ट के आदेश पर मां-बेटी के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के भैंसही उर्फ भैंसवरिया गांव निवासी कन्हैयालाल पुत्र गंगाराम ने बताया कि बीते 10 जुलाई को भारी बारिश के कारण दरवाजे पर स्थित नीम का पेड़ गिर गया था जिसकी लकड़ी के बटवारे को लेकर विपक्षीगण सुनीता व संगीता पुत्रीगण चन्दीलाल तथा प्रेमा देवी लाठी-डंडा लेकर उसके घर में घुस गए और उसे भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही तोड़फोड़ करते हुए घर का सामान नष्ट कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर प्रेमा देवी समेत उसकी दो बेटियों सुनीता व संगीता के विरूद्ध 115 (2), 76, 324 (4), 333, 351 (3) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पत्नी की शिकायत पर कट्टा-कारतूस के साथ पति गिरफ्तार

**धनघटा** । धनघटा थाने के बंसवारीगांव पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक रविन्द्र यादव शनिवार को पुलिस चौकी पर बैठे थे। उसी दौरान थाना क्षेत्र के बड़गों गांव निवासी यमुना देवी पत्नी दयाराम यादव पुलिस चौकी पर रोते-बिलखते पहुंची और चौकी प्रभारी को बताया कि उसका पति दयाराम पुत्र शिवचरण उससे रोज झगड़ा करता है और मारने-पीटने के साथ-साथ उसे गोली मार देने की धमकी भी देता रहता है। पति ने घर में कट्टा और कारतूस भी रखा है।

चौकी प्रभारी हमराही के साथ उसके घर पहुंच गए तो दयाराम पुलिसकर्मियों को देखकर हक्का-बक्का रह गया। कट्टे के बारे पुलिस ने सख्ती से पूछा तो बिस्तर के नीचे कट्टा और कारतूस रखने की बात बताया, पुलिसकर्मियों ने 315 बोर का कट्टा व कारतूस बरामद कर लिया। पुलिस ने दयाराम के विरूद्ध 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया।

# एसपी ने सुनी समस्याएं, निर्माणाधीन बहुमंजिली इमारत का किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर/बखिरा (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शनिवार को द्वारा थाना बखिरा पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना। इसके बाद थाना बखिरा के निर्माणाधीन बहु मंजिला इमारत का निरीक्षण किया। उन्होंने आरक्षी बैरक निर्माण में प्रयुक्त हो रही निर्माण सामाग्री ईंट, कंक्रीट, सीमेंट, सरिया व पेंट, ग्लास, इलेक्ट्रिक आदि सामानों की गुणवत्ता मानक के अनुरुप रखने के लिए निर्देशित किया। उपलब्ध सामानों के गुणवत्ता की बारीकी से जांचकर निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

एसपी ने थाना समाधान दिवस की शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में आये लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाय तथा स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। इस दौरान थानाध्यक्ष बखिरा श्याम मोहन, पीआरओ इन्द्रभूषण सिंह व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने थाना कोतवाली खलीलाबाद पर आयोजित थाना समाधानै दिवस पर जनता की समस्याओं को सुना तथा थाने की पत्रावलियों व निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत का निरीक्षण किया। एएसपी ने समाधान दिवस में कहा कि जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर संबंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तार ण कराया जा सके। साथ ही कम्प्यूटर कक्ष, थाना कार्यालय, आरक्षी बैरक, मेस, महिला हेल्पडेस्क थाना कोतवाली खलीलाबाद में निर्माणाधीन बहु मंजिला इमारत का निरीक्षण किया। आरक्षी बैरक निर्माण में प्रयुक्त हो रही निर्माण सामग्री ईंट, कंक्रीट, सीमेंट, सरिया व पेंट, ग्लास, इलेक्ट्रिक आदि सामानों की गुणवत्ता मानक के अनुरुप रखने के लिए निर्देशित किया। उपलब्ध सामानों के गुणवत्ता की बारीकी से जांचकर निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।



थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनते एसपी सत्सजीत गुप्ता।

# बाइक चालक के विरूद्ध गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज

नाथनगर । महुली थानान्तर्गत नाथनगर-महुली मार्ग पर बीते 10 सितम्बर को दो बाइकों की हुई भिड़न्त में एक बाइक चालक की हुई मौत की घटना में मृतक के पिता की तहरीर पर महुली पुलिस ने दुर्घटना में शामिल दूसरे बाइक चालक के विरूद्ध गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना को लेकर पुलिस को दी गई तहरीर में महुली थाना क्षेत्र के नीबाहोरिल गांव निवासी सूरज भान पुत्र स्व.बखेड़ी ने बतांया कि बीते 10 सितम्बर को उसका बेटा संतोष अपनी बाइक नम्बर यू.पी.58 जे.5225 से शाम करीब 5 बजे अपने घर जा रहा था। बेटा संतोष नाथनगर-महुली मार्ग पर कठिनईया नदी के पुल के समीप पहुंचा था तभी बाइक नम्बर यू.पी.58 ए.ई. 4757 का चालक नाम-पता अज्ञात तेज रफ्तार से बाइक लेकर पहुंचा और बेटे की बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे गंभीर रूप से घायल होकर बेटा संतोष सड़क पर गिर पड़ा। घायलावस्था में बेटे को इलाज के लिए सीएचसी नाथनगर पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने चेकअप के बाद बेटे को मृत घोषित कर दिया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुर्घटना में शामिल उक्त बाइक के चालक नाम-पता अज्ञात के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 106 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि जल्द ही दुर्घटना में शामिल बाइक के चालक को चिन्हित कर उसे बाइक समेत गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# बस चालकों के बीच मारपीट की घटना में दूसरे पक्ष का मुकदमा भी हुआ दर्ज

धनघटा । धनघटा क्षेत्र से लखनऊ जाने वाली बसों के संचालकों के बीच बीते 9 सितम्बर की सुबह धनघटा थानान्तर्गत राम-जानकी मार्ग पर दुलहापार-पौली के बीच हुई जबरजस्त मारपीट की घटना में एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया था। दूसरे पक्ष द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थनापत्र पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शनिवार को पुलिस ने तीन नामजद समेत कुछ अन्य अज्ञात हमलावरों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर को दिए गए प्रार्थनापत्र में गोरखपुर जिले के बेलघाट थानान्तर्गत सुअरहा गांव निवासी सत्यनारायण यादव पुत्र लालजी ने बताया कि बीते 9 सितम्बर की सुबह उनके भाई प्राइवेट बस द्वारा श्रद्धालुओं के साथ अयोध्या धाम दर्शन करने जा रहे थे। सुबह करीब 8 बजे धनघटा थानान्तर्गत पौली कस्बे के पूर्व कुछ व्यक्तियों द्वारा उनके बस को ओवरटेक कर रोक लिया गया और लाठी-डंडे से गाली देते, मारते-पीटते और जान से मार देने की धमकी देते हुए बस चालक के चाभी छीन ली गई। इस दौरान हमलावर गोरखपुर ज़िले के बेलघाट थानान्तर्गत यदवापुर निवासी लालकेश यादव पुत्र रंगलाल यादव और उनके भाई ऋषिकेश पुत्र रंगपाल ने बस चालक के पेट पर चाकू रखकर धमकी दी और साथ में मौजूद यदवापुर निवासी मुराली यादव ने उसकी जेब से 23700 रूपए नकदी भी छीन लिया। बस मालिक अनिल यादव द्वारा बीचबचाव करने पर हमलावरों ने उनके हाथ पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। पूरी घटना वीडियो में कैद है। उक्त घटना में कुछ अज्ञात हमलावर भी शामिल रहे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर लालकेश यादव, ऋषिकेश यादव व मुराली यादव समेत कुछ अज्ञात हमलावरों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 191 (2), 309 (4), 351 (3), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

**बीते 9 सितम्बर को लखनऊ जाने वाली बस के चालकों के बीच दुलहापार-पौली के बीच हुई थी बस चालकों के बीच मारपीट**

# जांच करने आई बिजलेंस टीम को उपभोक्ताओं ने खदेड़ा

मगहर (एसएनबी)। शनिवार को बिजली की चेकिंग करने बिजलेस टीम पहुंची। धांधली व अवैध चेकिंग की खबर सुन उपभोक्ता आक्रोशित हो गए और टीम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें खदेड़ दिया। कस्बे में गर्म माहौलको देख टीम भागने को मजबूर हो गई। शेरपुर में पहुंची बिजलेस टीम के आने की खबर नागरिकों को हुई सके बाद देखते ही उपभोक्ताओं की भीड़ एकत्रित हो गई और विजलेंस टीम और विद्युत विभाग के एसडीओ के सामने बहस होने लगी। आक्रोशित भीड़ ने सड़क पर उतर कर विभाग के खिलाफ जम नारेबाजी करने लगे। उपभोक्ताओं ने टीम को चेतावनी देते हुए कहा कि विभाग पहले समस्या का निदान करे, निदान करने के बाद अगर चेकिंग की जाती है है तब उसका विरोध नहीं होगा। उपभोक्ताओं के आक्रोश को टीम ने भांप लिया और शेरपुर में चेकिंग के बाद भीड़ को देख भाग खड़ी हुई। एसडीओ मनोज कुमार ने बताया कि मगहर मे विद्युत चोरी को लेकर शिकायत की गई थी। जिसकी जांच के लिए बड़े साहब के निर्देश पर जांच टीम आई थी।

## बारावफात जुलूस को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

धर्मसिंहवा (एसएनबी)। बारावफात पर जुलूस निकालने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हैं। शनिवार को एसडीएम मेंहदावल उत्कर्ष श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी स्थानीय कस्बे में पहुंचकर दोनों पक्षों से वार्ता की। पीस कमेटी की बैठक में भी दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए थे। उक्त मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों से 22 लोगों को शांतिभंग में पाबंद किया है।

## बंटवारे में विवाद में मारपीट, चार पर केस

धनघटा । धनघटा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौरापार के राजस्व गांव गोसेसीपुर निवासी एक महिला की तहरीर पर बटवारे के विवाद को लेकर शनिवार को धनघटा पुलिस ने चार लोगों के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के गोसेसीपुर गांव निवासी आंचल सिंह पत्नी रंगबहादुर सिंह ने बताया कि उसकी शादी 10 वर्ष पूर्व रंगबहादुर पुत्र स्व.विक्रमजी सिंह के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के साथ हुई थी। उसके पुस्तैनी मकान में उसके चचेरे ससुर रामभभूती सिंह उसे हिस्सा नहीं दे रहे हैं। वह ससुर द्वारा खेत में बनाए गए मकान में बच्चों के साथ रहती है। उसके चचेरे ससुर रामभभूती सिंह के बेटे शेरबहादुर सिंह व पिन्टू सिंह उर्फ राकेश उसे वहां भी नहीं रहने देते है और उसके साथ आए दिन मारपीट करते हुए गाली-गलौझ देते रहते हैं। उक्त लोगों द्वारा खेत के मकान को पति द्वारा बेच देने का आरोप लगाया जाता है। उसके पति कही भी काम करने जाते हैं तो उक्त पट्टीदार उसके पति को मारते-पीटते हैं और मजदूरी का पैसा भी नहीं देने देते हैं। वह चाय की दुकान कर बसर करती है। बीते 10 सितम्बर की दोपहर में उसके घर थाना क्षेत्र के मटौली गांव निवासी अरविन्द सिंह ने बत्तमिजी की और गाली-गुप्ता देते हुए जान-माल की धमकी दी। महिला की तहरीर के आधार पर रामभभूती सिंह,शेरबहादुर सिंह,पिन्टू सिंह व अरविन्द सिंह के विरूद्ध पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 352, 351 (3), 324 (4) के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

## शान्ति पूर्वक वरावफात त्योहार मनाने की अपील

धनघटा । आगामी बरावफात त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए शनिवार को धनघटा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में दोनों समुदायों के लोगों के अलावा क्षेत्र के तमाम प्रधान और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बैठक में मौजूद सभी लोगों से बरावफात त्योहार के मौके पर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की मदद करने की अपील की है। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि जनता की सुरक्षा के लिए पुलिस 24 घंटे तत्पर है । उन्होंने कहा कि त्योहारों को सकुशल शान्तिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। त्योहारों के मौके पर शान्ति व्यवस्था में खलल पैदा करने की कोशिश करने वाले अराजकतत्वों से पुलिस सख्ती पूर्वक निपटेगी। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि धनघटा क्षेत्र के लोग अमन पसन्द हैं। पूर्व से त्योहारों को शान्ति पूर्वक संपन्न कराने में प्रशासन जनता के सहयोग के बल पर ही सफल हुआ है। बैठक में मोहम्मद मुस्तकीम, सदरेआलम, शाबिर अली,नसीरूद्दीन, मो.हारून, निजामुद्दीन खान, तौफीक, मो.करीम, अब्दुल रऊफ,आबताब अहमद, तुफेल अहमद, जहीर अहमद, जाने आलम, मनौव्वर हुसेन, मो.हनीफ, मेराज खान, अबू हसन, सेराजुलहक, इकबाल अहमद, असरार अहमद, अहमद रजा, मो.सलीम समेत थाने के सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# महुली थाने में एसडीएम और धनघटा थाने पर तहसीलदार ने सुनी फरियाद

**धनघटा (एसएनबी)।** शनिवार को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए महुली और धनघटा थाने पर सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। महुली थाने पर एसडीएम धनघटा रमेशचन्द्र और प्रभारी निरीक्षक महुली रामकृष्ण मिश्र ने तो धनघटा थाने पर तहसीलदार योगेन्द्र कुमार पांडेय और प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने पहुंचे फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई की।

**महुली थाने पर आयोजित समाधान दिवस में 8 और धनघटा थाने पर पेश हुए 4 मामले, महुली थाने पर पेश हुए दो मामलों का हुआ निस्तारण**

महुली थाने पर आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के मौके पर कुल 8 फरियादियों ने प्रार्थनापत्र देकर अपने-अपने मामले पेश किए जिसमें राजस्व से संबंधित दो मामलों का एसडीएम ने मातहतों के सहयोग से तत्काल निस्तारण करा दिया। बाकी अन्य मामलों के लिए उन्होंने पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम का गठन कर निस्तारण के लिए मौके के लिए रवाना कर दिया है। पेश होने वाले मामलों में 6 राजस्व तथा 2 मामले पुलिस से संबंधित रहे। एसडीएम धनघटा का कहना है कि पेश हुए सभी जमीन संबंधित मामलों को लेकर पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम का गठन कर दिया गया है जल्द ही टीम मौके पर पहुंचकर सभी प्रार्थनापत्रों का पारदर्शी समाधान कर देगी। इसी क्रम में धनघटा थाने पर आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में दिवसाधिकारी तहसीलदार धनघटा योगेन्द्र कुमार पांडेय और प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार के समक्ष कुल 4 मामले पेश हुए लेकिन मौके पर एक भी मामले का समाधान नहीं हो सका। पेश मामलों का समाधान करने के लिए तहसीलदार ने पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम का गठन कर निर्धारित समयावधि के भीतर मामलों का निस्तारण करने का निर्देश दिया है।

# विजिलेंस टीम को उपभोक्ताओं ने खदेड़ा

## बिजली विभाग

मगहर, हिन्दुस्तान संवाद। विद्युत समस्या से परेशान उपभोक्ताओं ने मगहर में शनिवार को चेकिंग के लिए पहुंची विजिलेंस टीम को खदेड़ दिया। विद्युत समस्या से परेशान उपभोक्ताओं जैसें ही विजिलेंस टीम को देखा तो आक्रोशित हो गए। धांधली व अवैध चेकिंग का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। कस्बे में गर्म माहौल को देख टीम भागने को मजबूर हो गई।

नगर पंचायत मगंहर में बिजली समस्या से लोग जूझ रहे हैं। इसका समाधान नहीं हो रहा है। इसे लेकर नगर के लोगों में उबाल है। शनिवार को समस्या के बीच नगर में पहुंची विजिलेंस टीम को देख उपभोक्ता आक्रोशित हो गए। सड़क पर उतर कर विभाग के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। उपभोक्ताओं ने विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब भी समस्या को लेकर आवाज उठाई जाती है तो समस्या के समाधान के बाजाय सौतेला व्यवहार करना शुरू हो जाता है। जांच के नाम पर उपभोक्ताओं का शोषण किया जाता है। शाम होते हीं फाल्ट शुरू हो जाता है। इसका निदान ढूंढ़ने के बजाय चेकिंग शुरू हो जाती है। जो गलत है। उपभोक्ताओ ने टीम को चेतावनी देते हुए कहा कि विभाग पहले समस्या का निदान करें तो चेकिंग से परहेज नहीं है। उपभोक्ताओ के आक्रोश को टीम ने भांप लिया और शेरपुर में चेकिंग के बाद भीड़ को देख भाग खड़ी हुई। एसडीओ विद्युत मनोज कुमार ने बताया कि मगहर में विद्युत चोरी को लेकर शिकायत की गई थी। इसकी टीम के साथ जांच की जा रही थी।



बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं ने शनिवार को मगहर में आई विजिलेंस टीम को देख घेर लिया और लौटने पर मजबूर कर दिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 23630 मामले निस्तारित

**रू. 4.20 करोड़ की हुई ऋण वसूली**

**रू.16 लाख 7 हजार 485 का वसूल किया गया अर्थदण्ड**

संतकबीरनगर (एसएनबी)। प्रशासनिक न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र के निर्देशन मे तथा जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार-प्रथम एवं नोडल आफिसर कृष्ण कुमार-वी के नेतृत्व में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा-प्रथम ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काटकर उदघाटन किया। इसके बाद लोक अदालत में लगाये गए स्टालों का अवलोकन किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 23630 मामलों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में बैंक एवं फाइनेन्स कम्पनियों द्वारा कुल 619 मामलों में ₹4 करोड़ 20 लाख 48 हजार 785 ऋण वसूली की गयी। इसी प्रकार न्यायालयों में कुल 1372 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल ₹16 लाख 7 हजार 485 का अर्थदण्ड एवं ₹1 करोड़ 48 लाख 85 हजार का मोटर दुर्घटना प्रतिकर दिया गया। इसी प्रकार समस्त प्रशासनिक विभागों में 21,639 मामलों का निस्तारण किया गया।



अवलोकन करते जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा-प्रथम व अन्य।

प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय संजय वीर सिंह की कोर्ट में कुल 05 मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया गया। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण विश्वनाथ की कोर्ट में 57 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल 1,48,85,000 ₹ का प्रतिकर दिलाया गया। अपर जिला जज-प्रथम रमेश दूबे की कोर्ट में कुल 83 मामलों का निस्तारण करते हुए 500 ₹ का अर्थदण्ड वसूल किया गया तथा स्पेशल जज एससी/एसटी भूपेन्द्र राय की कोर्ट में कुल 01 मामलों का निस्तारण किया गया। स्पेशल जज पक्सो कृष्ण कुमार-वी की कोर्ट में 04 मामलों का निस्तारण करते हुए 20,500 ₹ का अर्थदण्ड, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक द्वितीय देवेन्द्र नाथ गोस्वामी की कोर्ट में 01 मामलों का निस्तारण करते हुए 500₹ का अर्थदण्ड, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती चेतन त्यागी की कोर्ट में कुल 300 मामलों का निस्तारण करते हुए 1,09,030₹ का अर्थदण्ड वसूल किया गया। सिविल जज सीनियर डिवीजन संजय राज पाण्डेय की कोर्ट में कुल 180 मामलों का निस्तारण करते हुए 19 हजार ₹ का अर्थदण्ड वसूल किया गया तथा 54,53,522 ₹ का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। सिविल जज जू.डि. मिमोह यादव द्वारा कुल 470 मामलों का निस्तारण करते हुए 6,520 ₹ का अर्थदण्ड वसूल किया गया। ग्राम न्यायालय मेंहदावल में पीठासीन अधिकारी प्रभात कुमार दूबे द्वारा कुल 255 मामलों का निस्तारण करते हुए 1,735 ₹ का अर्थदण्ड वसूल किया गया। नवागत न्यायिक अधिकारी सीविल जज जू.डि. एवं प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अशोक कुमार कसौधन के प्रभार में 11 मामलें का निस्तारण करते हुए 9,700 ₹ का अर्थदण्ड वसूल किया गया। स्थायी लोक अदालत के प्रभारी अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल एवं सदस्य श्रीमती सुनीता गुप्ता के सहयोग से कुल 05 मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला जज महेन्द्र कुमार सिंह, नवागत न्यायिक अधिकारी सुश्री निधि मिश्रा एवं अभिनय त्रिपाठी एवं बार के पदाधिकारीगण राकेश सिंह, सुनील कुमार पाण्डेय समेत तमाम कर्मचारीगण, अधिवक्तागण, पराविधिक स्वयं सेवकगण एवं वादकारीगण उपस्थित रहे।

# विजिलेंस टीम को उपभोक्ताओं ने खदेड़ा

## बिजली विभाग

मगहर, हिन्दुस्तान संवाद। विद्युत समस्या से परेशान उपभोक्ताओं ने मगहर में शनिवार को चेकिंग के लिए पहुंची विजिलेंस टीम को खदेड़ दिया। विद्युत समस्या से परेशान उपभोक्ताओं जैसें ही विजिलेंस टीम को देखा तो आक्रोशित हो गए। धांधली व अवैध चेकिंग का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। कस्बे में गर्म माहौल को देख टीम भागने को मजबूर हो गई।



बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं ने शनिवार को मगहर में आई विजिलेंस टीम को देख घेर लिया और लौटने पर मजबूर कर दिया।

नगर पंचायत मगंहर में बिजली समस्या से लोग जूझ रहे हैं। इसका समाधान नहीं हो रहा है। इसे लेकर नगर के लोगों में उबाल है। शनिवार को समस्या के बीच नगर में पहुंची विजिलेंस टीम को देख उपभोक्ता आक्रोशित हो गए। सड़क पर उतर कर विभाग के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। उपभोक्ताओं ने विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब भी समस्या को लेकर आवाज उठाई जाती है तो समस्या के समाधान के बाजाय सौतेला व्यवहार करना शुरू हो जाता है। जांच के नाम पर उपभोक्ताओं का शोषण किया जाता है। शाम होते हीं फाल्ट शुरू हो जाता है। इसका निदान ढूंढ़ने के बजाय चेकिंग शुरू हो जाती है। जो गलत है। उपभोक्ताओ ने टीम को चेतावनी देते हुए कहा कि विभाग पहले समस्या का निदान करें तो चेकिंग से परहेज नहीं है। उपभोक्ताओ के आक्रोश को टीम ने भांप लिया और शेरपुर में चेकिंग के बाद भीड़ को देख भाग खड़ी हुई। एसडीओ विद्युत मनोज कुमार ने बताया कि मगहर में विद्युत चोरी को लेकर शिकायत की गई थी। इसकी टीम के साथ जांच की जा रही थी।

# समाधान दिवस में 36 मामले आए, छह का हुआ निस्तारण

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिले के थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस के दौरान कुल 36 मामले आए। इनमें 6 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। बाकी बचे शिकायतों की जांच के लिए राजस्व व पुलिस कर्मी को निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने थाना बखिरा पर आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में आई लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाए तथा स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए। जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। खलीलाबाद कोतवाली में 5 मामले राजस्व के आए। लेकिन इनमें एक भी प्रकरण का निस्तारण नहीं हो सका। दुधारा थाने में 4 मामले राजस्व के ही आए इनमें 3 का निस्तारण कर दिया गया। महुली में 8 प्रकरण राजस्व के आए इनमें 2 को निस्तारण कर दिया गया। मेहदावल थाना में 8 मामले राजस्व के आए लेकिन एक का भी नहीं निस्तारण हो सका। बखिरा में 4, बेलहरकला में 2 मामलों में 1 का निस्तारण हो सका। वही धर्मसिंहवा थाना में एक मामला राजस्व का आया।



बारावफात के जुलूस को लेकर दो पक्षों के विवाद की सूचना पर पहुंचे एसडीएम व सीओ।

# बारावफात के जुलूस को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

धर्मसिंहवा, हिन्दुस्तान संवाद। धर्मसिंहवा में बारावफात के जुलूस को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए हैं। मामला बढ़ता देख शनिवार को दोपहर बाद एसडीएम और सीओ ने मौके पहुंचकर दोनों पक्षों से वार्ता की। दोनों पक्ष जुलूस निकालने को अलग-अलग स्थान लेकर अड़े हुए हैं। दोनों पक्षों के लगभग डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोगों को शांति भंग में पाबंद किया गया है।

धर्मसिंहवा स्थानीय कस्बे से निकलने वाले बारावफात के जुलूस के शुभारंभ और समापन स्थल को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया है। मामला बढ़ता देख शनिवार को एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव और सीओ केशव नाथ धर्मसिंहवा कस्बे में पहुंचकर दोनों पक्षों के लोगों के साथ ही स्थानीय कस्बे में लोगों से बातचीत की और पूरे मामले की जानकारी ली। एक पक्ष के दारुल उलूम अहमदिया मेराजुल उलूम धर्मसिंहवा के पूर्व प्रधानाचार्य मौलाना अली अहमद का कहना है कि जूलूस प्रतिवर्ष मदरसे से निकलकर मेराज मंजिल पर समापन होता था। समापन के बाद दुआ वही पढ़ाते थे जबकि मदरसे के प्रबंधक जिला पंचायत सदस्य अकबाल अहमद का कहना है कि जूलूस का शुभारंभ जो भी मदरसे का प्रधानाचार्य रहता है उसी के नेतृत्व में निकलता है और समापन के बाद प्रधानाचार्य ही दुआ पढ़ाते हैं। दुआ पढ़ाने की बात को लेकर दोनों पक्षों में वर्चस्व की लड़ाई शुरू हो गई है और आपसी विवाद भी बढ़ रहा था। जिसको देखकर प्रशासन दोनों पक्षों से लगभग बीस लोगों को शांति भंग की आशंका में पाबंद कर चुका है। शनिवार को दोपहर बाद पहुंचे एसडीएम और सीओ ने थानाध्यक्ष धर्मसिंहवा पूनम मौर्या के साथ हल्का लेखपाल के साथ मदरसे पर पहुंचकर लोगों से पूछताछ की है। दोनों पक्षों के तीन-तीन लोगों को अपने कार्यालय बुलाकर बातचीत कर रहे हैं।

> धर्मसिंहवा में बारावफात के जुलूस को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हुए हैं, दोनों पक्षों से बातचीत की जा रही है। कोई भी नई परम्परा की शुरुआत नहीं होने पाएगी। उपद्रव फैलाने वाले लोगों से प्रशासन सख्ती से निपटेगा।
>
> **उत्कर्ष श्रीवास्तव**, एसडीएम मेंहदावल



विभिन्न बैंकों द्वारा लगाए शिविर का निरीक्षण करते जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज महेन्द्र कुमार सिंह।

# लोक अदालत में 23 हजार 630 मामलों का हुआ निस्तारण

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। जिले में शनिवार को आयोजित तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत में 23 हजार 630 मामलों का निस्तारण किया गया। जनपद में अभी तक आयोजित तीन लोक अदालत में कुल 70 हजार 57 मामलों का निस्तारण हो चुका है। जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन व फीता काटकर लोक अदालत का शुभारम्भ किया। लोक अदालत में एक लाख 67 हजार 485 रुपए का अर्थदण्ड वसूल किया गया। जबकि मोटर दुर्घटना के मामले में एक करोड़ 48 लाख 85 हजार रुपए का प्रतिकर दिलाया गया। लोक अदालत में 54 लाख 53 हजार 522 रुपए का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। विभिन्न बैंकों एवं फाइनेंस कम्पनियों द्वारा लगाए गए शिविर में 4 करोड़ 20 लाख 48 हजार 785 रुपए का ऋण वसूली एवं समायोजन किया गया।

दीवानी न्यायालय परिसर में प्रशासनिक न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र के निर्देशन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम की अध्यक्षता में शनिवार को लोक अदालत आयोजित हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला जज महेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि लोक अदालत में न्यायालय के 1372 मामले तथा प्रशासनिक विभागों के 21 हजार 369 मामलों का निस्तारण किया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय संजय वीर सिंह की कोर्ट में पांच पारिवारिक मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण हुआ। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण विश्वनाथ की कोर्ट में 57 मामलों का निस्तारण करते हुए एक करोड़ 48 लाख 85 हजार रुपए का प्रतिकर दिलाया गया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रमेश दूबे की कोर्ट में 83 मुकदमों का निस्तारण करते हुए पांच सौ रुपए का अर्थदण्ड वसूल किया गया। एडीजे व विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट भूपेन्द्र राय की कोर्ट में एक मामले का निस्तारण किया गया।

# फरियादियों को सांत्वना, जिम्मेदारों को चेतावनी

- थाना समाधान दिवस पर बखिरा में एसपी ने की सुनवाई
- शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने का दिया निर्देश

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगरः जनपद के सभी थानों पर शनिवार को समाधान दिवस आयोजित हुआ। बखिरा में एसपी ने सुनवाई करते हुए फरियादियों को न्याय दिलाने का आश्वासन देने के साथ ही जिम्मेदारों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया।

बखिरा थाने पर आयोजित समाधान दिवस में एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण दोनों पक्षों के सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाना चाहिए। थाने पर आने वाले फरियादियों से पुलिस कर्मियों को सम्मानपूर्वक व्यवहार करना चाहिए। भूमि विवाद के मामलों में पुलिस को राजस्व कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित करके कार्रवाई होने से आगे दिक्कत नहीं आती है। एक पक्षीय कार्रवाई की शिकायत मिलने पर जिम्मेदारों की जवाबदेही तय की जाएगी। यहां प्रस्तुत मामलों को निस्तारित करने के लिए टीम गठित करते हुए एक सप्ताह के अंदर मामले को हल करने का निर्देश दिया। एसपी ने बखिरा थाने के बगल में निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत का भी निरीक्षण किया। जनपद के सभी थानों पर कुल 36 मामले प्रस्तुत हुए जिसमें छह का मौके पर निस्तारण करने के साथ ही शेष के लिए संयुक्त टीम गठित की गई।



बखिरा थाने के बगल में निर्माणाधीन बहुमंजिला भवन की जांच करते एसपी सत्यजीत गुप्ता (बाएं) • फोटो पुलिस मीडिया सेल

# राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित हुए 23,630 मामले

- बैंकों एवं फाइनेंस कंपनियों के वसूल किए गए चार करोड़ से अधिक
- न्यायालयों एवं प्रशासनिक विभागों में सुनवाई के बाद निपटाए गए मामले

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : शनिवार को जनपद न्यायालय में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 23,630 मामलों का निस्तारण किया गया। बैंकों एवं फाइनेंस कंपनियों के चार करोड़ से अधिक बकायों की वसूली के साथ ही मोटर दुर्घटना के पीड़ितों को प्रतिकर भी दिलाया गया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा और नोडल अधिकारी कृष्ण कुमार पंचम ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन करके राष्ट्रीय लोक अदालत का आरंभ करवाया। बैंक एवं फाइनेंस कंपनियों द्वारा 619 मामलों में चार करोड़ 20 लाख 48 हजार 785 रुपयों की ऋण वसूली की गई। न्यायालयों में कुल 1372 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल एक लाख 67 हजार 485 रुपये का अर्थदंड एवं एक करोड़ 48 लाख 85 हजार रुपये का मोटर दुर्घटना प्रतिकर दिया गया। समस्त प्रशासनिक विभागों में 21,639 मामलों का निस्तारण किया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय संजय वीर सिंह की कोर्ट में सुलह समझौते के आधार पर पांच मामले निपटाए गए। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण विश्वनाथ की कोर्ट में 57 मामले, अपर जिला जज-प्रथम रमेश दूबे की कोर्ट में 83, स्पेशल जज एससीएसटी भूपेंद्र राय की कोर्ट में एक मामला निस्तारित हुआ। स्पेशल जज पाक्सो कृष्ण कुमार पंचम ने चार मामले निस्तारित करते हुए 20,500 रुपये अर्थदंड वसूल किए।

इसी प्रकार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक द्वितीय देवेन्द्र नाथ गोस्वामी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतन त्यागी, सिविल जज सीनियर डिविजन संजय राज पाण्डेय, सिविल जज जूनियर डिवीजन मिमोह यादव, मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अशोक कुमार कसौधन, लोक अदालत के प्रभारी अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल एवं सदस्य सुनीता गुप्ता ने भी सुनवाई कर मामलों का निस्तारण किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह, न्यायिक अधिकारी निधि मिश्रा एवं अभिनव त्रिपाठी, बार के पदाधिकारी राकेश सिंह, सुनील कुमार पांडेय समेत अधिवक्ता, पराविधिक स्वयं सेवक एवं वादकारी मौजूद रहे।



लोक अदालत मे लोगों से जानकारी लेते जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा दाएं से दूसरे • फोटो सूचना विभाग

# एएसपी ने किया कोतवाली का निरीक्षण



खलीलाबाद कोतवाली की जांच करते अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह (मध्य में) • फोटो. पुलिस मीडिया सेल

जासं, संतकबीर नगर: एएसपी सुशील सिंह ने शनिवार को कोतवाली खलीलाबाद का निरीक्षण किया। परिसर में बन रही बहुमंजिला इमारत, कंप्यूटर कक्ष, बैरक की जांच करने के बाद उन्होंने निर्देश दिया।

थाना समाधान दिवस में सुनवाई के बाद एएसपी ने कोतवाली के कंप्यूटर कक्ष, थाना कार्यालय, आरक्षी बैरक, पुलिस कर्मियों के भोजनालय, महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। शिकायत पंजिका देखने के बाद उन्होंने की गई कार्रवाई का जायजा लिया। कोतवाली प्रभारी सतीश सिंह को उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए। आरक्षी बैरक के निर्माण में प्रयुक्त हो रही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता ठीक मिली। उन्होंने कहा कि निर्माण में मानक की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## दो भाई समेत चार पर मारपीट का मुकदमा

जासं बखिरा: बखिरा पुलिस ने शनिवार को दो भाई समेत चार पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। पकड़िया निवासी निशा देवी ने थाने में दिए गए तहरीर में कहा कि 13 सितंबर सुबह 6.30 बजे घरेलू विवाद को लेकर हमारे ससुर नरायन देव, सास मीना देवी, देवर दीपक व दिपांशु ने हमको एवं पति मनोज को अपशब्द कहते हुए लाठी-डंडा से पीटा। जिससे हम दोनों को काफी चोट आई हैं। हम पति-पत्नी परिवार से पिछले आठ वर्ष से अलग रह रहे हैं। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया दो भाई समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही हैं।

# मौत को दावत दे रही जर्जर पुलिया

कांटे। विकास खण्ड सेमरियावां क्षेत्र के बूधा कला-रजापुर सरैया गांव पर बूधा कला गांव के बाहर बनी पुलिया दुर्घटना को दावत दे रही है। दो वर्ष से टूटी पुलिया की मरम्मत नहीं हुई। गांव के लोग रात्रि में आवागमन के दौरान गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। बूधा गांव के बाहर हाईवे से एक किलोमीटर की दूरी पर टूटी पुलिया पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है।

# कोर्ट के आदेश पर तीन पर केस दर्ज

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम भैसही उर्फ भैसवरिया में बरसात के बाद नीम का खड़ा पेड़ गिर गया था। गिरे पेड़ की लकड़ी के बंटवारे को लेकर 10 जुलाई को मारपीट हो गई थी। इस मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कोर्ट के आदेश पर महुली पुलिस तीन पर मुकदमा दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र मामले की जानकारी देते हुए बताया कि भैसही उर्फ भैसवरिया के कन्हैया लाल पुत्र गंगाराम कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। पत्र में बताया कि 10 जुलाई 2024 की शाम 5:30 बजे भारी बारिश के कारण दरवाजे पर खड़ा नीम का पेड़ गिर गया था। गिरे पेड़ की टहनी और लकड़ी के बंटवारे को लेकर एक ही परिवार के सुनीता, संगीता एवं प्रेमा ने एक राय होकर वादी के घर में घुसकर उसकी पिटाई कर दी।

# अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के अलीनगर पुल निकट चार दिन पूर्व बाइक की ठोकर से दूसरे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। शनिवार को मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस वाहन की तलाश में जुट गई है।

क्षेत्र के ग्राम नीबा होरिल निवासी सूरजभान पुत्र स्व. बखेड़ी ने बताया कि उनका बेटा सन्तोष 10 सितम्बर को आवश्यक कार्य निपटाकर बाइक से वापस घर लौट रहा था। नाथनगर-महुली मार्ग पर अलीनगर पुल निकट पहुंचा।

# अधूरा काम छोड़कर ठीकेदार फरार

बखिरा : नगर पंचायत बखिरा के वार्ड नंबर 17 के सभासद जफर इकबाल ने जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने लेड़ुआ–महुआ में बिजली का तार व पोल बदलने में आधा–अधूरा कार्य करके ठीकेदार के फरार होने का आरोप लगाया है। उन्होंने मौके पर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# रामजानकी मार्ग पर रुका वाहनों का आवागमन

जागरण संवाददाता, धनघटा : धनघटा से होकर गंतव्य को जाने वाले भारी वाहनों का रामजानकी मार्ग से गुजरना मुश्किल हो गया है। मड़पौना से तेलियागंज तक रामजानकी मार्ग का दो किलोमीटर हिस्सा खतरनाक बन चुका है। हल्के वाहन जैसे-तैसे निकल रहे हैं लेकिन ओवरलोड वाहनों का आवागमंन पिछले तीन दिनों से पूरी तरह से ठप हो गया है। हालांकि विभाग मार्ग को ठीक करने में जुटा है।

- पौली क्षेत्र के मड़पौना से तेलियागंज दो किलोमीटर तक रामजानकी मार्ग बना सिरदर्द
- चौड़ीकरण कार्य के दौरान भूमि अधिग्रहण की स्थिति साफ न होने से यहां नहीं बन पाई थी सड़क



मड़पौना के पास बदहाल स्थिति में रामजानकी मार्ग● जागरण

जनपद में 35 किलोमीटर रामजानकी मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। सड़क चौड़ीकरण कार्य में अब तक लगभग दो वर्ष का समय गुजर चुका है। लेकिन अधिग्रहित भूमि की पैमाइश न होने से सड़क का निर्माण आगे नहीं बढ़ सका था। पिछले दिनों अधिग्रहित भूमि की पैमाइश के बाद सड़क निर्माण शुरू हुआ। लेकिन मड़पौना से तेलियागंज तक सड़क को ठीक करना आसान नहीं रह गया। भारी वाहनों के दबाव में सड़क पगडंडी से बदतर स्थिति में पहुंच गई है। सड़क पर भारी वाहनों के फंसने से जाम लग रहा है। काफी मशक्कत के बाद सड़क पर फंसे ट्रकों को बाहर निकाला जा रहा है। हालत यह है कि इस समय भारी वाहन-गंतव्य तक पहुंचने के लिए रास्ता बदल रहे हैं। सड़क के दोनों किनारों पर लगे ट्रकों की लंबी कतार शुक्रवार की देर रात खत्म हुई। शनिवार को सुबह सड़क पर भारी वाहनों का गुजरना लगभग बंद हो गया। सुबह से ही कार्यदायी संस्था ने सड़क बनाने में जुटी रही। शनिवार की शाम तक सड़क पूरी तरह ठीक नहीं हो सकी थी। इस संबंध में एसडीएम रमेश चंद ने बताया कि क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक करने का प्रयास शुरू कर दिया गया है। शीघ्र ही सड़क पर आवागमन पूरी तरह बहाल हो जाएगा।

## 98 वाहनों से वसूला गया शमन शुल्क

संतकबीरनगर। जिले के विभिन्न थानों में शनिवार को चेकिंग अभियान चलाया गया। जिले की पुलिस ने शनिवार को सभी थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर नियम विरुद्ध चलने वालों पर कार्रवाई की गई। निम विरुद्ध चल रहे 98 वाहनों से 1 लाख 17 हजार रूपये सम्मन शुल्क के रूप में वसूल किया गया।

## दुष्कर्म करने के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। नौ वर्षीय अबोध बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र एडीजे व विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने सुनवाई के पश्चात निरस्त कर दिया। आरोपी मोहम्मद इरशाद उर्फ नाटे पर वादिनी की अबोध पुत्री का मुंह दबा कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है।

विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट सत्येन्द्र शुक्ल ने बताया कि मामला जिले के धनघटा थाना क्षेत्र के एक बाजार का है। प्रकरण में पीड़िता की मां ने अभियोग पंजीकृत कराया है। वादिनी का आरोप है कि वह उक्त बाजार में किराए का मकान लेकर अपनी दो छोटी पुत्रियों के साथ रहती है। वह कमरे में सो रही थी और उसकी दोनों बच्चियां गैलरी में सो रही थीं। आरोपी मोहम्मद इरशाद उर्फ नाटे पुत्र सुलेमान मूल निवासी ग्राम रानीपुर थाना धनघटा उसी मकान में कमरा लेकर रहता है। 10 जून 2024 की रात लगभग तीन बजे वादिनी की 9 वर्षीय पुत्री का मुंह दबाकर दुष्कर्म किया और भाग गया। वादिनी के पति बाहर काम करते हैं। वादिनी ने घटना के बारे में पति को बताया। आरोपी के डर के कारण किसी को कुछ बताया नहीं। दो समुदायों के बीच का मामला होने के कारण लोगों में डर का माहौल है।

# आरक्षी बैरक निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच

संतकबीरनगर। एएसपी सुशील कुमार सिंह ने शनिवार को कोतवाली का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान कंप्यूटर कक्ष, थाना कार्यालय, आरक्षी बैरक, मेस, महिला हेल्पडेस्क थाना के साथ निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत का जांच की। आरक्षी बैरक निर्माण में प्रयुक्त हो रही निर्माण सामाग्री के गुणवत्ता की जांच की। साथ ही निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। एएसपी ने निर्धारित मात्रा में निर्माण सामग्री प्रयुक्त कराने के निर्देश दिए। भवन निर्माण निरीक्षण के लिए नामित अधिकारी को निरंतर जांच करने के लिए कहा। संवाद

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

संतकबीरनगर। धर्म छिपा युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

थाना धनघटा पुलिस ने उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन अधिनियम के मामले में आरोपी सद्दाम हुसैन पुत्र जमीदार निवासी रामजंगला को रामजंगला झिरझिरवा पुल के पास से गिरफ्तार किया है। युवती ने 13 सितंबर को थाना धनघटा पर आरोपी के खिलाफ नाम व पहचान छिपाकर शादी का झांसा दिया, फिर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। युवती ने प्रार्थनापत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करके संबंधित न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया। संवाद

# मारपीट के मामले में तीन पर केस दर्ज

**धनघटा।** महुली थाना क्षेत्र के ग्राम भैसही उर्फ भैसवरिया में बरिश के बाद नीम का खड़ा पेड़ गिर गया था। गिरे पेड़ की लकड़ी बटवारे को लेकर 10 जुलाई को मारपीट हो गई थी। इस मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर और कोर्ट के आदेश पर महुली पुलिस तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि भैसही उर्फ भैसवरिया के कन्हैया लाल पुत्र गंगाराम कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। पत्र में बताया कि 10 जुलाई 2024 की शाम 5:30 बजे भारी बारिश के कारण दरवाजे पर खड़ा नीम का पेड़ गिर गया था। गिरे पेड़ की टहनी और लकड़ी के बंटवारे को लेकर विपक्षी एक ही परिवार के सुनीता, संगीता व प्रेमा एक राय होकर उसके घर में घुसकर उसकी पिटाई कर दी। घरेलू सामान क्षतिग्रत कर दिया। संवाद

# निर्माणाधीन बहुमंजिला भवन में प्रयुक्त सामग्री की जांच

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने शनिवार को थाना बखिरा में निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत का निरीक्षण किया।

आरक्षी बैरक निर्माण में प्रयुक्त हो रही निर्माण सामाग्री ईंट, कंक्रीट, सीमेंट, सरिया, ग्लास, इलेक्ट्रिक आदि सामानों की गुणवत्ता मानक के अनुरूप रखने के लिए कहा। उपलब्ध सामानों के गुणवत्ता की बारीकी से जांचकर निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्धारित मात्रा में निर्माण सामग्री प्रयुक्त कराने के लिए बताया। एसपी ने भवन निर्माण के लिए निरीक्षण के लिए नामित अधिकारी को निरंतर निरीक्षण करने के लिए बताया। इस दौरान थानाध्यक्ष बखिरा श्याम मोहन, पीआरओ इन्द्रभूषण सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। संवाद

# केसीसी की रकम के लिए बैंक ने दिया नोटिस, सुलह से कराया खत्म

## दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। शनिवार को दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

धनघटा तहसील के मनिकापार निवांसी बुजुर्ग रामअनुज ने बताया कि आठ साल पहले केसीसी कराया था। जिसका बकाया था। बैंक लोन जमा करने के लिए बार-बार दबाव बना रहा था। राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह के आधार पर रकम जमा कर मामले को समाप्त कराया।

इसी अलावा नाथनगर जयराम पट्टी निवासी बलवंत ने बताया कि उन्होंने 2017 में केसीसी कराया था। जिसके बाद रकम बढ़ती गई और उसे जमा नहीं करा पाया। बैंक ने नोटिस भेजा तो दिक्कत हुई। ब्याज माफ कराने के लिए दौड़ लगाता रहे पर कोई सुनवाई नहीं हुई। राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर बकाया रकम जमा कर समाप्त करा लिया।'इसी तरह से अन्य मामले आए।



दीवानी न्यायालय परिसर में आयोजित लोक अदालत में वादों का निस्तारण करते बैंककर्मी। संवाद

### कुल 23 हजार 630 मामलों का निस्तारण

संतकबीरनगर। दीवानी न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला जज अनिल कुमार प्रथम मां सरस्वती के चित्र पर दीपं प्रज्जवलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया। लोक अदालत में कुल 23 हजार 630 मामलों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में बैंक एवं फाइनेंस कंपनियों द्वारा कुल 619 मामलों में 4 करोड़ 20 लाख 48 हजार 785 रुपये की ऋण वसूली की गई। इसी प्रकार न्यायालयों में कुल 1372 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल 1 लाख 67 हजार 485 रुपये का अर्थदंड और 1 करोड़ 48 लाख 85 हजार रुपये का मोटर दुर्घटना प्रतिकर दिया गया। संवाद

# छिनैती और मारपीट के मामले में केस

## राम जानकी मार्ग पर बस संचालकों के बीच हुए विवाद का मामला

धनघटा। राम जानकी मार्ग पर नौ सितंबर को पौली के पास दो बस संचालकों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने शनिवार को तीन सगे भाइयों समेत अन्य के विरूद्ध छिनैती और मारपीट का केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई एसपी के आदेश पर हुई है।

गोरखपुर जिले के बेलघाट क्षेत्र के सुअरहा गांव निवासी सत्यनारायण यादव पुत्र लालजी यादव का आरोप है कि भाई अनिल यादव एक बस को बुक करके अयोध्या धाम दर्शन के लिए जा रहे थे, जब वह धनघटा क्षेत्र के पौली के पास राम जानकी मार्ग पर पहुंचे तो गोरखपुर जिले के बेलघाट क्षेत्र के यदवापुर गांव निवासी कुछ लोग आए और तीर्थ यात्रा जा रही बस को जबरन रोक लिए। उसके बाद बस चालक को मारने-पीटने लगे। जब उसके बचाव में भाई अनिल गए तो उन पर भी चाकू से प्रहार कर दिए।

एसओ अनिल कुमार ने बताया कि एसपी के आदेश पर यदवापुर गांव निवासी लालकेश यादव, ऋषिकेश, मुराली पुत्रगण रंगपाल और कुछ अज्ञात पर केस दर्ज किया है। संवाद



बखिरा थाने में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनते एसपी। स्रोत-पुलिस

# 14 साल पहले जमीन का कराया बैनामा 10 साल से पैमाइश के लिए लगा रहे दौड़

## समाधान दिवस पर घोरहट गांव के फरियादी ने सुनाई पीड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** जनपद के समस्त थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

महुली थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियाद लेकर पहुंचे घोरहट गांव निवासी गोल्हई पुत्र मंगरु ने बताया कि 14 वर्ष पूर्व जमीन बैनामा कराया था। जिसका दस साल से पैमाइश के लिए थाना और तहसील पर दौड़ लगा रहा हूं।

मंगरु ने तहसील कर्मी, लेखपाल और कानूनगो ने धारा 24 का आदेश करने की बात कही। वह भी आदेश करा दिए। अब लेखपाल और कानूनगो का कहना है कि नापने लायक नहीं है। जमीन पैमाइश के लिए समाधान दिवस में फिर आए हैं। लेकिन इस बार भी फिर आश्वासन ही मिला। वहीं कोतवाली में एसपी सत्यजीत गुप्त ने समस्याएं सुनी। इस दौरान पांच मामले आए एक का भी समाधान नहीं हुआ।

इसी तरह से दुधारों चार, धनघटा में चार, महुली में आठ, मेंहदावल में आठ, बखिरा में चार, बेलहर कलां में दो, धर्मसिंहवां में एक मामला आया। कुल 36 मामलों में छह का निस्तारण किया गया।

# धर्मसिंहवा कस्बे में बरावफात जुलूस निकालने के लिए दो पक्षों में खींचतान

संवाद न्यूज एजेंसी

**शनिवार को एसडीएम सीओ ने मौके पर पहुंच कर किया भौतिक सत्यापन**

**धर्मसिंहवा।** बरावफात पर जुलूस निकालने के लिए एक ही समुदाय के दो पक्षों में खींचतान लगी हुई है, हालांकि अब तक दोनों पक्षों में से किसी को अनुमति नहीं मिल पाई है।

शनिवार को एसडीएम मेंहदावल और क्षेत्राधिकारी कस्बे में पहुंच कर हकीकत जाने का प्रयास किए। धर्मसिंहवा में स्थित दारुल उलूम अहमदिया मेराजुल उलूम के पूर्व प्रधानाचार्य अली अहमद और वर्तमान प्रबंधक अकबाल अहमद बरावफात पर जुलूस निकालने के लिए तहसील कार्यालय मेंहदावल में प्रार्थना पत्र देकर के अनुमति की मांग की थी। एसडीएम कार्यालय से एसओ धर्मसिंहवा से आख्या मांगी गई थी। पिछले दिनों हुए पीस कमेटी की बैठक में भी दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए थे।

एक पक्ष के अली अहमद का कहना था कि वर्ष 1972 से ही उनके आवास के सामने से जुलूस प्रारंभ होकर उनके आवास पर आकर खत्म हो जाता था और यही परंपरा पूर्व में रही है, जबकि दूसरे पक्ष के अकबाल अहमद का कहना था कि मदरसे से जुलूस का संबंध है। वर्तमान में वह प्रबंधक हैं, इस वजह से अनुमति उन्हें मिलनी चाहिए।

शनिवार को एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव और सीओ केशवनाथ में ने कस्बे में पहुंच कर हकीकत जानने का प्रयास किया, हालांकि प्रशासन अनुमति को लेकर अभी निर्णय नहीं ले पाई है।

# नौ पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने जनपद में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए नौ पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण किया है। आईजीआरएस सेल में तैनात कांस्टेबल विकास यादव को कार्यालय थाना मेंहदावल, महिला कांस्टेबल शिवांगी शुक्ला को थाना धर्मसिंहवा, ललिता देवी को थाना धनघटा पर तैनात किया है। वहीं कार्यालय सीओ मेंहदावल सूरज पासवान, प्रवीण कुमार यादव थाना बखिरा, विजय कुमार यादव थाना मेंहदावल और महुली से महिला कांस्टेबल कविता सिंह को लाइनहाजिर कर दिया है। इसके अलावा पुलिस लाइंस से कांस्टेबल पियूष गुप्ता और लल्लन पाल को आईजीआरएस सेल में तैनाती मिली है। संवाद

**एसपी ने जनपद में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के दिए निर्देश**

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-15-09-2024

# टिकरी जंगल में लकड़ी चोरी करने वालों पर केस

मनकापुर। टिकरी रेंज में अवैध कटान का खेल बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। विभाग परेशान है लेकिन वन माफिया चोरी से जंगल में पेड़ काटने से बाज नहीं आ रहे हैं। रेंजर सुशांत शुक्ला ने बताया कि पांच नामजद चोरों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। टिकरी जंगल के मनीपुर बीट में तैनात बीट प्रभारी राम देव पुत्र लालता प्रसाद ने कोतवाली में तहरीर देकर वन में चोरी से पेड़ काटने वाले लोगों के खिलाफ वन अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया है।

# डीजे की आवाज सीमित दायरे में रखी जाए:एसओ

नवाबगंज, संवाददाता। जुलूसे मोहम्मदी में आयोजक निर्धारित समय सीमा के अंदर जुलूस को शांति पूर्वक संपन्न कराएं। डीजे की आवाज सीमित दायरे में रखें। किसी भी असुविधा या समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। कानून हाथ में लेने की कोशिश ना करें।

यह बात बारह रबीउल अव्वल के मद्देनजर थाना प्रांगण में आयोजित पीस कमेटी की बैठक मे कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने कही। बैठक में नवाबगंज और ग्रामीण क्षेत्र के जुलूस से मोहम्मदी के आयोजक सम्मिलित हुए। कटरा, मीरपुर, दुर्जनपुर, पिपरी, बल्लीपुर, सिरसा, परसापुर, लौव्वाबीर पुर, होलापुर, शिवरहा, अकबरपुर, काजीपुर और नगर के आयोजकों के साथ कोतवाल ने जुलूस के समय सारणी, रूट और व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में डॉ इकबाल अहमद, हाजी मोहम्मद शफीक, अशरफ राईन, बादशाह अंसारी, फारूक रैनी, मोहम्मद इब्राहिम, शहबाज, जैनुल आब्दीन, अब्दुल रहीम सहित थाना क्षेत्र के समस्त चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

# एसओ ने प्रधानों के साथ बैठक की

रुपईडीह। नवागत प्रभारी निरीक्षक थाना कौड़िया दुर्ग विजय सिंह ने शनिवार को क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधानों व सम्मानित नागरिकों के साथ बैठक कर उनसे परिचय प्राप्त कर क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की।

थाना परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता नवागत प्रभारी निरीक्षक थाना कौड़िया दुर्ग विजय सिंह ने बारावफात त्यौहार पर क्षेत्र में निकलने जुलूस के बारे में जानकारी ली। इस दौरान इसमें चौकी प्रभारी आर्यनगर राजेश कुमार दुबे, उप निरीक्षक श्री कृष्णा, संदीप कुमार सिंह, गुलाब सिंह, उमेश कुमार यादव, मोहित शुक्ला रहे।

# रास्ते के विवाद में मारपीट, मुकदमा दर्ज

वजीरगंज। थानाक्षेत्र के लोहराडाढ चांदपुर निवासी रामदेव ने थाने पर तहरीर दिया है कि रास्ते के विवाद को लेकर विपक्षी रामकरण पुत्र राम उजागर व राम उजागर चौहान पुत्र पाटन ने प्रार्थी व बहू आरती को अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मुक्का थप्पड़ व डंडे से मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

# ठगी का आरोपी हुआ गिरफ्ततार

मनकापुर। जालसाजी कर जमीन व मकान बैनामा कराने तथा मारपीट व धमकी के आरोप में दर्ज केस में पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। लौकहा में आबादी की भूमि जिस पर दो महिलाओं विमला देवी, मयानी देवी जो अनुसूचित जाति की है उनका मकान पहले से बना था। उसको हड़पने की नियत से मां तालुका देवी व उनका बेटा इन्द्रमणि ने बैनामा करा लिया था।

## समाधान दिवस में आश्वासन लेकर लौटे फरियादी

संसू, जागरण • गोंडा : शनिवार को सभी थानों में आयोजित समाधान दिवस में निस्तारण की उम्मीद पर पानी फिर गया। अधिकांश जगह फरियादियों को केवल आश्वासन लेकर लौटना पड़ा। एसपी विनीत जायसवाल ने सभी थानों में आयोजित समाधान दिवस में जनसमस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया था, लेकिन एक दो जगह ही इसका असर रहा। आंकड़ों पर गौर करें तो सभी थानों से कुल 115 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें केवल 11 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

# सास के बैंक खाते से 80 हजार उड़ाए

धानेपुर। बैंक में पासबुक अपडेट कराने के नाम पर इलाके के एक व्यक्ति ने अपनी सास के खाते से 80 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिये और रफूचक्कर हो गया। शनिवार को थाना समाधान दिवस में पीड़िता ने शिकायत की गई है।

इटियाथोक क्षेत्र के ग्राम पंचायत धर्मेई के मजरा डिहवा की रहने वाली महिला आशा देवी के मुताबिक उनके पति काफी दिनों से बीमार चल रहे हैं। उनका उपचार लखनऊ से चल रहा है। इसके लिए उन्होंने अपने दामाद रामशंकर शुक्ल से उपचार के लिए लखनऊ लाने ले जाने में सहयोग लिया था। पीड़िता के मुताबिक बीते सात सितंबर को पति के उपचार के लिए पांडेय बाजार में स्थित प्रथमा ग्रामीण बैंक से साठ हजार रुपए निकाला था। जिसे उसके दामाद ने गिनने के बहाने ले लिया और कहा कि घर पर चलकर दे देंगे। फिर दूसरा खाता अपडेट कराने के बहाने रकम लेकर चंपत हो गया।

# युवक पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

वजीरगंज। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती ने थाने पर तहरीर दिया है कि गांव के ही युवक मनोज कुमार ने गलत नियत के साथ उसके साथ छेड़खानी की है।

थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। उधर, तरबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की के अपहरण मामले में पुलिस ने अनुभव पाण्डेय पुत्र राम तिलक पाण्डेय निवासी सेमरा, नगरहनपुरवा तरबगंज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। एसओ राजेश सिंह ने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। लोकेशन ट्रेस करने के लिए सर्विलांस की मदद ली जा रही है।

# किशोरी से छेड़खानी में दो नामजद समेत सात पर केस

उमरी वेगमगंज (गोंडा) : एक गांव में किशोरी के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने कहा कि गत 11 सितंबर को आरोपित ने घर में घुसकर उसकी बेटी के साथ छेड़खानी की। उसके अगले दिन ई रिक्शा पर बैठ कर जाते समय भी बेटी के साथ गाली गलौज व मारपीट की। थानाध्यक्ष नरेन्द्र प्रताप राय ने बताया कि दो नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। (संसू)

# पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नवावगंज : रामापुर बजर डिहवा गांव की रहने वाली रेखा देवी ने दी गई तहरीर में कहा कि शुक्रवार की शाम लगभग छह बजे उसके पति रामजग जायसवाल घरेलू विवाद को लेकर उससे अभद्रता करने लगे। मना करने पर लाठी-डंडों से मार कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति के विरुद्ध बीएनएस की धारा 352, 351( 2), 85 व 115 के तहत मुकदमा किया गया है। (संसू)

## सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

आर्यनगर : अयोध्या जिले के हैदरगंज के मुनऊपुर गांव निवासी राकेश सिंह ने कहा कि अपनी पुत्री मिनी सिंह की शादी छह माह पूर्व पूरे निधि गांव निवासी कल्याण सिंह के साथ की थी। दहेज को लेकर ससुरालीजन उनकी बेटी को आए दिन मारा पीटा जाता है। प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि पति समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। (संसू)

## चार भाईयों पर मुकदमा दर्ज

वजीरगंज : ग्राम बंधवा निवासी पूनम ने थाने पर तहरीर देकर कहा कि कहासुनी में हुए विवाद को लेकर गांव के ही शिव प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, दुक्खू व जग प्रसाद ने अभद्रता करते उसकी पिटाई की व जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि आरोपितों के खिलाफ मुकदमा कर विधिक करवाई की जा रही है। (संसू)

## युवती के अपहरण का केस दर्ज

तरबगंज : एक गांव के रहने वाले युवक ने दी गई तहरीर में कहा कि उसकी बहन को शुक्रवार की शाम आरोपित अपहृत कर ले गया। खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत सेमरा के निवासी अनुभव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।(संसू)

## पति समेत छह पर मुकदमा

तरबगंज : चंदीपुर बौंरिहा की रहने वाली प्रीती ने कहा कि उसकी शादी वर्ष 2021 में थाना धानेपुर के पूरे महापुरवा निवासी राहुल के साथ हुई थी। उसकी ढाई साल की बेटी आर्या भी है। दहेज में बाइक, दो लाख रुपये नकद व जेवरात की मांग की जाने लगी। विरोध करने पर उसे घर से भगा दिया। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि पति राहुल, ससुर राजेंद्र, सास सुनीता, दो ननद रिम्पा, सिम्पा व देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।(संसू)

## हादसे में कार क्षतिग्रस्त

वजीरगंज : बसंती पुरवा निवासी शुभम तिवारी ने कहा कि वह कार से घर जा रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उन्हें बगल से ठोकर मार दी जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई और वह चोटिल हो गए। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया।(संसू)

## जालसाजी में एक गिरफ्तार

मनकापुर : ग्राम लौकहा में आबादी की भूमि पर बने मकान को हड़पने की नियत से तालुका देवी व उनके बेटे इन्द्रमणि ने बैनामा (दान पत्र) करा लिया था। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। तालुका देवी न्यायालय में आत्म समर्पण कर चुकी है। वहीं उनके बेटे इन्द्रमणि पांडेय को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया है।(संसू)

## रास्ते के विवाद में मारपीट

मनकापुर : ग्राम कुंजलपुर के तिवारी पुरवा के रहने वाले राम प्रताप तिवारी ने कहा कि वह गुरुवार की शाम पांच बजे वह दरवाजे पर बैठा था। इस रास्ते के विवाद को लेकर उसका भतीजा चन्द्रकान्त उर्फ लवकुश व प्रिन्स तिवारी व भाई विन्देश्वरी तिवारी की पत्नी जावन्ती ने घर पर आकर दरवाजे पर रखा भूसा, चारपाई जला दिया। मोटर साइकिल, पेडेस्टल पंखा क्षतिग्रस्त करके कुएं में डाल दिया। उसके बाद गांव के बाहर निर्माणाधीन दीवार को भी गिरा कर नुकसान पहुंचाया है। वहीं दूसरे पक्ष के प्रिंस तिवारी ने कहा कि चचेरे भाई आशीष व उनके पिता राम प्रताप तिवारी ने उसके सगे भाई चन्द्रकान्त के सिर पर ईंट से मार कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्र ने कहा आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।(संसू)

# पानी लेने जा रहे बालक पर जंगली जानवर ने कर दिया हमला, दहशत

## पथार के रंगढारपुरवा की घटना **वन विभाग की टीम** कर रही जांच

संसू, जागरण • तरबगंज (गोंडा) : घर से हैंडपंप पर पानी लेने जा रहे बालक पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया, इससे वह घायल हो गया। वहीं, खजुरी गांव में भी युवक पर जंगली जानवर ने हमला किया, लेकिन वह बच गया। वन विभाग की टीम जानवर के पगचिह्न की जांच कर रही है। घटना से ग्रामीणों में दहशत है। पुलिस ने ग्रामीणों को रात में अकेले न निकलने की सलाह दी है।

तरबगंज ब्लाक की ग्राम पंचायत पथार के रंगढार पुरवा में शुक्रवार की रात घर से हैंडपंप पर पानी लेने निकले नौ वर्षीय सुंदरम पर पीछे से जंगली जानवर ने हमला कर दिया। बच्चे के रोने व चीखने की आवाज सुनकर घर से स्वजन बाहर गए और डंडे से जानवर पर हमला किया, लेकिन उसने बच्चे को नहीं छोड़ा। स्वजन के मुताबिक बच्चे को जानवर ने पंजों में दबा रखा था। गांववालों के आने पर जानवर बच्चे को छोड़कर भाग गया।

घटना की जानकारी समाजसेवी प्रदीप सिंह ने पुलिस व वन विभाग के अधिकारियों को दी। रात में टीम को कोई जानवर नहीं मिला। प्रभारी निरीक्षक तरबगंज राजेश सिंह ने बताया कि हमला करने वाला जानवर कौन है, यह पता नहीं चल सका है।



पथार रंगढारपुरवा में जंगली जानवर की सूचना पर जानकारी लेती पुलिस • जागरण

ग्रामीणों को सतर्कता बरतने व रात में अकेले घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है।

ग्रामीणों के मुताबिक जंगली जानवर ने खजुरी टेपरा निवासी रिजवान (16) पर भी हमला किया था, लेकिन वह बच गए। घटना से लोगों में भय व्याप्त है और वह रतजगा करने को विवश हैं। वन क्षेत्राधिकारी तरबगंज ज्योतिर्मय शुक्ला ने बताया कि दुर्घटना में घायल होने के कारण वह अवकाश पर हैं।

सूचना पर वन विभाग की टीम भेजकर जांच कराई जा रही है। पग चिह्नों से जानवर की पहचान की जा रही है। एसडीओ सुदर्शन ने बताया कि वन क्षेत्राधिकारी से रिपोर्ट मांगी गई है।



सुंदरम, घायल • जागरण

# राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटे 1.41 लाख केस

संसू, जागरण • गोंडा : जिला न्यायालय समेत जिले की चारों तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उद्घाटन जिला न्यायाधीश प्रमोद कुमार श्रीवास्तव द्वितीय ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप जलाकर व पुष्प अर्पित कर किया। नोडल अधिकारी/अपर सत्र न्यायाधीश सर्वजीत कुमार सिंह के निर्देशन में संपन्न हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में एक लाख 41 हजार सात सौ छह प्रकरणों का निस्तारण हुआ। जिसमें से 15 हजार एक मामले का निस्तारण न्यायालय से हुआ और 19 लाख 59 हजार दो सौ 15 रुपये का अर्थदंड वसूला गया। वहीं, जिले के विभिन्न विभागों द्वारा एक लाख 31 हजार चार सौ छह प्रिलिटिगेशन प्रकरणों (ऐसे प्रकरण जो मुकदमे की श्रेणी में नहीं आते हैं) का निस्तारण करते हुए 12 करोड़ 82 लाख 37 हजार पांच सौ छह रुपये की समझौता राशि तय की गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर सत्र न्यायाधीश दानिश हसनैन ने बताया कि प्रकरणों का निस्तारण पक्षकारों के बीच सुलह-समझौते के आधार पर किया गया है।



‹‹ राष्ट्रीय लोक अदालत में स्टाल का निरीक्षण करते जिला न्यायाधीश प्रमोद कुमार श्रीवास्तव द्वितीय • सौ. इंटरनेट मीडिया

# पुलिसकर्मी ने की छिनैती के शिकार यात्री की घर जाने में मदद

संसू, जागरण • कर्नलगंज (गोंडा): शुक्रवार की आधी रात गश्त पर निकले सिपाही अमित की नजर कटरा रेलवे क्रासिंग के पास भटक रहे एक रेल यात्री पर पड़ी। पूछताछ की तो पता चला कि उसका नाम राजा है, जो गुजरात में नौकरी करता है। राजा मूलत: बिहार के दरभंगा निवासी है, जो ट्रेन से घर जा रहा था। रास्ते में उसके बैग, मोबाइल व रुपये किसी ने छीन लिए। इस पर सिपाही ने उसे भोजन कराया और फिर उसके घर के लिए रवाना किया। पुलिस के इस मानवीय चेहरे को देख लोग तारीफ कर रहे हैं।

# फर्जी बैनामा कराने के दो आरोपी गिरफ्तार

मनाकपुर/गोंडा। कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा कराने के दो आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। कोतवाल नगर मनोज पाठक ने बताया कि विकास नगर लखनऊ निवासी शाकिर अली ने कोतवाली में झुड़िया कोतवाली देहात बहराइच निवासी अरविंद कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोतवाली देहात क्षेत्र के परसापुर के पास करीब ढाई बीघा भूमि कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैनामा करा ली। मुकदमे के विवेचक एवं अपराध शाखा के निरीक्षक अतीउल्ला के गिरफ्तारी आदेश पर आरोपी अरविंद को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप से गिरफ्तार किया गया है। उधर कोतवाल मनकापुर संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि क्षेत्र के लौकहा गांव में विमला देवी और भवानी देवी की आबादी की भूमि पर बने मकान को हड़पने के इरादे से गांव की तालुका देवी और उनके बेटे इंद्रमणि पांडेय ने पांच मार्च 2024 कूटरचित दानपत्र तैयार कर बैनामा करा लिया था। मामले में एसपी के आदेश पर तालुका देवी व इंद्रमणि पांडेय सहित आठ लोगों के खिलाफ जालसाजी, मारपीट का केस दर्ज किया गया था। (संवाद)

# मासूम पर भेड़िये का हमला, ग्रामीणों ने बचाया

## तरबगंज के पथार रंगधार पुरवा में भेड़िये की आमद से सहमे लोग, पड़ोसी गांव खजुरी के टेपरा में भी किशोर के पैर में काटा

संवाद न्यूज एजेंसी

तरबगंज (गोंडा)। तरबगंज के पथार रंगधार पुरवा में शुक्रवार रात आठ बजे घर के बाहर खड़े नौ वर्ष के मासूम पर हिंसक जंगली जानवर ने हमला कर दिया। वह मासूम को खींचकर ले जा रहा था। चीखपुकार सुन पहुंचे लोगों ने लाठी-डंडे मार हिंसक जानवर को भगाकर मासूम को बचाया।

क्यूआर कोड स्कैन कर देखें खबर का वीडियो।

ग्रामीणों का दावा है कि हिंसक जानवर भेड़िया है। पुलिस व वन विभाग की टीम गांव पहुंचकर छानबीन कर रही है। पगचिह्न से जानवर की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### पगचिह्न से जानवर की पहचान में जुटी वन विभाग की टीम



पथार रंगधार पुरवा में जानवर के हमले के बाद जांच करती पुलिस टीम। संवाद

पथार रंगधार पुरवा के ग्रामीणों का कहना है कि शुक्रवार रात स्व. किशन कुमार का बेटा सुंदरम (09) घर के बाहर खड़ा था। तभी वहां छिपकर बैठे भेड़िये ने उस पर हमला कर दिया। सुंदरम को घर से 150 मीटर दूर तक घसीट ले गया। सुंदरम की चीखपुकार सुनकर उसके सौतेले पिता भल्लर और पास से गुजर रहे गांव के समीउल्ला ने हिंसक जानवर पर लाठी-डंडे से हमला किया।

इस पर वह सुंदरम को छोड़कर पास के खेत की तरफ भाग गया। तब जाकर मासूम की जान बच सकी। शोर सुनकर ग्रामीण जुट गए। सूचना पर पुलिस व वन विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर जांच-पड़ताल की। जानवर के हमले में मासूम के हाथ व सिर में गंभीर चोटें आई हैं। सीएचसी तरबगंज में उसका इलाज कराया गया।

घटना के चश्मदीद समीउल्ला ने बताया कि हमला करने वाला जानवर भेड़िया ही था। उसके पगचिह्न भी सियार की अपेक्षा बड़े हैं। समीउल्ला ने बताया कि घटना से कुछ देर पहले पास के गांव खजुरी टेपरा के रिजवान (16) पर भी हिंसक जानवर ने हमला किया था। रिजवान ने बताया कि जब वह मजदूरी करके घर लौट रहा था, तभी सरदार फार्म के पास अज्ञात जानवर ने उसके पैर पर हमला किया था। हालांकि शोर मचाने व बचाव करने पर वह भाग गया। क्षेत्र में भेड़िये की आमद की आशंका को लेकर दहशत का माहौल है। लोग रतजगा कर रखवाली कर रहे हैं।

### वन विभाग ने ग्रामीणों को किया सतर्क

वन विभाग के रेंजर ज्योतिर्मय शुक्ल ने बताया कि घटना की सूचना पर विभाग की टीम को सक्रिय किया गया है। पगचिह्नों से हिंसक जानवर की पहचान की जा रही है। जानवर की पहचान होने पर उसे पकड़ने का इंतजाम किया जाएगा। ग्रामीणों को सजग रहने के लिए कहा गया है। जरूरत पड़ने पर अंधेरे में घर से बाहर निकलने पर लोग हाथ में लाठी-डंडा व टॉर्च लेकर चलें और समूह में ही निकलें।

# गश्त में ढिलाई से बढ़ीं चोरियां

## करनैलगंज, तरबगंज और खरगूपुर में ताबड़तोड़ वारदातें

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। करनैलगंज, तरबगंज और खरगूपुर में हुई ताबड़तोड़ चोरी की वारदात से लोगों में दहशत है। पुलिस गश्त का दावा तो करती है। इसके बावजूद बदमाश वारदात को अंजाम दे रहे हैं। परसा गोंड़री के छोटी पुरवा में बदमाशों ने घर का दरवाजा तोड़ते समय पहुंचे किराना व्यवसायी सत्यदेव को गोली मार दी। इस वारदात के बाद से लोगों को पुलिस पर भरोसा कम होने लगा है। गांवों में लोग रतजगा कर खुद की सुरक्षा कर रहे हैं। इलाके में चोरी की कई वारदात का पुलिस खुलासा भी नहीं कर पाई है।

अमर उजाला फॉलोअप

मंगलवार की आधी रात के बाद किराना व्यवसायी सत्यदेव दीक्षित को घर का दरवाजा तोड़ते समय बदमाशों ने गोली मार दी थी और फरार हो गए थे। बदमाशों ने इसी रात परसा गोंड़री के ही दर्शन तिवारी पुरवा निवासी विनोद कुमार यादव के घर का दरवाजा तोड़कर घर में घुस गए थे, लेकिन महिलाओं के जग जाने पर बदमाश भाग निकले थे। खरगूपुर के लक्ष्मनपुर में पड़ोसी के छत के रास्ते गांव के बच्चन बाबू तिवारी के घर में घुसे चोर 50 हजार रुपये नकदी व आठ लाख के गहने लेकर फरार हो गए। छपिया थाना क्षेत्र के मसकनवां बाजार निवासी मनीष कुमार गुप्ता के घर में घुसे चोर टुल्लूपंप आदि लेकर चंपत हो गए थे। देहात कोतवाली देहात क्षेत्र के हरखापुर गांव निवासी आनंद शुक्ल के घर में घुसे चोरों ने दो लाख रुपये नकदी व गहने पर पार कर दिए थे। तरबगंज थाना क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय पूरे मोहन में रसोई घर का ताला तोड़कर चोरों ने बर्तन, सिलिंडर व मिड-डे-मील पर कर दिया था। एक ही रात में ताबड़तोड़ हुई चोरी की छह वारदात से लोगों में दहशत है।

### चोरी के कई मामलों में अब तक खुलासा नहीं हो सका

#### इन मामलों का नहीं हो सका खुलासा

- 29 जून–करनैलगंज के समदरियन पुरवा के गोपाल दुबे के घर से नकदी व गहने चोरी
- 30 जुलाई–करनैलगंज के भैरमपुर के रामनेवाज मिश्र के घर से नकदी व गहने चोरी
- 30 जुलाई–करनैलगंज के बमडेरा गांव में रामप्रकाश शुक्ला के घर से नकदी व गहने चोरी
- 31 अगस्त– देहात कोतवाली के भुलभुलिया डीहा गांव में रविप्रकाश सिंह, अर्जुन सिंह व शिवबहादुर यादव के घर में चोरी

### शटर तोड़कर दुकान में चोरी

गोंडा। करनैलगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दत्तनगर के मजरा सुदईपुरवा निवासी संतोष कुमार मिश्र ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि रेवारी-करनैलगंज मार्ग पर उनकी दुकान है। शनिवार रात चोर दुकान का शटर तोड़कर गल्ले से 20 हजार रुपये, दो हजार रुपये के सिक्के व कुछ सामान उठा ले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस जांच कर रही है। (संवाद)

### किराना की दुकान में चोरी

बभनान (गोंडा)। छपिया के पिपरा खुर्द की प्रधान समुंद्रा देवी ने बताया कि गांव निवासी रामकुमार मिश्र की घर के पास ही किराना की दुकान है। रामकुमार पत्नी का इलाज कराने दिल्ली गए थे। बृहस्पतिवार देर रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर काउंटर में रखी 4500 रुपये नकदी व किराना का सामान पार कर दिया। बभनान चौकी प्रभारी घनश्याम वर्मा ने बताया कि सूचना पर पड़ताल की गई है। (संवाद)

# छेड़खानी के विरोध पर किशोरी को ई रिक्शा से उतारकर पीटा

**उमरी बेगमगंज (गोंडा)।** उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी से युवकों ने छेड़खानी की। सहमी किशोरी ने पुलिस में शिकायत नहीं की तो मनबढ़ शोहदों ने दूसरे दिन ई रिक्शा से जाते समय दोबारा छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसे ई रिक्शा से उतारकर पिटाई कर दी। किशोरी की मां ने दो युवकों को नामजद करते हुए पांच अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**पहले दिन छेड़खानी की नहीं की शिकायत तो मनबढ़ हुए शोहदे**

**दो नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज**

थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में किशोरी की मां ने बताया कि उनकी बेटी 11 सितंबर को अपने घर से उमरी जा रही थी। रास्ते में खड़े सात युवकों ने उसके साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर धमकी दी। इससे बेटी सहम गई और किसी से शिकायत नहीं की।

मनबढ़ शोहदों ने उनकी बेटी को दूसरे दिन दोपहर में ई रिक्शा से उमरी बाजार जाते समय रास्ते में रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगे। शोहदों ने उनकी बेटी को ई रिक्शा से उतार लिया और जमकर पिटाई की। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय से बताया कि ऐली परसौली गांव निवासी सूरज, नीरज व पांच अन्य के खिलाफ मारपीट, छेड़खानी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# दामाद पर लगाया खाते से रुपये निकालने का आरोप

**मुजेहना (गोंडा)।** इटियाथोक इलाके धर्मेई के मजरा डिहवा की महिला ने दामाद पर खाते से रुपये निकालने का आरोप है। महिला आशा देवी के मुताबिक उनके पति बीमार हैं और उपचार लखनऊ से चल रहा है। पीड़िता ने बताया कि सात सितंबर को पति के उपचार के लिए पांडेयबाजार में स्थित प्रथमा ग्रामीण बैंक से 60 हजार रुपये निकाले था। जिसे दामाद ने गिनने के बहाने ले लिया और कहा घर चलकर दे देंगे। इसके बाद खाते से 80 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिया। शनिवार को पीड़िता बीमार पति के साथ धानेपुर थाना पहुंचकर शिकायत की है। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# लोक अदालत में 1.46 लाख वाद निस्तारित

## प्री-लिटीगेशन से 1.31 लाख वाद निपटे, 12.82 करोड़ समझौता राशि तय

संवाद न्यूज एजेंसी



जिला न्यायालय में लोक अदालत के दौरान उपस्थित न्यायिक अधिकारी। संवाद

**गोंडा।** जिला न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। लोक अदालत में एक लाख 46 हजार 407 वादों का निस्तारण कर 19,59,215 रुपये जुर्माना राशि वसूल की गई। समस्त विभागों के द्वारा प्री-लिटीगेशन के माध्यम से कुल एक लाख 31 हजार 406 वादों का निस्तारण करते हुए कुल 12 करोड़ 82 लाख 37 हजार 506 रुपये की समझौता राशि तय की गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला जज प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने 11 और प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रीता गुप्ता ने 38 वादों का निस्तारण किया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अशोक कुमार ने 38 वादों का निस्तारण कर 86 लाख 70 हजार रुपये का प्रतिकर दिलाया। अपर जिला जज-1 पूजा सिंह ने सात, अपर जिला जज-3 राजेश कुमार ने दो और अपर जिला जज-4 रामदयाल ने 131 वाद निपटाकर दो लाख 55 हजार 500 रुपये अर्थदंड वसूल किया।

अपर जिला जज (एफटीसी प्रथम) सूर्यप्रकाश सिंह ने एक, अपर जिला जज (एफटीसी द्वितीय) सर्वजीत कुमार सिंह ने दो, अपर जिला जज (एफटीसी नवीन) नम्रता अग्रवाल ने छह और अपर प्रधान न्यायाधीश-1 परिवार न्यायालय हरेंद्र कुमार ओझा ने 20 वादों का निस्तारण किया।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नेहा रूंगटा ने 3,818 वादों का निस्तारण कर 10 लाख 36 हजार 950 रुपये अर्थदंड वसूल किया। जबकि सिविल जज सीनियर डिवीजन अमित सिंह ने 20 वाद निस्तारित करते हुए दो करोड़ 23 लाख 78 हजार 792 रुपये का उत्तराधिकार प्रमाणपत्र जारी किया।

# घरेलू विवाद में पत्नी को पीटा, केस

**नवाबगंज (गोंडा)।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के रामापुर बजरडीहवा गांव निवासी रेखा देवी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार की शाम घरेलू विवाद को लेकर उनके पति रामजग जायसवाल अभद्रता करने लगे। मना करने पर लाठी डंडों से मारकर घायल कर दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि रेखा देवी की तहरीर पर पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जांच कराई जा रही है। (संवाद)

# कंपोजिट विद्यालय में चोरी

**इटियाथोक (गोंडा)।** इटियाथोक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय पुरैनिया के रसोई घर का ताला तोड़कर शुक्रवार की रात चोरों ने रसोई गैर सिलिंडर और भगोना पार कर दिया। प्रधानाध्यापक बालमुकुंद पांडेय ने बताया कि इससे पहले भी दो बार कमरे के दरवाजे का ताला तोड़कर चोर खाद्यान्न चुरा चुके हैं। प्रधानाध्यापक ने थाने पर तहरीर दी है। (संवाद)

# मोबाइल चोरी के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**गोंडा।** राजकीय रेलवे पुलिस ने स्टेशन चेकिंग के दौरान कि प्लेटफार्म नंबर पांच के पश्चिमी आउटर पर मोबाइल चोरी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक अरविंद शर्मा ने बताया कि ग्राम लोनियनपुरवा पूरे दलपतपुर थाना इटियाथोक के सहजराम व मालिकराम को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से सात मोबाइल बरामद हुए हैं। जीआरपी ने पकड़े गए व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। (संवाद)

# आबकारी टीम ने बरामद की कच्ची शराब

**वजीरगंज (गोंडा)।** आबकारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने टीम के साथ ग्राम पुरैना में दबिश देकर पप्पू सोनकर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से लगभग 10 लीटर कच्ची शराब, दो किलोग्राम यूरिया, एक अदद चुआनी बरामद कर एक बोतल लहन व एक बोतल नमूना माल मौके से लिया गया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम व बीएनएस की धाराओं में केस दर्ज कर उसे न्यायालय रवाना किया गया। (संवाद)

# प्रेमजाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन कराया

संवाद न्यूज एजेंसी

**खोड़ारे (गोंडा)।** पति की प्रताड़ना से परेशान महिला को प्रेमजाल में फंसा कर धर्म परिवर्तन कराने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

खोड़ारे थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के भाई ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें कहा कि उसने बहन की शादी 28 नवंबर 2023 को छपिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति के साथ की थी। कुछ दिन बाद से ही पति और ससुर कम दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करने लगे। कुछ दिन बाद उसे गांव के बाहर छोड़ गए। आरोप है कि प्रताड़ना से तंग उसकी बहन थाना क्षेत्र के भानपुर गांव निवासी

## महिला के भाई की तहरीर पर तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

## पति की प्रताड़ना से थी परेशान, वर्ष 2023 में छपिया थाना क्षेत्र में हुई थी शादी

मोहम्मद खालिद के संपर्क में आ गई। मोहम्मद खालिद ने उसे शादी का झांसा देकर बहलाकर ले गया और मानसिक रूप से बदलाव करके धर्म परिवर्तन कराकर साथ रहने लगा। जिसमें दो और लोग सहयोगी रहे। महिला के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष खोड़ारे शशिभूषण राणा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपित की तलाश की जा रही है।

# दीवार ढहने से मृत महिला के परिजनों को मिलेगी सहायता

संवाद न्यूज एजेंसी

**इटियाथोक (गोंडा)।** इटियाथोक थाना क्षेत्र के अयाह पूरे भड़जोतिया गांव में कच्ची दीवार ढहने से उसके नीचे दबने से महिला की मौत के मामले में प्रभावित परिवार को सरकारी सहायता मिलेगी। प्रभारी डीएम व सीडीओ अंकिता जैन ने रिपोर्ट एसडीएम और बीडीओ से ली है। बीडीओ ने शनिवार को परिजनों से मुलाकात कर राहत सामग्री और तात्कालिक रूप से आर्थिक मदद दी।

शुक्रवार की शाम करीब छह बजे अयाह पूरे भड़जोतिया गांव में रियाज अहमद के मकान की एक तरफ की कच्ची दीवार गिरने से उसकी पत्नी साजिदा बेगम की मौत हो गई थी। हादसे में दो साल की दुधमुंही बच्ची हलीमा बेगम घायल हो गई।

## आवास योजना का लाभ देने के साथ ही आर्थिक मदद के लिए शासन को जाएगी रिपोर्ट

बीडीओ सत्यप्रकाश पांडेय पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और राहत सामग्री के साथ सहायता राशि भेंट की। उन्होंने बताया कि डीएम को रिपोर्ट दी गई है। पीड़ित परिवार को पक्का मकान और सहायता राशि उपलब्ध कराने की संस्तुति की गई है।

# दामाद पर लगाया खाते से रुपये निकालने का आरोप

**मुजेहना (गोंडा)।** इटियाथोक इलाके धर्मेई के मजरा डिहवा की महिला ने दामाद पर खाते से रुपये निकालने का आरोप है। महिला आशा देवी के मुताबिक उनके पति बीमार हैं और उपचार लखनऊ से चल रहा है। पीड़िता ने बताया कि सात सितंबर को पति के उपचार के लिए पांडेयबाजार में स्थित प्रथमा ग्रामीण बैंक से 60 हजार रुपये निकाले था। जिसे दामाद ने गिनने के बहाने ले लिया और कहा घर चलकर दे देंगे। इसके बाद खाते से 80 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिया। शनिवार को पीड़िता बीमार पति के साथ धानेपुर थाना पहुंचकर शिकायत की है। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# हादसे में दो युवकों के साथ बच्ची जख्मी

**गोंडा।** करनैलगंज-हुजूरपुर मार्ग पर गड़रियन पुरवा के पास शनिवार सुबह 10 बजे तेज रफ्तार बाइक कुत्ते से टकराकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार सूफियान व शोएब निवासी जयरामजोत और उनकी मासूम भांजी घायल हो गई। राहगीरों ने तीनों घायलों को करनैलगंज सीएचसी में भर्ती कराया, जहां सबकी हालत स्थिर है। इसी मार्ग पर टिकौली गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से गोवंश की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने मृत गोवंश को सड़क से हटवाने की मांग की है। (संवाद)

# चार सगे भाइयों ने महिला को पीटा, केस

**वजीरगंज(गोंडा)।** क्षेत्र के बंधवा गांव निवासी पूनम ने थाने में तहरीर दी है। इसमें कहा कि आपसी विवाद के चलते गांव के शिव प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, दुक्खू और जग प्रसाद ने उन्हें डंडे से पीटकर जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

# रास्ते के विवाद को लेकर पीटा, केस

**वजीरगंज(गोंडा)।** क्षेत्र के लोहराडांड़ चांदपुर निवासी रामदेव ने थाने में तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि रास्ते के विवाद के चलते गांव के ही रामकरन और उसके पिता राम उजागर ने उन्हें और उनकी बहू आरती को डंडे से पीट दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

# गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**गोंडा।** कोतवाल खरगूपुर कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि दरोगा पंकज कुमार ने मझवा बनकट थाना विशेश्वरगंज बहराइच निवासी राशिद अली को शनिवार को मुस्लिम बाबा बगिया के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 01 किलो 50 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# युवती के अपहरण में आरोपी पर केस

**तरबगंज (गोंडा)।** तरबगंज क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 24 वर्षीय युवती के अपहरण मामले में आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। युवती के भाई ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि बहन को शुक्रवार शाम सेमरा गांव निवासी अनुभव अगवा कर ले गया था। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि आरोपी अनुभव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# वाहन की टक्कर से कार सवार चोटिल

**वजीरगंज (गोंडा)।** वजीरगंज क्षेत्र के बसंती पुरवा निवासी शुभम तिवारी कार से वजीरगंज बाजार आए थे। शुक्रवार शाम घर जाते समय कस्बे में अज्ञात वाहन ने उन्हें साइड से टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और चोटें आईं। पुलिस ने उन्हें सीएचसी भिजवाया। यहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। (संवाद)

# थाना समाधान दिवस में 11 शिकायतें निस्तारित

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। जिले के सभी थाने व कोतवाली में शनिवार को थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। इसमें 115 शिकायतें दर्ज हुई। एएसपी मनोज रावत ने इटियाथोक और खरगूपुर थाने फरियाद सुनी। इसके बाद क्षेत्राधिकारी और प्रभारी निरीक्षकों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलेभर के थानों में आई शिकायतों में 11 मौके पर निस्तारित की गईं।

कटरा बाजार, करनैलगंज, नवाबगंज, वजीरगंज, तरबगंज और इटियाथोक समेत 17 थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सुबह 10 बजे से फरियादी अपनी फरियाद लेकर थानों में पहुंचे। एएसपी मनोज कुमार रावत ने खरगूपुर और इटियाथोक थाने पहुंचकर

## जिलेभर के थानों में आए 115 फरियादी

सुनवाई की तो नायब तहसीलदार रंजन वर्मा ने वजीरगंज थाने में जनसुनवाई की। क्षेत्राधिकारियों ने भी अपने सर्किल के थानों में जाकर समस्याएं सुनीं। एक बार फिर राजस्व के सर्वाधिक मामले सामने आए।

एएसपी मनोज रावत का कहना है कि थाना समाधान दिवस में आने वाली सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएगा। इसके लिए राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर निस्तारण कराया जाएगा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कमलापति त्रिपाठी, थानाध्यक्ष अभय सिंह, राजस्व निरीक्षक जावेद अख्तर और हनुमान पांडेय समेत अन्य मौजूद रहे।

## मारपीट के दो मामलों में नौ लोगों पर मुकदमा

**मनकापुर (गोंडा)।** कोतवाली क्षेत्र के कुंजलपुर तिवारी पुरवा निवासी रामप्रताप तिवारी का आरोप है कि बृहस्पतिवार शाम घर के बाहर बैठे थे। तभी उनके भतीजे चंद्रकांत, प्रिंस तिवारी व भाई विंदेश्वरी की पत्नी जावंती पहुंची। इसके बाद भूसे और चारपाई में आग लगाकर बाइक, पंखा को तोड़कर कुएं में फेंक दिया। विरोध करने पर पिटाई कर दी। दूसरे पक्ष के प्रिंस तिवारी ने बताया कि शाम छह बजे उनके भाई चंद्रकांत तिवारी को सार्वजनिक रास्ते से खेत जाते समय चचेरे भाई आशीष व उनके पिता राम प्रताप ने पीट दिया। दूसरे मामले में ललकपुर डिहवा निवासी ओम प्रकाश ने भी मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव के ही विश्वनाथ उनके भाई संतराम, परशुराम व परशुराम की पत्नी सीता देवी पर मारपीट का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-15-09-2024

# रेलवे क्रासिंग पर बढ़ाए जाएं सुरक्षा बल

बलरामपुर। झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग पर जम के समय सुरक्षा बल बढ़ाने की मांग लोगों ने की है। यात्री मंगल प्रसाद, रवि राज, विशाल मिश्रा, अमित तिवारी का कहना है कि जाम के समय दो पहिया एवं बड़े वाहन रांग साइड खड़े रहते हैं, जिससे जाम की विकट समस्या उत्पन्न हो जाती है। राहगीरों ने सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने को लेकर पर्याप्त सुरक्षा कर्मियों को लगाने की मांग की है।

# सुआंव नाले की जमीन पर बन गए मकान

## अतिक्रमण की होड़ में सिकुड़ गया सुअंब का अस्तित्व, नपाप और जिला प्रशासन उदासीन

**120** किमी लंबा है सुआंव नाला | **100** गांवों को प्रभावित करते हुए है बहाव | **2** जिलों को जोड़ती है सुअंब नदी | **20** साल पहले सफाई का बना था प्रस्ताव

जासं ● बलरामपुर : कभी सुअंब के नाम से प्रसिद्ध नदी आज सुआंव नाला का रूप ले चुकी है। श्रावस्ती के निकट से इसका उद्गम होता है। नगर क्षेत्र में प्रवेश के साथ ही इस पर अतिक्रमण शुरू हो जाता है। खास बात यह है कि नगर की जलनिकासी के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट सुआंव नाला की जमीन पर ही बन रहा है। नाला की जमीन पर सरकारी व निजी स्कूल समेत लोगों के मकान भी बन गए हैं। निबकहुनी मुहल्ले में भी सुआंव नाला की जमीन पर आलीशान मकान नजर आ रहे हैं। नाला की पानी की निकासी के लिए नगर पालिका प्रशासन कोई कार्ययोजना नहीं बना सका है।

सुअंब नदी का उद्गम श्रावस्ती जनपद की सीमा के निकट गोपियापुर में है। कभी नदी के रूप में बहने वाले सुअंब का स्वरूप गंदगी से सराबोर है। पुराना वजूद भी समाप्त हो चुका है। अब यह सुआंव नाला का रूप ले चुका है। इसके आंचल में चीनी मिल, औद्योगिक प्रतिष्ठानों व घरों के सीवर का गंदा पानी ही है। बारिश में जब राप्ती नदी व पहाड़ी नाले उफान मारते हैं, तो सुआंव भी पानी से लबालब हो जाता है। शहर से लेकर गांवों तक जगह-जगह कब्जा होने से नाले का अस्तित्व सिकुड़ गया है। 120 किलोमीटर लंबाई में जिले में चांदे ताल के पास राप्ती नदी से सटकर बहने वाली सुअंब का जिले में आखिरी पड़ाव रसूलाबाद है। यहां से सिद्धार्थनगर में प्रवेश कर राप्ती में मिल जाती है।

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) में सुअंब नदी को नाला साबित करने के लिए कई सालों तक विवाद चलता रहा। नाला की जमीन पर पट्टे आवंटित कर दिए गए। नगर के अचलापुर, विशुनापुर व भगवतीगंज में कई शानदार आशियाने व औद्योगिक प्रतिष्ठान बना दिए गए हैं। वर्तमान में खमौवा विशुनापुर में गंदे पानी की निकासी के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी बन रहा है। नाला के पानी को स्वच्छ व निर्मल बनाने के लिए नगर पालिका व जिला प्रशासन ने कोई पहल नहीं की है।



नगर से सटे खमौवा विशुनापुर स्थित सुआंव नाला की भूमि पर बने भवन ● जागरण

### 21 वर्ष पहले बना था प्रस्ताव

वर्ष 2003 में रसूलाबाद से 30 किलोमीटर तक सुआंव नाला को अतिक्रमणमुक्त व स्वच्छ बनाने के लिए प्रस्ताव बना था। इसे अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका। नतीजा, नाला जस का तस बदहाल है।

सुआंव नाला का पानी साफ करने के लिए फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लान (एफएसटीपी) लगाया जाना है। इसके लिए जमीन की तलाश की जा रही है। एनजीटी के आदेशों का पालन किया जाएगा।

– डा. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, चेयरमैन नगर पालिका

# आर्म्स एक्ट के चार आरोपी गिरफ्तार

हरैंया सतघरवा। स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत वन्य जीव संरक्षण अधिनियम व आर्म्स एक्ट से संबंधित चार वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक गोविन्द कुमार ने बताया कि वन्य जीव संरक्षण अधिनियम व आर्म्स एक्ट से संबंधित चार वांछित अभियुक्त इस्लाम पुत्र ननके निवासी ग्राम लखाही, मोईद पुत्र अतिकुर्रहमान निवासी ग्राम कोहला, हाकिम पुत्र लल्लन व राजू साई उर्फ सलमान पुत्र अंगनू निवासी ग्राम हज्जीपुरवा गुगौली खुर्द को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से तीन अदद छूरी, दो अदद बांका व अन्य सामान के साथ पकड़ा गया है। गिरफ्तारी की सफलता उप निरीक्षक राजेश सिंह, वीरेंद्र कुमार शुक्ल, हेड कांस्टेबल उमेश कुमार, सुनील कुमार मौजूद थे।

# वेटियों व महिलाओं को वताए हेल्पलाइन नंवर

**बलरामपुर :** मिशन शक्ति फेज-4 के तहत बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए एसपी विकास कुमार के निर्देश पर अभियान चलाया गया। गांवों व भीड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगा बेटियों व महिलाओं को सेल्फ डिफेंस के बारे में बताया। साथ ही उन्हें वूमेन पावर लाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, यूपी डायल 112, आपातकालीन सेवा 181 आदि के बारे में जानकारी दी गई। (जासं)

---

**आर्म्स एक्ट में चार गिरफ्तार-वलरामपुर :** हरैया थाना की पुलिस ने आर्म्स एक्ट में वांछित चार आरोपितों की गिरफ्तारी की है। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि लखाही गांव निवासी इस्लाम, कोहला गांव के मोईद, गुगौली खुर्द निवासी हाकिम व राजू साइर्फ उर्फ सलमान को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया है। (जासं)

# पुलिस पर हमला करने वाला पांचवां गोतस्कर भी गिरफ्तार

जासं • बलरामपुर : तुलसीपुर के गुलरिहा घाट के निकट रघुडीह गांव में पिकअप पर लाद रहे बैलों को छुड़ाने गई पुलिस टीम पर हमला करने वाले एक और गो तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गो तस्कर की पहचान फजले उर्फ फजरे निवासी बंजारीबाग कोतवाली उतरौला के रूप में हुई है। इससे पूर्व पुलिस ने चार गो तस्करों तुलसीपुर के जद्दापुर निवासी बाबू खां उर्फ निरहू, मुस्तकीम, गुलरिहा घाट तुरकौलिया निवासी मोहम्मद शमीम व मजहर खां को गिरफ्तार किया था। अब तक पांच लोग पकड़े जा चुके हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार ने बताया कि बीते 31 अगस्त की रात गुलरिहा घाट पर पिकअप पर क्रूरतापूर्वक लाद रहे बैलों को छुड़ाने गई पुलिस टीम पर गो-तस्करों ने हमला किया था। प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राजीव कुमार मिश्र की टीम ने पांचवें तस्कर फजले को गिरफ्तार कर लिया है।

# पंचायत भवन के निर्माण में घपला जेई, प्रधान समेत चार पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

### आयुक्त के आदेश पर हुई जांच के बाद कार्रवाई, अंबेडकरनगर में तैनात है जेई

बलरामपुर। सदर ब्लॉक के बैजपुर गांव में 18 लाख रुपये से बनवाए गए पंचायत भवन के निर्माण में घपला सामने आया है। दो बार की जांच में मिली गड़बड़ी के बाद तत्कालीन अवर अभियंता सुशील कुमार समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपी जेई वर्तमान में अंबेडकरनगर में तैनात हैं।

आयुक्त देवीपाटन मंडल को बैजपुर गांव में पंचायत भवन व पशु शेड निर्माण की गुणवत्ता के साथ 2021-22 एवं 2023-24 तक पौध रोपण को लेकर शिकायत मिली थी। दो बार तकनीकी टीम से जांच कराई। इसमें पंचायत भवन की गुणवत्ता मानक विहीन पाई गई। स्लैब की मोटाई 12 सेंटीमीटर के सापेक्ष सिर्फ सात सेंटीमीटर, शौचालय व हॉल की पिछली दीवार एवं कमरों की बाहरी दीवारों पर प्लास्टर की गुणवत्ता खराब होने से सीलन पाई गई। खिड़की के पल्लों की मोटाई 32 एमएम के सापेक्ष सिर्फ 20 एमएम पाई गई।

रिपोर्ट मिलने के बाद डीएम पवन अग्रवाल के निर्देश पर बीडीओ संजय कुमार ने कोतवाली देहात में वर्तमान में अंबेडकरनगर में तैनात लघु सिंचाई विभाग के जेई सुशील कुमार के साथ ही तत्कालीन पंचायत सचिव आरती रावत, वर्तमान पंचायत सचिव महेंद्र पटेल व ग्राम प्रधान अरुण कुमार के खिलाफ अनियमितता बरतने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। उप निरीक्षक नीरज सिंह को विवेचना सौंपी गई है।

# हलौरा गांव में नहर के पास फिर दिखा तेंदुआ

### ग्रामीणों ने की मुर्गी फार्म के पास पिंजरा लगाने की मांग

जरवा (बलरामपुर)। हलौरा गांव के पास सरयू नहर के समीप शनिवार की शाम तेंदुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पिंजरा लगा है लेकिन, तेंदुआ उसमें आ नहीं रहा है। पिंजरा में बकरी बांधा गया है। इसकी निगरानी भी की जा रही है।

हलौरा गांव के रफीक ने बताया कि शनिवार की शाम किशोरी, राशिद और जावेद ने बताया कि शाम को संग्रामपुर के सरयू नहर के पास से होकर अपने घर हलौरा जा रहा था। तभी नहर के नीचे हलौरा गांव की ओर जाता दिखा। बिना शोर किये तीनों लोग चुपके-चुपके पैदल अपने घर चले आए। उन्होंने पिंजरे को हलौरा और बदलपुर के मध्य से उठाकर रफीक के मुर्गी फार्म के पास रखने के लिए वन विभाग से मांग की है। बताया कि पिंजरे में बकरी को बांधा गया है। उसकी निगरानी भी की जा रही है।

वहीं, हरैया सतघरवा के बसंतपुर बहादुरापुर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय वन अधिकारी बरहवा रेंज राकेश पाठक, वन दरोगा सूरज पांडेय वनरक्षक आशीष सिंह तथा सुनील कुमार आदि के द्वारा जंगली जानवर से बचाव के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान तौहीद खान समेत ग्रामीण उपस्थित रहे। (संवाद)

# छात्र की पिटाई करने वाले प्रधानाध्यापक के खिलाफ केस

**हरैया सतघरवा (बलरामपुर)।** पांचवीं के छात्र की पिटाई के मामले में प्रधानाध्यापक पर मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं, बीएसए ने भी मान्यता प्रत्याहरण की नोटिस भी भेजी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गृह कार्य पूरा न होने पर की थी पिटाई, बीएसए ने मान्यता प्रत्याहरण की भेजी है नोटिस

स्थानीय थाना क्षेत्र के गुलरिहा हिसामपुर निवासी राम विराज वर्मा ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया। कहा कि उसका बेटा गांव के एमवाईके विद्यालय में पढ़ता है। 10 सितंबर को उनका बेटा स्कूल पढ़ने गया था। वह दो माह से टाइफाइड और डायरिया बीमारी से पीड़ित था।

स्कूल के प्रधानाध्यापक ने उसकी पिटाई की। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। जब वह स्कूल पहुंचा तो उसे भी धमकी दी गई। प्रभारी निरीक्षक हरैया गोविंद कुमार ने बताया कि छात्र के पिता की तहरीर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अंकित पांडेय के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

वहीं, इससे पहले ही बीएसए शुभम शुक्ला ने बीईओ की जांच रिपोर्ट के आधार पर स्कूल के मान्यता प्रत्याहरण की नोटिस पहले ही दी है। तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। ।(संवाद)

# लोक अदालत में 34042 मामलों का निस्तारण

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। दीवानी न्यायालय परिसर में शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें 34042 वादों का निस्तारण करते हुए तीन लाख तीन हजार 150 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

दीवानी न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अनिल कुमार झा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव विमल प्रकाश आर्य ने बताया कि जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार झा ने आठ,

प्रभारी पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना प्रतितोष अधिकरण सुमित प्रेमी ने दो, प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय विनोद कुमार बरनवाल ने 35 वादों का निस्तारण किया। इसके अतिरिक्त अन्य अधिकारियों ने कुल 34042 वादों का निस्तारण किया गया। साथ ही तीन लाख तीन हजार 150 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

इसी तरह सोनाटा फाइनेंस कंपनी के प्रबंधक अमित यादव ने बताया कि अकबाल सिद्दिकी ने 10 हजार रुपए कर्ज लिया था। लोक अदालत में समझौता हो गया और उन्होंने 2000 रुपये जमा कर दिया है, शेष राशि के लिए एक माह का समय लिया है। एक अन्य मामले में सोनाटा फाइनेंस और परिवादी के बीच समझौता लोक अदालत में हुआ है। 25 हजार रुपये का कर्ज लेने वाले परिवादी ने 5000 रुपये जमा कर दिया है और 15582 रुपये जमा करने के लिए एक सप्ताह का समय तय हुआ है।

## मुकदमे से मिली राहत

इंडियन बैंक कडेला से हकीमुल्ला ने 3 लाख रुपये कर्ज 2018 में लिया था। समय से कर्ज वापस नहीं कर पाए तो बैंक ने दबाव बनाना शुरू किया। लोक अदालत में शनिवार को बैंक और हकीमुल्ला के बीच समझौता हो गया। उन्होंने एक लाख 30 हजार रुपये जमा कर दिया है। 2 लाख 65 हजार 500 रुपये एक माह जमा करने का मौका लिया है।

# स्वास्थ्य विभाग ने तीन अवैध अस्पतालों को किया सील

तुलसीपुर/ बलरामपुर। अवैध अस्पतालों व क्लीनिकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने एक बार फिर अभियान तेज कर दिया है। डीएम पवन अग्रवाल के निर्देश पर शनिवार को अधिकारियों ने छापेमारी करके तीन क्लीनिक को सील कर दिया है। सीएमओ ने अधीक्षकों से रिपोर्ट मांगी है।

## डीएम के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग ने की छापेमारी, सीएमओ ने मांगी रिपोर्ट

सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि शनिवार को नोडल अधिकारी डॉ. रवि नंदन त्रिपाठी ने टीम के साथ इंदिरा नगर कालोनी सोनपुर हरैया में एक अवैध क्लीनिक पर छापेमारी की। यहां पर चिकित्सक डॉ. अरुण कुमार से जानकारी की गई तो वह कोई अभिलेख नहीं दिखा सके। इस पर क्लीनिक को सीज कर दिया गया है। वहीं, चौधरीडीह में संचालित एक अन्य क्लीनिक को सील किया गया है। नोडल अधिकारी डॉ. मीनाक्षी चौधरी ने बताया कि अलीग क्लीनिक/मेडिकल स्टोर बहराइच रोड हरिहरगंज को सील कर दिया है। (संवाद)

## चार वांछित गिरफ्तार

**हरैया सतघरवा (बलरामपुर)।** स्थानीय थाने की पुलिस ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत वांछित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि अभियुक्तों के पास से तीन अदद छूरी और दो अदद बांका बरामद किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को न्यायालय रवाना किया गया है। (संवाद)

## गोवध आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**बलरामपुर।** तुलसीपुर थाना की पुलिस ने शनिवार को गोवध आरोपी को दबोच लिया है। एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि गोवध आरोपी फजले उर्फ फजरे निवासी बंजरिया कोतवाली उतरौला को बड़गो मोड़ के पास गिरफ्तार किया है। (संवाद)

## पुलिस ने निकाला मार्च

**बलरामपुर।** बारह-रबी-उल अव्वल के मद्देनजर पचपेड़वा व ललिया थाना की पुलिस ने शनिवार को नगर की सड़क व गलियों में पैदल मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। एसपी विकास कुमार के निर्देश पर वाहनों की भी जांच की गई। एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अभियान चलाया गया है। अराजकता फैलाने व कानून व्यवस्था खराब करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

## पानी में डूबने से हुई थी लकड़बग्घे की मौत

**बलरामपुर।** हरैया के बनकटवा रेंज के खैरहनिया गांव के पास खरझार नाले में शुक्रवार को एक लकड़बग्घा मृत अवस्था में मिला था। शनिवार को उसका पोस्टमार्टम कराया गया। एसडीओ एम बी सिंह ने बताया कि लकड़बग्घा की मौत पानी में डूबने से हुई थी। यह बात पोस्टमार्टम के बाद स्पष्ट हुई है। (संवाद)

# आज से निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी

## शहर में सजावट का काम तेज, प्रशासन ने बनाई रणनीति

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** बारह रबी उल अव्वल के मौके पर 15 सितंबर की शाम और 16 सितंबर की सुबह निकलने वाल जुलूस ए मोहम्मदी को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई हैं। शहर में सजावट की गई है। साथ ही प्रशासन ने सुरक्षा के प्रबंध किए हैं।

मुस्लिम धर्मगुरु सैय्यद अहमद रजा कादरी के आवास पर उलेमाओं और गणमान्य लोगों की आवश्यक बैठक हुई। मुस्लिम धर्मगुरु ने बताया कि जुलूस ए मोहम्मदी के दौरान जुलूस की अगुवाई कर रहे उलेमा इस बार किसी भी अकीदतमंद



जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर सजे बाजार। संवाद

के घर के अंदर फातिहा व मिलाद पढ़ने नही जाएंगे। ऐसा करने में जुलूस में काफी देर हो जाता है। मास्टर मोहम्मद हसन ने कहा कि जिस किसी भी अकीदतमंद को उलेमाओं को इस्तकबाल करना है, वह जुलूस मार्ग पर ही करेंगे। मौलाना उमर व मौलाना वहाब ने कहा कि जुलूस के साथ चलने वाले साउंड की आवाज धीमी गति से हो ताकि किसी को परेशानी ना हो। जुलूस को देखते हुए पुलिस प्रशासन के साथ-साथ खाकसार के जवान आगे से पीछे तक भीड़ में मौजूद रहेंगे।

**हो रही सजावट :** रहमत बनकर आए अल्लाह के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश की खुशियां बारह- रबी -उल -अव्वल 15 सितंबर की रात व 16 सितंबर दिन में मनाया जाएगा। इसको लेकर मुस्लिम समाज में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# रास्ते पर किया कब्जा, आवागमन हुआ बाधित

## समाधान दिवस में सुनी गईं फरियादियों की शिकायतें, सभी के निस्तारण के निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** साहब! दबंगों ने गांव के सार्वजनिक रास्ते पर गाय व भैंस बांधकर कब्जा कर लिया है। इससे ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह शिकायत शनिवार को हरैया थाने में ग्राम सुल्तान निवासी कल्लू ने की। समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे तहसीलदार सदर अखिलेश कुमार ने हल्का लेखपाल को तत्काल मौके पर जाकर निस्तारण करने का आदेश दिया।

पांडेयपुरवा निवासिनी रजनी की



देहात कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में मौजूद फरियादी। संवाद

शिकायत पर दोनों पक्षों को बुलाकर तत्काल निस्तारण कराया गया। देवनगर कमदा निवासी अरुण कुमार ने दबंगों पर सरकारी जमीन व नाली पर कब्जा करने की शिकायत की। तहसीलदार ने हल्का लेखपाल के साथ पुलिस टीम को मौके पर भेज कर शिकायत के निस्तारण का आदेश दिया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार राजस्व निरीक्षक उदय राज कश्यप, हल्का लेखपाल हरिश्चंद्र सिंह, पंकज कुमार यादव कुलदीप कुमार यादव, अरिमा श्रीवास्तव तथा प्रिया मौर्या आदि मौजूद रहे। गौरा चौराहा थाने पर भोजपुर निवासी हीरा शिकायत किया कि ग्राम झौव्वा मे एक आवासीय प्लॉट लिया था, लेकिन कुछ लोग घर नहीं बनाने दे रहे हैं प्रभारी निरीक्षक ने राजस्व व पुलिस टीम को स्थलीय निरीक्षण कर शिकायत के निस्तारण का आदेश दिया।

उतरौला में एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने जनसमस्याओं की सुनवाई की। इसी तरह नगर, देहात व ललिया सहित सभी थानों पर आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-15-09-2024

हिन्दुस्तान

अब तक सर्च ऑपरेशन में उठाए गए बिंदुवार कदम का लेंगे फीडबैक, मुख्य वन संरक्षक देंगी ऑपरेशन भेड़िया की जानकारी

# ऑपरेशन भेड़िया की आज मुख्यमंत्री करेंगे समीक्षा

समीक्षा बैठक

बहराइच, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऑपरेशन भेड़िया की समीक्षा करने रविवार को खुद ही पहुंच रहे हैं। पांच भेड़ियों को पकड़ने के बाद अंतिम भेड़िए को दबोचने में लग रहे समय की वजह भी जानेंगे। यहां चल रहे सर्च ऑपरेशन में आ रहीं चुनौतियां, सुरक्षा समेत सभी बिंदुओं का फीडबैक भी लेंगे। मुख्य वन संरक्षक रेणु सिंह ऑपरेशन भेड़िया की स्टेटस रिपोर्ट सीएम के पटल पर रखेंगी। जिसको लेकर शनिवार को तीन सेक्टरों के नोडल अधिकारी रिपोर्ट तैयार करने में लगे रहे।

महसी तहसील के 55 गांवों में कई माह से खूंखार भेड़ियों का आतंक बना हुआ है। नौ बच्चों सहित 10 लोगों को भेड़िया निवाला बना चुके हैं। वर्तमान में बहराइच का यह क्षेत्र देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। विपक्ष भी भेड़िया के बहाने सरकार को घेरने में लगा हुआ है। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री स्वयं रविवार को दोपहर 3:30 बजे गोरखपुर से सीधे सिसैया चूड़ामणि पहुंच रहे हैं। यहां वे न केवल पीड़ितों का दर्द बांटेंगे, बल्कि दो महीने से अधिक समय से चल रहे ऑपरेशन भेड़िया की बिंदुवार समीक्षा भी करेंगे।

सीएम के खुद समीक्षा को लेकर वन विभाग के अधिकारी सकते में हैं। वे सर्च ऑपरेशन को लेकर उठाए गए कदम, तकनीक, तरकीब संग सुरक्षा को लेकर उठाए जा रहे हर कदम की समीक्षा करेंगे। ऐसे में तीनों सेक्टरों के नोडल डीएफओ अपने-अपने सेक्टर की रिपोर्ट मुख्य वन संरक्षक के समक्ष शनिवार को प्रस्तुत करने में लगे रहे। तीनों सेक्टरों की समायोजित रिपोर्ट तैयार की गई है। जिसको मुख्यमंत्री के समक्ष मुख्य वन संरक्षक रखेंगी। इसमें कब से ऑपरेशन शुरू किया गया है। कितने पीड़ितों को मदद दी जा चुकी है। हमले में कुल कितने लोग घायल हुए हैं, जैसे बिंदु शामिल किए गए हैं।



मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों पर चर्चा करते विधायक, एसपी व सीडीओ।

## पीड़ितों का दर्द बांटेंगे मुख्यमंत्री योगी

ऑपरेशन भेड़िया की हकीकत परखने के लिए खुद प्रभावित क्षेत्र पहुंच रहे मुख्यमंत्री अब तक हुए हमलों में निवाला बने बच्चों के परिजनों से भी मिलेंगे। पीड़ित भी मुख्यमंत्री के समक्ष अपना दर्द रखना चाहते हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की एक टीम पीड़ितों को सीएम से मुलाकात कराने के लिए गठित की गई है।

## संदिग्ध हमले और मृतकों पर भी किया जाएगा मंथन

मुख्यमंत्री संदिग्ध मौतों व हमलों को लेकर भी अलग से वन विभाग व बाहर से आए वैज्ञानिकों से चर्चा करेंगे। सभी 10 मौतों से जुड़ी स्टेटस रिपोर्ट बकायदा पोस्टमार्टम में सामने आए तथ्यों को भी उनको अवगत कराएंगे। सूत्रों की मानें तो संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौतों की जांच के लिए विशेष टीम गठित की जा सकती है, ताकि हकीकत से परदा उठाया जा सके।

**55** गांवों में कई माह से खूंखार भेड़ियों का आतंक बना हुआ है

> मुख्यमंत्री भेड़िया प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने पहुंच रहे हैं, पीड़ितों से मिलेंगे। ऑपरेशन भेड़िया को लेकर चल रही कवायद की भी समीक्षा कर सकते हैं।
>
> -रेणु सिंह, मुख्य वन संरक्षक

## मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुटा

- सीएम का हेलीकाप्टर सिसैय्या चूड़ामणि में उतरेगा
- विधायक व एसपी ने लिया आगमन स्थल का जायजा

महसी, संवाददाता। मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर रविवार को 3:30 बजे महसी के भेड़िया प्रभावित गांव सिसैय्या चूड़ामणि में उतरेगा। भेड़ियों के शिकार हुए मृतकों के परिजनों से मिलकर उनका हाल जानेंगे। गांव में हेलीपैड बनाया गया है। पूरा प्रशासन मुख्यमंत्री दौरे की तैयारियों में जोर- शोर से जुटा हुआ है। विधायक महसी व एसपी ने आगमन स्थल का निरीक्षण कर चाक चौबंद तैयारियों के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री जहां मासूम मृतकों के आहत परिजनों को सांत्वना देकर राहत पहुंचाएंगे वहीं योगी की यह मुलाकात घायलों के जख्मों पर मरहम का काम करेगी। विधायक सुरेश्वर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सिसैय्या चूड़ामणि में आकर भेड़ियों के शिकार हुए सभी मृतकों के परिजनों से मिलकर उनका हाल चाल जानेंगे। यहीं से ही डेढ़ माह में पांच भेड़िए पकड़े गए हैं और सिसैय्या के ही कोलैला निवासी 08 वर्षीय किशन भेड़िए का शिकार हुआ। योगी जी मृतक किशन के माता- पिता से मिलने उसके घर जाएंगे। शेष सभी मृतकों के परिजनों एवं भेड़ियों के हमलों में घायलों को यहीं बुलाया गया है। उन सब से यहीं मिलकर मासूमों सहित मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करके आपदा राहत सहायता राशि के चेक, खाद्य सामग्री एवं वस्त्रों की किट वितरित करेंगे। गांव में आगमन स्थल की तैयारियों में भाजपा जिला प्रतिनिधि अखंड प्रताप सिंह उर्फ गोलू, सीडीओ, एडीएम, डीपीआरओ, सिटी मजिस्ट्रेट, डीडीओ, एसडीएम महसी अखिलेश कुमार सिंह, बीडीओ महसी हेमंत यादव, नायब तहसीलदार सौरभ सिंह, जेई पीडब्ल्यूडी पंकज कुमार सिंह, विशद सिंह सहित तमाम आला अधिकारी जुटे हुए हैं।

## ऑपरेशन में बाधा डाल रहा पानी

महसी। डीएफओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन में अचानक आई बाढ़ का पानी बाधक बन रहा है। इस साउंड सिस्टम को पहले गांव के निकट एक गन्ने के खेत में लगाया गया था, लेकिन खेतों में बाढ़ का पानी भर जाने के कारण इसको गांव के बाहर एक सड़क पर चारपाई पर रखा गया है।

## राज्यमंत्री रहेंगे

वन राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना भी प्रभावित क्षेत्र में पहुंच रहे मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। वे सर्किट हाउस बरेली से सीधे बहराइच पहुंचेंगे। तीन बजे सीएम के कार्यक्रम में सिसैय्या चूड़ामणि जाएंगे।

# मादा के रोने की आवाज सुन आएगा नर भेड़िया

तैयारी

महसी, संवाददाता। महसी में आतंक का पर्याय बने छह भेड़िए वन विभाग के ड्रोन कैमरे में कैद हुए थे। जिसमें से विभाग ने अब तक पांच खूंखार भेड़ियों को पकड़ लिया है। लेकिन एक छठे भेड़िए की तलाश में वन कर्मियों के पसीने छूट रहे हैं। उसे पकड़ने के लिए विभाग की ओर से कोलैला गांव में एक साउंड सिस्टम लगाया गया है। जिसमें मादा भेड़िए के रोने की आवाज सुनाई देगी। उसे सुनकर नर भेड़िया वहां आएगा और पकड़ा जाएगा।

महसी के सिसैय्या चूड़ामणि के कोलैला गांव से पांच भेड़ियों को डीएफओ अजीत प्रताप सिंह के नेतृत्व में पकड़ा जा चुका है। उसके बाद छठा नर भेड़िया विभाग के साथ लुका छिपी का खेल, खेल रहा है। गत 10 अगस्त को यहीं से पांचवें मादा भेड़िए को वन विभाग ने पकड़ा था। उसके बाद इलाके में लगातार हुए हमले में 09 लोग घायल हुए। हालांकि वन विभाग के अनुसार अब एक ही नर भेड़िया शेष बचा है। जिसे पकड़ने के लिए विभाग हर संभव प्रयास में जुटा है। उसी क्रम में डीएफओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि कोलैला गांव में शनिवार को एक साउंड सिस्टम लगाया गया है। उसमें एक आडियो बजेगा जिसमें मादा भेड़िए के रोने की आवाज सुनकर अपने जोड़े से बिछड़ा हुआ नर भेड़िया उसके पास पहुंचने के लिए बाहर निकल कर उस आवाज तक जाने का प्रयास करेगा। उस साउंड सिस्टम के स्थान के आसपास वन कर्मी भेड़िए की लोकेशन पर पैनी नजर रखे हुए हैं। जैसे ही भेड़िया उस साउंड सिस्टम की आवाज की ओर बढ़ेगा वह पकड़ा जाएगा। उसी गांव में आज मुख्यमंत्री का दौरा है। वन विभाग एड़ी से चोटी तक जोर लगा रहा है कि येन केन प्रकारेण उस भेड़िए को पकड़ लिया जाए।



कोलैला गांव में चारपाई पर साउंड सिस्टम लगाते डीएफओ अजीत प्रताप सिंह व अन्य

हिन्दुस्तान

# 145092 वादों का हुआ निस्तारण

## लोक अदालत

- 6.54 करोड़ के राजस्व का फायदा, फरियादियों को मिली राहत
- जिला जज ने शुभारंभ किया कहा- वाद निपटाने में सफल हो रही लोक अदालत

बहराइच। दीवानी न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। विभिन्न न्यायालयों में चल रहे 1.45 लाख मामलों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निपटाए गए। इससे 6.54 करोड़ रुपये के राजस्व का भी फायदा हुआ है। जिला जज उत्कर्ष चतुर्वेदी ने कहा कि लोक अदालत के आयोजन से फरियादियों को राहत व न्यायालयों का बोझ भी कम हो रहा है।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का जिला जज ने शुभारंभ किया। न्यायालय परिसर में जगह-जगह पर बने हेल्प डेस्क पर पराविधिक स्वयं सेवकों द्वारा न्यायालय में उपस्थित वादकारियों को दी जा रही जानकारी का निरीक्षण किया। मेडिकल कैम्प में वादकारीगण, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण के स्वास्थ्य एवं नेत्रों की जांच कर पात्र व्यक्तियों को चश्मे भी वितरित किए गए। राष्ट्रीय लोक अदालत में 01 लाख 45 हज़ार 92 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें जिला न्यायालय 8324 वाद, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, संजय कुमार-तृतीय की अध्यक्षता में पारिवारिक मामलों के 22 वाद, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण संजीव कुमार त्यागी ने 35 वाद, जिला उपभोक्ता प्रतितोश आयोग अध्यक्ष सुरेश चन्द्र भारती ने 11 वादों के निस्तारण के साथ-साथ राजस्व के 136094 वादों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विराट शिरोमणि ने बताया कि पीठासीन अधिकारियों, विद्वान अधिवक्ताओं, बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों, वादकारियों एवं पुलिस फोर्स ने अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

# दो दोषियों को दस-दस साल की सजा

बहराइच। अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय ने गैर इरादतन हत्या मामले में दो दोषसिद्ध अभियुक्तों को दस-दस वर्ष की सजा सुनाई है। खैरीघाट थाने के बख्तावर गांव में फरवरी 2010 में नगेसर सिंह के खेत में लगी धनिया की फसल को बकरा चर रहा था। खेत के मालिक ने आपत्ति जताई तो ओंकार सिंह, त्रिभुवन सिंह व दलबीर सिंह ने नगेसर सिंह को लाठी डंडे से मारा। इससे उसकी मौत हो गई थी।

# छत से गिरकर गर्भवती युवती की मौत

बहराइच। मटेरा थाने के सिंगहा के मजरे लोधनपुरवा गांव में शनिवार सुबह छत से उतरते समय 26 वर्षीय सुमन कुमारी पति पंकज कुमार पैर फिसलने से भूमि पर जा गिरी। उसे इलाज को ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। युवती का मायका खैरीघाट के सिद्धनपुरवा गांव में है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराकर लाश परिजनों को सौंप दिया गया है।

# भाजपा महिला मोर्चा जिला मंत्री को धमकी

बहराइच। भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री उर्मिला संतोष शुक्ला को अज्ञात युवक ने मोबाइल फोन पर काल कर जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने बताया कि वह नौ सितंबर को पार्टी जिला कार्यालय से घर आ रही थीं, उसी दौरान उनके मोबाइल पर अज्ञात युवक ने काल कर अभद्रता करते हुए धमकी दी। एसपी से मुलाकात कर शिकायती पत्र देकर आरोपी को पकड़ने की मांग की। एसपी ने मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगवाकर जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। (संवाद)

# फरार सरदार के लिए वन विभाग छान रहा कछार

संजय सिंह • जागरण

महसी (बहराइच) : पांच भेड़िए पकड़े जाने हैं लेकिन सरदार फरार है, उसकी तलाश में वन विभाग कछार की खाक छान रहा है तो हमले अब तक रुके नहीं हैं। झुंड के भेड़ियों के सरदार 'अल्फा' को पकड़ने के लिए सर्च आपरेशन तेज कर दिया गया है। आसमान में ड्रोन लगातार फर्राटे भर रहे हैं फिर भी लोकेशन न मिलने से वन कर्मी हलकान है।

मंगलवार सुबह पांचवां भेड़िया पकड़ा गया था और इसी के साथ उम्मीद थी कि शेष एक सदस्य पकड़कर इनके आतंक का अंत हो जाएगा। वन विभाग ने लगातार प्रयास किए, लेकिन सरदार चकमा देकर निकल गया। वन विभाग का कहना है कि कुनबे का आखिरी भेड़िया अल्फा पकड़ा जाना शेष है। आतंक के अंत के लिए वन विभाग ने फिर से जाल बिछाया, लेकिन हर बार चालाक भेड़िया चकमा देकर निकल गया। गुरुवार की सिसैया के पास उसकी घेराबंदी की गई, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

लगातार ड्रोन से सर्च आपरेशन चलाया जा रहा है। रामदहिन पुरवा, दरहिया, पचदेवरी, मैकूपुरवा, दीवान पुरवा, गलकारा, नकाही, अहिरनपुरवा, औराही, पुरेबस्ती गड़रिया समेत पूरे कछार इलाके को वन विभाग की 25 टीमें खंगाल रही हैं। गन्ने के खेत में कांबिंग की जा रही है।

डीएफओ अजीत प्रताप सिंह का कहना है कि पूरी क्षमता के साथ सर्च आपरेशन चलाया जा रहा है। भेड़िए की तलाश रात-दिन की जा रही है। उन्होंने बताया कि भेड़िया लगातार लोकेशन बदल रहा है। इससे दिक्कतें आ रही हैं। बड़े क्षेत्रफल में गन्ने की फसल होने से भेड़िया आसानी से छिप जाता है। लोकेशन मिलते ही उसे पकड़ लिया जाएगा। कछार की 40 ग्राम पंचायतों के 100 मजरों में भेड़िए की दहशत है। बच्चों को घर में दुबकने पर मजबूर होना पड़ता है। ग्रामीण पहरेदारी करते नजर आते हैं। तीन माह अब तक दस लोग भेड़ियों का निवाला बन चुके हैं और 41 घायल हो चुके हैं।

**05** भेड़िए अब तक पकड़े जा चुके हैं, सरदार की तलाश में वन कर्मी

- अब तक 10 लोग वन चुके है भेड़िए का शिकार, 41 घायल



महसी के बकैना गांव में राजस्व कर्मियों संग लाठी लेकर पहरेदारी करते एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह ( बाएं ) तहसीलदार रविकांत द्विवेदी ( बाएं से तीसरे ) • जागरण

## आखिर कहां छिप गया सरदार

अब तक पांचों भेड़िए हरिबक्श पुरवा गांव के पास से ही पकड़े गए हैं। आखिरी बचे सरदार का दो दिनों से कोई लोकेशन नहीं मिल रहा है। इससे वनकर्मी भी परेशान हैं। गांव के चिफुरी सिंह, हितेंद्र का कहना है कि यहां पर भेड़िए के छिपने के लिए पर्याप्त प्राकृतिक वास है। एक तरफ नदी का किनारा तो तीन किनारों पर गन्ने की फसल लगी है। आबादी भी दूर है। उनका कहना है इस स्थान पर भेड़ियों ने ठिकाना बना रखा हैं। वह कहीं भी शिकार करे, अपने घर को जरूर आएगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,45,092 वाद निस्तारित

जासं • बहराइच : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला जज उत्कर्ष चतुर्वेदी के निर्देशन में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,45,092 वाद का निस्तारण किया गया। जिला न्यायालय ने 8324 वाद, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय संजय कुमार–तृतीय ने 22, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण संजीव कुमार त्यागी ने 35, जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष सुरेश चंद्र भारती ने 11 वादों का निस्तारण किया। राजस्व के 1,36,094 वाद निस्तारित किए गए। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक रिकवरी के 606 मामले निस्तारित हुए। सचिव विराट शिरोमणि ने बताया कि न्यायालय परिसर में जगह–जगह पर हेल्पडेस्क बनाए गए। हेल्पडेस्क पर पराविधिक स्वयं सेवकों ने न्यायालय में उपस्थित वादकारियों को आवश्यक सहायता प्रदान की। न्यायालय परिसर में चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। इस मौके पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतिभा चौधरी आदि मौजूद रहे।

# भेड़िया प्रभावित परिवारों से मिलने आज महसी आएंगे सीएम

संसू, जागरण • महसी (बहराइच) : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रविवार को महसी में आगमन प्रस्तावित है। वे हेलीकाप्टर से दोपहर 3.30 बजे सिसैया चूरामणि स्थित हेलीपैड स्थल पहुंचेंगे। यहां पर भेड़ियों के हमले से प्रभावित परिवारों से भेंट व अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। सायं 4.30 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआइपी/नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने दी है। विधायक सुरेश्वर सिंह, एसपी वृंदा शुक्ल, सीडीओ मुकेश चंद्र, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, एएसपी ग्रामीण डा. पवित्र मोहन त्रिपाठी, एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह, बीडीओ हेमंत कुमार यादव ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारियां देखी।



# पत्नी की हत्या का आरोपी बरी, आरोपी को सरकार दे एक लाख मुआवजा: हाईकोर्ट

अदालत से

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पत्नी की हत्या के आरोपी को साढ़े सात साल सजा कटने के बाद बरी कर दिया। साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि एक लाख रुपए बतौर मुआवजा बरी हुए आरोपी को दे। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अभियोजन यह साबित ही नहीं कर सका कि जिस शव की बरामदगी कर उसे अभियुक्त की पत्नी का बताया गया, वह वास्तव में अभियुक्त की पत्नी का था भी या नहीं। न्यायमूर्ति ए आर मसूदी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यह आदेश पति हफीज खान की अपील को मंजूर करके दिया। इसमें उसने सत्र अदालत के सजा के फैसले को चुनौती दी थी। बहराइच की सत्र अदालत ने आरोपी को पत्नी सायरा बानो की हत्या मामले में उम्र कैद की सजा सुनाई थी। इस मामले में आरोपी साढ़े सात साल की सजा काट चुका था। (संवाद)

# राहत भरी रही रात, नहीं हुए भेड़िए के हमले

## वन कर्मियों और ग्रामीणों ने ली राहत की सांस तेज हुई निगरानी, भ्रमणशील रहे अधिकारी

संसू, जागरण • महसी (बहराइच): कछार के गांवों के लिए शुक्रवार की रात राहत भरी रही। भेड़िए के हमले न होने से वन कर्मियों व ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन्य जीव के हमले पर नियंत्रण के लिए लगातार चौकसी बरती जा रही है।

मंगलवार की भोर हरिबक्स पुरवा गांव के निकट मादा भेड़िया पकड़ी गई। उसका साथी नर भेड़िया वन कर्मियों को चकमा देकर निकल गया। इसके बाद हमले तेज हो गए थे। लगातार तीन दिनों तक भेड़िए ने हमला कर छह लोगों को घायल किया। शुक्रवार की रात भेड़िए का कोई हमला सामने नहीं आया। कोलैला के नरेश ने बताया कि पूरी मुस्तैदी के साथ टोलियों में निगरानी की जा रही है। बच्चों की सुरक्षा को लेकर सभी चौकस हो गए हैं। डीएफओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि निगरानी बढ़ा दी गई है। अधिकारी-कर्मचारी पूरी रात गश्त कर रहे हैं। लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की जागरूकता से हमले पर नियंत्रण पाया जा सकता है।





महसी के दीवान पुरवा में रात में निगरानी करते वन कर्मी व बरुही में ड्रोन से भेड़िए की लोकेशन पता करते कर्मचारी • जागरण

**दो दिन से नहीं मिल रही लोकेशन :** डीएफओ ने बताया कि गुरुवार को सिसैया गांव के निकट थर्मल ड्रोन से सर्च आपरेशन में भेड़िए के लोकेशन मिली थी। उसे पकड़ने की व्यवस्था की जा रही थी। इसी दौरान वह चकमा देकर निकल गया। बीते दो दिनों से भेड़िए की लोकेशन नहीं मिल रही है। लगातार तलाश की जा रही है। लोकेशन मिलने के बाद पकड़ लिया जाएगा।

**गांवों में दहशत बरकरार:** तीन दिनों तक लगातार हमले के बाद शुक्रवार की हमले नहीं हुए, बावजूद इसके प्रशासन पूरी चौकसी बरत रहा है। कुनबे के सरदार अल्फा को पकड़ने के लिए हरसंभव उपाय किए जा रहे हैं।



महसी के भेड़िया प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों संग मौजूद विधायक सुरेश्वर सिंह (फाइल)

### आपरेशन भेड़िया में वन्यजीव रणनीतिकार शफत को करें शामिल

संसू, जागरण• महसी (बहराइच): भेड़िए के आतंक पर नियंत्रण के लिए विधायक सुरेश्वर सिंह गंभीर हैं। उन्होंने हमलों पर नियंत्रण के लिए वन्य जीव रणनीतिकार शफत अली खान को आपरेशन भेड़िया में शामिल करने की बात कही है। उन्होंने कहा की वन्यजीव के खतरे से निपटने व स्थिति को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए विशेषज्ञ की जरूरत है। विधायक का कहना है कि खतरनाक वन्यजीव स्थितियों के प्रबंधन में अपनी विशेषज्ञता के लिए शफत अली विख्यात हैं। ऐसे अवसरों पर उनकी जरूरत महसूस की जा रही है। उन्हें इस आपरेशन में शामिल किया जाना चाहिए। उनकी टीम जंगली जानवरों को पकड़ने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उपयोग करती है। थर्मल ड्रोन, सीसी कैमरे और वायरलेस जैसे उन्नत उपकरणों पर निर्भर करती है।

# युवक को लाठी-डंडों से पीटा, धारदार हथियार से किया हमला

जागरण संवाददाता • बहराइच : मटेरा इलाके के सिरैया लालपुर शिवपुर निवासी मदनलाल का आरोप है कि बकरीश अहमद व शमीम घर के ऊपर से बिजली का मोटर चलाने के लिए जबरन छत पर तार डालकर ले गए थे। कई बार शार्ट सर्किट होने के चलते अन्होनी की आशंका बनी रहती थी। पीड़ित ने आरोपितों से तार कहीं और से ले जाने की बात कही। इससे वे नाराज हो गए। आरोप है कि सुबह जब वह शौच के लिए जा रहा था, आरोपितों ने उसी दौरान लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। यही नहीं उसके सिर पर फरसे से हमला कर लहूलुहान कर दिया। नामजद तहरीर देने के बावजूद इसके पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को लाभ पहुंचाया। पीड़ित ने एसपी से इंसाफ की गुहार लगाई है।

# भेड़िये की दहशत के बीच प्रभावितों को आज मुख्यमंत्री का मिलेगा संबल

## बहराइच में पीड़ितों से मुलाकात कर सीएम योगी बांटेंगे दर्द

बहराइच। महसी तहसील क्षेत्र में भेड़ियों के हमलों में अपनों को गंवाने वाले परिवारों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को मुलाकात करेंगे। उनका कुशलक्षेम जानेंगे।



जिला प्रशासन के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 03:30 बजे महसी के ग्राम पंचायत सिसईया चूरामणि स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर 4:30 बजे लखनऊ रवाना होंगे। इस दौरान वन राज्य मंत्री केपी मलिक और वन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. अरुण कुमार सक्सेना भी मौजूद रहेंगे।

जिले के महसी तहसील क्षेत्र के 55 से अधिक गांवों में मार्च से ही भेड़िये की दहशत है। संवाद

# चाकू मारकर दो युवकों को किया घायल

संवाद न्यूज एजेंसी

## जरवलरोड व पयागपुर में हुईं वारदातें, मेडिकल कॉलेज में कराए गए भर्ती

**बहराइच।** जरवलरोड और पयागपुर थाना क्षेत्रों में हुई मारपीट की घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। दोनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है।

जरवलरोड थाना क्षेत्र के मनेहरा गांव निवासी अतीक (20) को शुक्रवार की शाम घायलावस्था में अस्पताल लाया गया। अतीक ने बताया कि मुंबई से कुछ दिन पहले ही वह गांव लौटा है। शुक्रवार को अपने दोस्त के साथ गांव में घूम रहा था। इसी दौरान बारावफात के पोस्टर को किसी ने फाड़ दिया। इसपर आरोपी ने उस पर शक जाहिर करते हुए पीठ में चाकू मार दिया। वहीं पयागपुर थाना क्षेत्र के परसिया दपौली गांव निवासी सुरेश कुमार (35) भी गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचे।

उनके परिजनों ने आरोप लगाया कि शुक्रवार को वह सब्जी खरीदने बाजार गया था। जहां एक दरोगा मिले और उन्होंने किसी का पता पूछा। पता बताकर सुरेश लौट रहे थे कि रास्ते में तीन लोगों ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने का आरोप लगाते हुए चाकू से हमला कर दिया।

# समाधान दिवस में तीन शिकायतों का निस्तारण

**रिसिया।** थाना समाधान दिवस में दो शिकायतें आईं। उनमें से एक का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। वहीं नानपारा कोतवाली में समाधान दिवस पर कुल नौ शिकायतें आईं। उनमें से अधिकतर भूमि विवाद से संबंधित रहीं। दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। (संवाद)

# कब्जा लेने गई टीम पर रुपये चुराने व कोर्ट कॉपी फाड़ने का आरोप

धरसवा(बहराइच)। देहात कोतवली थाना क्षेत्र के धरसवां निवासी अनीता सिंह ने कब्जा लेने गई राजस्व व पुलिस टीम पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का आरोप है कि वह टीम को कोर्ट की आदेश कॉपी दिखा रही थी, जिसे टीम ने फाड़ दिया। वहीं उन्हें बाहर निकालकर घर में रखे रुपये भी चुरा लिये।

**डीएम न्यायालय का आदेश पालन करवाने गई थी राजस्व व पुलिस टीम**

अनीता सिंह ने आरोप लगाया कि उन्हें कब्जा हटाने का कोई नोटिस नहीं दिया था। शुक्रवार को कुछ लोग उनके घर पहुंचे और खुद को मजिस्ट्रेट व पुलिस कर्मी बताते हुए घर में जबरन घुस गए। महिला ने आरोप लगाया कि टीम के सदस्यों ने उनसे व उनकी बहू से मारपीट की। उन्होंने जब मामला कोर्ट में चलने की बात करते हुए कागज दिखाए तो उसे फाड़ दिया।

टीम के साथ मौजूद कुछ लोगों ने अपने आप को एक पार्टी का नेता बताया। देर रात पुलिस ने उक्त लोगों के साथ मिलकर जबरन उनका सामान घर से बाहर फेंक दिया। इस संबंध में प्रभारी कोतवाल आलोक सिंह ने बताया की सभी आरोप निराधार है। वहीं एसडीएम सदर ने कोई भी टीम नहीं भेजनी की बात कही। (संवाद)

# राष्ट्रीय लोक अदालत में एक लाख 45 हजार मामले निपटे

## आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किए गए वाद

संवाद न्यूज एजेंसी



दीवानी कचहरी परिसर में लगी राष्ट्रीय लोक अदालत। -संवाद

बहराइच। दीवानी न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में एक लाख 45 हजार 92 वादों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करवाया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी की देखरेख में हुआ। प्राधिकरण के सचिव विराट शिरोमणि ने बताया कि लोक अदालत के दौरान जिला न्यायालय द्वारा 8324 वादों का निस्तारण कराया गया। इसके अलावा परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार तृतीय द्वारा 22, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी संजीव कुमार त्यागी द्वारा 35, जिला उपभोक्ता प्रतितोष के अध्यक्ष सुरेशचंद्र द्वारा 11, बैंक रिकवरी के 606 और सबसे अधिक राजस्व के 136094 वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर कराया गया।

सचिव शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सेटेलमेंट की कुल धनराशि 65426514 रही। वादकारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए न्यायालय परिसर में जगह-जगह हेल्पडेस्क बनाए गए थे। हेल्पडेस्क पर पराविधिक स्वयं सेवकों द्वारा वादकारियों को आवश्यक सहायता प्रदान की गई।

लोक अदालत के दौरान न्यायालय परिसर में मेडिकल चिकित्सा कैंप लगाया गया था। इसमें अधिवक्ताओं, कर्मचारियों व वादकारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर पात्र व्यक्तियों को चश्मे बांटे गए। इस दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा द्वितीय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतिभा चौधरी आदि मौजूद रहा।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-15-09-2024

# एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान चलाया गया

**श्रावस्ती।** प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटीयू मोहम्मद यूनुस आजम की ओर से शनिवार के पुलिस टीम के साथ कोतवाली भिनगा क्षेत्र के लव विद्या पीठ व शिवालिक महाविद्यालय खरगौरा में जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को बालश्रम उन्मूलन अभियान, बालभिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बाल विवाह रोकथाम, बंधुआ मजदूरी आदि के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृतिके साथ ही नशा न करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर उपनिरीक्षक मनोज कुमार पांडेय, महिला उपनिरीक्षक पुष्पलता, आरक्षी देवेंद्र कुमार मौर्य, आरक्षी विश्वनाथ प्रताप, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# त्योहारों को लेकर पुलिस अधीक्षक ने किया मार्च

- एसपी ने कई क्षेत्रों का निरीक्षण कर परखी सुरक्षा व्यवस्था
- लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण मनाने की अपील भी की

**श्रावस्ती।** इस समय गणेश महोत्सव चल रहा है जिसे लेकर जगह जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं आने वाले दिनों में भी त्योहार सम्पन्न होंगे। जिसकी सुरक्षा को लेकर एसपी ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च कर सुरक्षा का एहसास दिलाया।

गणेश चतुर्थी व बारावफात को लेकर शुक्रवार देर शाम को पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने कई क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस बल के साथ थाना इकौना क्षेत्र के चौकी सेमरी तरहर, कस्बा भिनगा का भ्रमण किया। साथ ही शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए ... के लिए उन्होंने भारी संख्या में ...ल के साथ फ्लैग मार्च कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया। उन्होंने लोगों से त्योहार को शांति मनाने की अपील की। साथ ही अराकता फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। एसपी ने कहा कि लोग शांति व्यवस्था बनाए रखें। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे अमन चैन में बाधा हो या किसी की आस्था आहत हो। ऐसा करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

# ा दिवस में मात्र पांच ही शिकायतों का निस्तारण

श्रावस्ती। सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों ने लोगों की शिकायत सुनी और समाधान किया। थाना समाधान दिवस में कुल 53 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से पांच शिकायतों का निस्तारण किया गया। थाना गिलौला में 10 शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें एक का निस्तारण किया गया।

इकौना में प्राप्त छह शिकायतों में से किसी का समाधान नहीं हुआ। मल्हीपुर में पांच शिकायत मिली किसी का समाधान नहीं हुआ। सिरसिया में प्राप्त 10 शिकायत में से तीन का निस्तारण किया गया। कोतवाली भिनगा में नौ, थाना सोनवा में छह व हरदत्त नगर गकरंट में चार शिकायती पत्र मिले। किसी का समाधान नहीं हो सका। वहीं नवीन मॉडर्न थाना श्रावस्ती में प्राप्त तीन शिकायतों में से एक का मौके पर निस्तारण कराया गया।

# 37 वाहनों का चालान

श्रावस्ती। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस क ओर से अभियान चलाया गया। विभिन्न स्थानों पर बैरियर व चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग गई। जिसके तहत विभिन्न चेक पोस्टों पर वाहनों की चेकिंग की दौरान 37 वाहनों का मोटर ई-चालान किया गया। जिनसे 91500/- का शमन किया गया।

# शांति भंग में नौ का चालान

श्रावस्ती। विभिन्न थाना क्षेत्रों से शांतिभंग करने के आरोप में कुल 09 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही रिपोर्ट भेजी गई।

# सपा प्रमुख अखिलेश यादव का भाजयुमो ने फूंका पुतला

- सैकड़ो कार्यकर्त्ताओं ने भाजपा कार्यालय से जुलूस निकाला
- बयान से जिले का सियासी माहौल गरम हो गया है

श्रावस्ती, संवाददाता। समाजवादी पार्टी के प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के मठाधीश व माफिया की तुलना वाले बयान से जिले का सियासी माहौल गरम हो गया है। उनके इस बयान से नाराज भाजयुमो ने जुलूस निकाल प्रदर्शन किया। साथ ही अखिलेश यादव का पुतला दहन कर विरोध जताया।

भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिओम तिवारी के नेतृत्व में शनिवार को सैकड़ो कार्यकर्त्ताओं ने भाजपा कार्यालय से जुलूस निकाल कर अखिलेश यादव के विरुद्ध मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही कलेक्ट्रेट स्थित बगुराइयां मोड़ पहुंच कर सपा प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष हरिओम तिवारी ने कहां कि देश के संतों का अपमान ना ही देश का हिन्दू स्वीकार करेगा और ना ही भारतीय जनता पार्टी। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सीधे तौर पर मठों के संतों की तुलना गुंडों और माफियाओं के साथ की है जो बेहद निन्दनीय है। अखिलेश यादव को अपने इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। क्योंकि यह सिर्फ संत समाज का ही अपमान नहीं है बल्कि संतों में अपनी आस्था रखने वाले करोड़ो हिन्दुओं का अपमान है।

वहीं जिला मीडिया प्रभारी शशि शंकर शर्मा बब्बू ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव का हिन्दू विरोधी चेहरा एक बार फिर सामने आया है। हिन्दू साधु-संतों की तुलना माफियाओं से करके उन्होंने भारत की महान गौरवशाली सनातन परम्परा को अपमानित करने की कोशिश की है। अपने इस महापाप के लिए उन्हें तुरंत पूरे संत समाज से माफी मांगनी चाहिए। इस मौके पर जिला महामंत्री राना प्रताप सिंह, पवन आजाद, जिला उपाध्यक्ष अजयपाल, जीतेन्द्र मिश्रा, दीपक चौबे, उमेश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# मजदूरी करने पंजाब गए युवक का शव दिल्ली में मिला

**इकौना।** रोजी रोटी की तलाश में पंजाब गए एक युवक का शव दिल्ली के रेलवे स्टेशन के बाहर पार्किंग में पाया गया। पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव घर लाया गया। शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जिसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम नरायनजोत निवासी दीपक नाई (29) पुत्र जगराम दो वर्ष पहले मजदूरी करने के लिए पंजाब गया हुआ था। जहां रहकर वह मजदूरी मेहनत करता था। बीते शनिवार को संदिग्ध अवस्था में दीपक का शव



मृतक दीपक (फाइल फोटो)

दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने स्थित पार्किंग स्थल से बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची दिल्ली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया था। पुलिस शव की पहचान नहीं कर पाई थी। शव मर्चरी हाउस में रखा दिया गया। दीपक के जेब से मिले आधार कार्ड के जरिए परिजनों की तलाश करते हुए दिल्ली पुलिस के दो पुलिसकर्मी मंगलवार को उसके घर नरायनजोत पहुंच कर शिनाख्त कराई तो परिजनों ने शव की पहचान दीपक के रूप में किया। इसके बाद परिजनों ने दिल्ली में रह रहे रिस्तेदारों से सम्पर्क किया। रिस्तेदार दीपक का शव लेकर गुरुवार देर रात को घर पहुंचे। शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शुक्रवार देर शाम तक शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों का कहना है कि दीपक दो साल से पंजाब में रहकर मजदूरी करता था। लेकिन उसका शव दिल्ली रेलवे स्टेशन के बाहर पार्किंग से बरामद हुआ है। वह दिल्ली कैसे पहुंचा इसकी कोई जानकारी नहीं है।

इससे उसकी मौत पर उन्हें आशंका हो रही है। दीपक पंजाब में वाहन चलाने का काम करता था। वह अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी मौत से पत्नी बच्चों के साथ ही माता पिता का सहारा छिन गया है।

# बाल श्रम व भिक्षावृत्ति के विरुद्ध चलाया अभियान

**श्रावस्ती।** बाल श्रम मुक्त, बाल विवाह रोकथाम, मानव तस्करी विरोधी जागरूकता अभियान तथा एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटीयू मोहम्मद यूनुस आजम ने कोतवाली भिनगा के लव विद्या पीठ व शिवालिक महाविद्यालय खरगौरा में चौपाल लगाकर बच्चों को बालश्रम उन्मूलन अभियान, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बालविवाह रोकथाम जनजागरुकता अभियान बंधुआ मजदूरी आदि के संबंध में जानकारी दी गई। इस मौके पर उप निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय, महिला उनि पुष्पलता, आरक्षी देवेंद्र कुमार मौर्य, आरक्षी विश्वनाथ प्रताप व, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, महिला आरक्षी काजल, आ0 अवध किशोर आदि मौजूद रहे।

# 'साधु-संतों का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान'

जासं.श्रावस्ती/बहराइच : मठाधीश और माफिया में ज्यादा फर्क नहीं होता। पूर्व सीएम व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के इस बयान से नाराज भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। कलेक्ट्रेट गेट के पास पूर्व सीएम का पुतला जलाकर कहा कि साधु-संतों का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान।

भाजपा कार्यालय से युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिओम तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ता जुलूस निकाल कर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट गेट पर पहुंचे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संतों का अपमान हिन्दू समाज स्वीकार नहीं करेगा। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सीधे तौर पर मठों के संतों की तुलना गुंडों और माफिया के साथ की है। यह निंदनीय है।

**कार्रवाई की मांग** : सपा नेता व कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रहे भगतराम मिश्र ने दैनिक जागरण से वार्ता कर पुतला दहन की निंदा करते हुए बताया कहा कि पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में पुतला दहन किया गया है। पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। सूचना एसपी घनश्याम चौरसिया को भी दी है।

**बहराइच** : डीएम चौराहे पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का भाजयुमो ने पुतला फूंका। जिला संयोजक अरुणेंद्र सिंह अंकित के नेतृत्व में नारेबाजी की गई। जिला संयोजक ने कहा कि पूर्व सीएम का साधु-संतों के विरुद्ध अमर्यादित बयान उनके मानसिक रूप से दिवालियापन को दर्शाता है।

# श्री गणेश की महाआरती के लिए उमड़े नगरवासी

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** जिले में विभिन्न स्थानों पर श्री गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। भिनगा के व्यास भवन पर शुक्रवार रात महाआरती का आयोजन किया गया। शंकरी सिंह चौराहे पर आयोजित गणेश पूजा में भंडारे का आयोजन हुआ। शनिवार कई स्थानों पर श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली गई।

भिनगा के व्यास भवन पर आयोजित श्री गणेश पूजा में शुक्रवार रात मोदक व लड्डू का महाभोग लगाया गया। इसके बाद महाआरती का आयोजन हुआ। इसमें नगर की महिलाओं, युवतियों व बालिकाओं ने आरती थाल सजाकर विघ्नहर्ता की आरती उतारी।

इस दौरान आरती थाल सजावट की प्रतियोगिता हुई। इसमें सुभांशी प्रथम, पूजा द्वितीय व निधि को तृतीय स्थान मिला। जिन्हें श्री गणेश की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया।

वहीं आकांक्षा, विनीता, वैशन्वी, स्मिता, मानवी व महक को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। शंकरी सिंह चौराहे पर आयोजित श्री गणेश पूजा में भंडारे का आयोजन हुआ। गुड़िया मोहल्ला व सर्वामाई धाम पर चल रहे गणेश पूजा में आरती पूजन कर प्रसाद वितरण हुआ।

लक्ष्मण नगर में चल रहे गणेश पूजा में साध्वी दिव्यांशी ने श्री गणेश महिमा का गुणगान किया। इसी क्रम में तुलसीपुर, इकौना, जमुनहा, सिरसिया सहित अन्य स्थानों पर श्री गणेश पूजा महोत्सव के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।

वहीं कटरा के महावीर स्थान पर स्थापित श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। जो कटरा बाजार होते हुए राप्ती नदी के मथुरा घाट पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गौरीसुत को जलाधिवास कराया गया।

वहीं सोनवा के ग्राम गिलौली में स्थापित गणेश प्रतिमा का राप्ती नदी के भकला घाट पर नम आंखों से जलाभिषेक कराया गया।



भव्यास भवन में आयोजित आरती थाल प्रतियोगिता में मौजूद बच्चियां अपनी आरती की थाल के साथ। संवाद

## 301 बालिकाओं ने की महाआरती

**रुपईडीहा (बहराइच)।** श्री बाल संगठन गणेश पूजा समिति ने स्टेशन रोड रुपईडीहा में सजे पंडाल में शनिवार को धूमधाम से गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना की। इस दौरान लगभग 301 बालिकाओं ने महाआरती की। इसमें नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य व ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह भी शामिल हुए। विशेष आरती नेवलगंज के श्याम मंदिर के महंत ने विधिविधान से की। इस मौके पर रतन अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, नरेंद्र मद्धेशिया, बबलू मद्धेशिया, आदर्श जायसवाल, विजय गुप्ता व अनिल अग्रवाल आदि शामिल हुए। (संवाद)

## घर में पधारो गजानन जी...

**बहराइच।** जिले में गणेश महोत्सव की धूम है। शहर के खत्रीपुरा, मां संकटरिणी देवी मंदिर के पास, ब्राह्मणीपुरा व लखनऊ रोड समेत अनेक स्थानों पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजन-अर्चन किया जा रहा है। पंडालों में गीत- घर में पधारो गजानन जी... व गणपति बप्पा मोरया... गूंज रहे हैं। लोग परिवार समेत पंडालों में बप्पा का दर्शन-पूजन करने के लिए पहुंच रहे हैं। (संवाद)



बशीरगंज मोहल्ले में गणेश आरती में शामिल श्रद्धालु। संवाद

# देवर समेत तीन पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

गिलौला (श्रावस्ती)। देवर, ससुर व चचेरे ससुर ने दुष्कर्म किया। गर्भपात कराने के बाद आरोपी फिर से शारीरिक शोषण कर रहे हैं। किसी तरह जान बचाकर शनिवार को गिलौला थाने पहुंची पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

**ससुरालीजनों की प्रताड़ना से तंग आकर पुलिस को दी सूचना**

इकौना थाना क्षेत्र निवासी युवती का विवाह करीब बारह वर्ष पूर्व हुआ था। उसका बेटा करीब दस साल का है। बेटा जब चार माह का था, तभी पति ने आत्महत्या कर ली थी। तब से वह बेटे के साथ ससुराल में ही रहती है। आरोप है कि उसकी मजबूरी का फायदा उठाकर ससुर, ससुर का भाई व देवर ने कई बार दुष्कर्म किया।

इसके बाद जब वह गर्भवती हुई तो किढ़िहौना चौराहा स्थित एक निजी चिकित्सक से गर्भपात करा दिया गया। आरोपी अब भी डरा-धमका कर शारीरिक संबंध बनाते हैं। इसका विरोध करने पर मारापीटा जाता है।

किसी तरह ससुरालीजनों के चंगुल से बचकर गिलौला थाने पहुंची पीड़िता ने आरोपी देवर, ससुर व चचेरे ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक महिमा नाथ उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।